रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 132] नई दिल्ली, बुधवार, अप्रैल 13, 2016/चैत्र 24, 1938
No. 132] NEW DELHI, WEDNESDAY, APRIL 13, 2016/CHAITRA 24, 1938

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

अधिसूचना

मुम्बई, 31 मार्च, 2016

सं. टीएएमपी/22/2015–एनएमपीटी .—महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 48 और 50 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण एतद्द्वारा संलग्न आदेशानुसार, न्यू मेंगलूर पत्तन न्यास से उसके दरमानों के संशोधन हेतु प्राप्त प्रस्ताव का निपटान करता है।

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण
मामला सं. टीएएमपी/22/2015–एनएमपीटी

न्यू मेंगलूर पत्तन न्यास —— आवेदक

कोरम:

(i) श्री टी.एस. बालसुब्रमनियन, सदस्य (वित्त)
(ii) श्री रजत सचर, सदस्य (अर्थशास्त्र)

आदेश
(फरवरी, 2016 के 27वें दिन पारित)

यह मामला न्यू मेंगलूर पत्तन न्यास (एनएमपीटी) से उसके दरमानों (एसओआर) के सामान्य संशोधन हेतु प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 18 मार्च, 2015 से संबंधित है।

2. एनएमपीटी का मौजूदा एसओआर इस प्राधिकरण द्वारा आदेश सं. टीएएमपी/34/2010–एनएमपीटी दिनांक 6 जनवरी, 2012 द्वारा अंतिम बार अनुमोदित किया गया था। उक्त आदेश में निर्धारित एनएमपीटी के एसओआर की वैधता 31 मार्च, 2015 है। एसओआर की वैधता आदेश सं. टीएएमपी/34/2010–एनएमपीटी दिनांक 10 नवम्बर, 2015 द्वारा 31 दिसम्बर, 2015 तक विस्तारित की गई थी।

3. कार्गो प्रहस्तन, पोत तथा विविध सेवाएं प्रदान करने के लिए एसओआर के निर्धारण हेतु सभी महापत्तन न्यास 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों द्वारा शासित किए गए थे। पोत परिवहन मंत्रालय (एमओएस) ने महापत्तन न्यास (एमपीटी) अधिनियम, 1963 की धारा 111 के अधीन अपने पत्र सं. 8(1)/2014–टीएएमपी दिनांक 13 जनवरी, 2015 द्वारा महापत्तन न्यासों के लिए प्रशुल्क के निर्धारण हेतु नई प्रशुल्क नीति, 2015 जारी की थी। उक्त नीति निदेश के अनुपालन में, इस प्राधिकरण ने राजपत्र सं. 30 दिनांक 27 जनवरी, 2015 द्वारा भारत के राजपत्र में महापत्तनों हेतु प्रशुल्क नीति, 2015 अधिसूचित की थी। 2015 की प्रशुल्क नीति 13 जनवरी, 2015 से लागू की गई थी।

उसके बाद, प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 1.5 के अनुसार, प्रशुल्क नीति को लागू करने के लिए कार्यगत दिशानिर्देशों को सभी महापत्तन न्यासों के साथ विचार–विमर्श से अंतिम रूप दिया गया था और 4 जून, 2015 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया था।

4.1. इस परिप्रेक्ष्य में, एनएमपीटी ने प्रशुल्क नीति 2015 का अनुसरण करते हुए अपने एसओआर के सामान्य संशोधन हेतु अपने पत्र दिनांक 18 मार्च, 2015 द्वारा अपना प्रस्ताव दाखिल किया था। एनएमपीटी ने अपने सामान्य संशोधन प्रस्ताव के संबंध में निम्नलिखित पूर्वानुमान/निवेदन किए थे:

(i) टीएएमपी की प्रशुल्क नीति, 2015 के अनुसार, प्रहस्तित कार्गो और केपटिव बर्थों से अर्जित राजस्व पर विचार नहीं किया गया है। एनएमपीटी में निम्नलिखित केपटिव बर्थ हैं:–
   (क) बर्थ सं. 08 – कुद्रेमुख ऑयरन ऑर कम्पनी लि0 (केआईओसीएल)
   (ख) बर्थ सं. 15 – उडुपी पावर कारपोरेशन लि0 (यूपीसीएल)

(ii) अमेरिकी डॉलर दर, जहां कहीं लागू हो, रु0 61/– सुविचारित की गई है।

(iii) पत्तन देयताओं, बर्थ किराया, स्थानांतरण प्रभारों के परिकलन हेतु जीआरटी अप्रैल, 2014 से फरवरी, 2015 तक अर्थात् 12 महीनों में विधिवत् बहिर्वेशित 11 माह तक प्रहस्तित वास्तविक जीआरटी के आधार पर निर्धारित किया गया है। घाटशुल्क प्रभारों के परिकलन हेतु कंटेनर यातायात 11 माह के लिए उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर 12 महीनों में बहिर्वेशित किया गया है।

(iv) पत्तन देयताएं 15 वर्षों (5 प्रशुल्क चक्रों) से संशोधित नहीं की गई हैं। सिंगल प्वाइंट मूरिंग (एसपीएम) प्रस्ताव के समय किए गए लागत करण के आधार पर, पत्तन की पत्तन देयताएं तदनुसार संशोधित की गई हैं।

(v) घाटशुल्क प्रभारों के परिकलन हेतु, वर्ष 2014–15 के लिए कार्गो के संशोधित अनुमान केआईओसीएल तथा यूपीसीएल के अलावा सुविचारित किए गए हैं।

4.2 एनएमपीटी ने प्रपत्र 3 में प्रस्तावित दर पर राजस्व अनुमानन और प्रपत्र 1 के अधीन वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) का विस्तृत परिकलन भेजा गया है।

(i) एनएमपीटी द्वारा प्रेषित एआरआर परिकलन की स्थिति का सार नीचे तालिकाबद्ध किया गया है:

(रु. लाखों में)

क्र.सं.	विवरण	वर्ष 1 (2011-12)	वर्ष 2 (2012-2013)	वर्ष 3 (2013-2014)
(1)	कुल व्यय (लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार)	26,586.10	27,981.89	27,979.29
(2)	घटाएं: रेलवे संबंधित व्यय	171.24	144.97	131.74
(3)	रेलवे व्ययों के अलावा कुल व्यय	**26,414.86**	**27,836.92**	**27,847.55**
(4) (a)	समायोजन घटाए:			
(i)	संपदा संबंधित व्यय	979.04	1070.98	1142.05
(ii)	ऋणों पर ब्याज	0.78	-	-
(iii)	एकमुश्त व्ययों, यदि कोई हों, का 4/5वां जैसे मजदूरी के बकाया, पेंशन/उपदान के बकाया, अनुग्रह अदायगी आदि			
	(क) डब्ल्यूआरसी बकाया	-	1,340.00	-
(iv)	पेंशन निधि में अंशदान का 4/5वां	3,812.00	3,520.00	2,160.00
(v)	प्रचालन व्यय तथा मूल्यह्रास के जोड़ के 25 प्रतिशत से ऊपर प्रबंधन तथा सामान्य उपरिव्यय	-	-	221.66
(vi)	प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 2.10 के अधीन शासित केपटिव बर्थ के प्रशुल्क निर्धारण हेतु प्रासंगिक व्यय, यदि कोई हों।	1,145.52	1,145.70	1,038.99
	कुल समायोजन	**5937.34**	**7076.68**	**4562.70**
(4) (ख)	जोड़े समायोजन:			
	रेलवे गतिविधि	171.24	144.97	131.74
(5)	कुल व्यय कुल समायोजनों के बाद **(5 = 3 - 4(क) + 4(ख))**	**20,477.52**	**20,760.24**	**23,284.85**
(6)	क्र.सं. 5 का औसत व्यय = [वाई1 + वाई2 + वाई3] / 3	21,507.54		
(7)	नियोजित पूंजी			
	(i) 31–03–2014 के अनुसार निवल अचल परिसंपत्तिया (लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार)	61,480.49		
	(ii) जोड़े: 31–03–2014 के अनुसार प्रगतिधीन कार्य (लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार)	7,153.06		

	(iii) घटाएं: लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार 31–03–2014 के अनुसार संपदा गतिविधि से संबंधित अचल परिसंपत्तियों का निवल मूल्य	3,245.65
	(iv) घटाएं: लेखापरीक्षित लेखों के अनुसार 31 मार्च, 2014 के अनुसार बीओटी प्रचालक को अंतरित निवल परिसंपत्तियों, यदि कोई हो, का निवल मूल्य	-
	(v) घटाएं: प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 2.10 के अधीन केपटिव बर्थों, यदि कोई हों, के लिए सुविचारित किए जाने वाले लेखापरीक्षित लेखों के अनुसार 31 मार्च, 2014 को अचल परिसंपत्तियों का निवल मूल्य	2,538.29
	(vi) जोड़ें: कार्य दिशानिर्देशों के खंड 2.5 में निर्धारित प्रतिमानकों के अनुसार कार्य पूंजी	3,106.31
	(vii) कुल नियोजित पूंजी	65,955.92
(8)	क्र.सं. **7(vii)** नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ **16%**	10,553.00
(9)	31 मार्च, 2014 को वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) **[(6)+ (8)]**	32,060.54
(10)	वर्ष 2014–15 के लिए लागू डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत की दर से एआरआर में सूचकांकन	**6.30%**
(11)	अधिकतम सूचकांकित वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर)	**34,080.00**

(ii) (क) एनएमपीटी ने वर्ष 2014–15 (अर्थात् 12 महीनों के लिए बहिर्वेशित अप्रैल, 2014 से फरवरी, 2015 तक) के वास्तविक यातायात के लिए प्रस्तावित प्रशुल्क के साथ–साथ मौजूदा प्रशुल्क के लिए राजस्व अनुमानन की विस्तृत गणना प्रपत्र 3 में भेजी थी। उक्त प्रपत्र के अनुसार, पंजीकृत कार्गो हैंडलिंग लेबर विंग से कार्गो प्रहस्तन कामगार की आपूर्ति के लिए कार्गो, पोत, विविध प्रभारों, वसूली से प्रस्तावित प्रशुल्क पर अनुमानित कुल राजस्व रु0 34.049 लाख है।

(ख) प्रस्तावित प्रशुल्क पर राजस्व अनुमानन के संदर्भ में, एनएमपीटी ने बताया है कि संशोधित दर निम्नलिखित मदों के लिए प्रस्तावित की गई है परन्तु राजस्व अनुमानित नहीं है:

(i) पोतों के विराम प्रभार।
(ii) यथामूल्य आधार पर प्रहस्तित कार्गो के लिए घाटशुल्क।
(iii) प्रस्तावित नई मदों के लिए घाटशुल्क, जिसमें 2014–15 के लिए कोई पूर्वानुमान नहीं दिया गया है।
(iv) कटेनरों का भंडारण और रि–स्टो प्रभार।
(v) रीफर कंटेनरों के लिए बिजली एवं अनुवीक्षण प्रभार।
(vi) विलंबशुल्क प्रभार।
(vii) पानी की आपूर्ति के लिए प्रभार।
(viii) बर्थ के समीप बंकरिंग सुविधा के उपयोग के लिए प्रभार।
(ix) सीएंडएफ/स्टीमर एजेंसी को लाइसेंस जारी करने के लिए शुल्क।
(x) पत्तन की सीमाओं के भीतर लॉचों एवं टगों के किराये के लिए प्रभार।
(xi) कार्गो प्रहस्तन उपस्कर के लिए किराया प्रभार।
(xii) निजी प्रचालकों द्वारा संस्थापित हारबर मोबाइल क्रेनों के उपयोग के लिए प्रभार।
(xiii) हारबर परिसर में फोटो लेने अथवा फिल्मों की शूटिंग के लिए प्रभार।
(xiv) घाट में प्रवेश के लिए पास/लाइसेंस जारी करने के शुल्क।
(xv) भारतोलन मान के किराये और भार प्रमाणपत्र जारी करने के लिए शुल्क।
(xvi) धर्मकांटों के उपयोग हेतु प्रभार।
(xvii) प्रवेश और निकासी प्रमाणपत्र जारी करने हेतु प्रभार।
(xviii) नए सिरे से प्रस्तावित कार्गो के मामले में प्रति टन लेवी जिसके लिए वर्ष 2014–15 हेतु पूर्वानुमान नहीं दिया गया है।
(xix) पत्तन के स्वामित्व वाले हारबर मोबाइल क्रेन के उपयोग हेतु प्रभार।

(iii) अनुमानित एआरआर की पूर्ति के लिए मौजूदा दरमानों में प्रस्तावित वृद्धि/कटौती:

(क) पोत संबंधित प्रभार:

जलयानों/स्टीमरों के लिए सिवाय पत्तन देयताएं सभी प्रशुल्क मदों में प्रस्तावित 18 प्रतिशत वृद्धि – विदेशगामी पोतों के लिए 132 प्रतिशत – और तटीय पोतों के लिए 425 प्रतिशत।

(ख) कार्गो संबंधित प्रभार:

सभी निर्यात कार्गो और मार्शलिंग यार्ड उपयोग प्रभारों के लिए विलंबशुल्क के सिवाय सभी प्रशुल्क मदों में 18 प्रतिशत वृद्धि प्रस्तावित की गई है और विलंबशुल्क में 33 प्रतिशत वृद्धि प्रस्तावित की गई है। इस आधार पर मार्शलिंग यार्ड के उपयोग के लिए 100 प्रतिशत वृद्धि प्रस्तावित की गई है कि यह प्रभार 1995 में संशोधन के बाद पिछले 20 वर्षों के लिए प्राप्त नहीं किया गया था। यह कुछ नई प्रशुल्क मदों के लिए प्रस्तावित प्रशुल्क भी है।

(ग) विविध प्रभारः
पोर्ट लॉरी व्हे ब्रिज पर कार्गो के भारतोलन के लिए धर्मकांटों के उपयोग हेतु प्रभारों के सिवाय सभी प्रशुल्क मदों में 18 प्रतिशत वृद्धि जिसके लिए मौजूदा प्रशुल्क जारी रखने का प्रस्ताव किया गया है।

(घ) आरसीएचडी से कार्गो प्रहस्तन कामगारों की आपूर्ति हेतु प्रभारः मौजूदा एसओआर में 18 प्रतिशत वृद्धि प्रस्तावित की गई है। एनएमपीटी ने कुछ नई प्रशुल्क मदों के लिए भी प्रशुल्क प्रस्तावित किया है।

(ङ) पत्तन स्वामित्व वाली मोबाइल हारबर क्रेन द्वारा कार्गो/कंटेनरों के प्रहस्तन हेतु प्रभार टीएएमपी का पहले से प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव के अनुसार प्रस्तावित किया गया है।

(iv) प्रपत्र–5 में एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित कार्यनिष्पादन मानक निम्नवत् हैं:–

क्र.सं.	कार्यनिष्पादन पैरामीटर	अर्जित कार्यनिष्पादन (2014-15)	प्रस्तावित कार्यनिष्पादन मानक (2015-16)
(1)	कार्गो संबंधित सेवाएं		
(क)	प्रमुख कार्गो समूहों के मामले में औसत जलयान बर्थ दिवस आउटपुट (टनों में)		
	(i) कंटेनर	5438	5500
	(ii) ब्रेक बल्क	1232	1300
	(iii) शुष्क बल्क (मेक.)	17268	17300
	(iv) शुष्क बल्क (कन्व.)	12566	12600
	(v) द्रव बल्क	29359	29500
	समग्र	18906	19000
(ख)	कंटेनरों के मामले में औसत फेरे प्रति घंटा (टीईयू में)	एन.ए.	एन.ए.
(2)	पोत संबंधित सेवाएं		
(क)	पोतों का औसत वापसी समय (दिनों में)		
	(i) कंटेनर	1.60	1.55
	(ii) ब्रेक बल्क	3.28	3.20
	(iii) शुष्क बल्क (मेक.)	3.04	3.00
	(iv) शुष्क बल्क (कन्व.)	4.13	4.00
	(v) द्रव बल्क	2.13	2.10
	समग्र	2.55	2.50
(ख)	पोतों का औसत बर्थिंग–पूर्व समय (दिनों में)		
	(i) कंटेनर	0.04	0.04
	(ii) ब्रेक बल्क	0.51	0.50
	(iii) शुष्क बल्क (मेक.)	0.65	0.63
	(iv) शुष्क बल्क (कन्व.)	0.66	0.65
	(v) द्रव बल्क	0.73	0.72
	समग्र	0.63	0.62
(3)	पत्तन द्वारा प्रासंगिक पाए गए कोई अन्य पैरामीटर	--	--
(4)	बर्थ के निष्क्रिय समय का %		
	(i) कंटेनर	9.69	9.65
	(ii) ब्रेक बल्क	17.51	17.45
	(iii) शुष्क बल्क (मेक.)	12.71	12.70
	(iv) शुष्क बल्क (कन्व.)	9.08	9.05
	(v) द्रव बल्क	18.83	18.80
	समग्र	14.12	14.10

5.1. प्रस्ताव की प्रारंभिक संवीक्षा के आधार पर, यह देखा गया था कि एनएमपीटी के प्रस्ताव में कुछ सूचना अन्तराल/विसंगति हैं। अतः हमारे पत्र दिनांक 31 मार्च 2015 द्वारा एनएमपीटी से प्रशुल्क नीति, 2015 के प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए प्रत्युत्तर का अनुरोध किया गया था। एनएमपीटी ने अपने पत्र दिनांक 18 मई, 2015

द्वारा प्रत्युत्तर दिया था। इसके अलावा, एनएमपीटी ने भी संशोधित प्रस्ताव दाखिल किया था। हमारे द्वारा मांगी गई सूचना/स्पष्टीकरण और एनएमपीटी द्वारा दिए गए बिन्दुवार उत्तर का सार नीचे तालिकाबद्ध किया गया है:–

क्र.सं.	हमारे द्वारा मांगी गई सूचना/स्पष्टीकरण	एनएमपीटी से प्राप्त उत्तर
(i)	प्रशुल्क नीति, 2015 के खंडों 2.1. और 2.6. के अनुसार, प्रपत्र 1 में वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) का परिकलन और प्रपत्र 3 में प्रस्तावित दरमानों में राजस्व अनुमानन प्रैक्टिस कर रहे सनदी लेखाकार/लागत लेखाकार द्वारा प्रमाणित किया जाना है। यह नहीं किया गया है। एनएमपीटी प्रशुल्क नीति, 2015 में यथा अपेक्षित प्रैक्टिस कर रहे सनदी लेखाकार/लागत लेखाकार द्वारा प्रमाणित ये परिकलन प्राप्त करे।	प्रैक्टिस कर रहे सनदी लेखाकार/लागत लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित प्रपत्र 1 में वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) और प्रपत्र 3 में प्रस्तावित दरमानों में राजस्व अनुमानन भेजे गए हैं।
(ii)	एआरआर का अनुमान लगाने के समय यह देखा गया है कि एनएमपीटी ने वर्ष 2014–15 के लिए इस प्राधिकरण द्वारा घोषित 6 प्रतिशत वार्षिक सूचकांकन कारक जिसके बारे में एनएमपीटी सहित सभी महापत्तन न्यासों को पहले ही संप्रेषित किया गया था और इस प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड भी किया गया था, की बजाय वर्ष 2014–15 के लिए 6.30 प्रतिशत सूचकांकन कारक लागू किया गया है। एनएमपीटी सही सूचकांकन कारक लागू करते हुए एआरआर परिकलन संशोधित करे। परिणामस्वरूप, एनएमपीआी प्रस्तावित प्रशुल्क भी संशोधित करे जिसमें बदलाव किया जाएगा।	वर्ष 2014–15 के लिए 6 प्रशित वार्षिक सूचकांकन कारक लागू करते हुए एआरआर परिकलन संशोधित किया गया है।
(iii)	कुछ प्रशुल्क मदों के लिए, हालांकि संशोधित दर प्रस्तावित की गई है, इसने इसके लिए राजस्व का अनुमान नहीं लगाया है। एनएमपीटी अपने द्वारा सूचीबद्ध इन मदों से किसी राजस्व पर विचार नहीं करने के कारण बताएं। यदि एनएमपीटी ने पिछले तीन वर्षों में इन मदों से राजस्व अर्जित किया है तो एनएमपीटी मौजूदा प्रशुल्क चक्र के लिए भी राजस्व का अनुमान लगाए।	प्रस्तावित एसओआर में निर्दिष्ट एनएमपीटी में प्रहसितत किए जाने के लिए परिकल्पित नई मदों हेतु, अधिकांश कार्गो नई प्रकृति के हैं और प्रहस्तित किए जाने वाले यातायात का अनुमान नहीं लगाया जा सकता क्योंकि कार्गो के लिए कोई निश्चित प्रतिबद्धता नहीं है। तथापि, इन नई मदों के लिए दर उसी प्रकृति/श्रेणी के आधार पर प्रस्तावित की गई है जिसमें यह आती है। इसी तरह, अलग से ब्योरों की उपलब्धता की कमी की वजह से अनुमान सूची के क्र.सं. 12 में यथा विनिर्दिष्ट राजस्व का निर्धारण नहीं किया जा सका था।
(iv)	एनएमपीटी ने अपने प्रस्ताव में बताया है कि प्रशुल्क नीति, 2015 के अधीन यथा अपेक्षित प्रस्तावित प्रशुल्क में राजस्व अनुमानन हेतु, 2014–15 के यातायात आंकड़े अप्रैल, 2014 से फरवरी, 2015 अवधि अर्थात् 11 माह एवं 12 महीनों के लिए बहिर्वेशित हेतु वास्तविकताओं के आधार पर विचार किए गए हैं। इस संबंध में, एनएमपीटी निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार करे: (क) चूंकि वर्ष 2014–15 समाप्त होने को आ रहा है, इसलिए एनएमपीटी सम्पूर्ण वर्ष 2014–15 के आंकड़ों से यातायात आंकड़े अद्यतन करने पर विचार करें। (ख) प्रपत्र 3 में, कृपया कार्गो प्रहस्तन प्रभार से राजस्व अनुमानन हेतु सुविचारित कुल कार्गो यातायात (टनों में) भेजे। यह भी पुष्टि करे कि इस रूप में सुविचारित कुल यातायात वर्ष 2014–15 हेतु पत्तन द्वारा प्रहस्तित वास्तविक कुल यातायात से मेल खाता है। यदि, किसी कैपटिव कार्गो बर्थ जैसे केआईओसीएल का यातायात अलग रखा गया है क्योंकि ऐसे कार्गो के लिए प्रशुल्क अलग से निर्धारित किया गया है, तो यह अवश्य अलग से दर्शाया जाना चाहिए। संक्षेप में, यदि पत्तन द्वारा वास्तविक कुल यातायात प्रहस्तित किया जाता है तो किए गए ऐसे समायोजनों हेतु कारण देते हुए राजस्व अनुमानन के लिए सुविचारित यातायात से मिलान किया जाना चाहिए। (ग) इसी तरह, प्रपत्र 3 में, कृपया पोत संबंधित प्रभारों (जीआरटी में) के राजस्व अनुमानन हेतु सुविचारित पोतों का कुल जीआरटी भेजे। यह भी पुष्टि करें कि इस रूप में ऐसे सुविचारित पोत का कुल जीआरटी पत्तन द्वारा वर्ष 2014–15 के लिए प्रहस्तित पोत के वास्तविक कुल जीआरटी से मेल खाता है।	2014–15 के राजस्व अनुमानन हेतु, पोतों का वास्तविक यातायात (टनों में) और पोतों के वास्तविक जीआरटी पर विचार किया गया है, सिवाय केपटिव बर्थों में कार्गो का प्रहस्तन।
(v)	प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 4.1 के अनुसार, (i) पूर्ववर्ती प्रशुल्क आदेशों में टीएएमपी द्वारा मूल्यांकित अतिरिक्त अधिशेष जो असमायोजित रह गया था, को पत्तन न्यास की इच्छानुसार किसी निधि में महापत्तन न्यास द्वारा अंतरित किया जाना है, और, इसके अलावा (ii) नई नीति के अधीन निर्धारित नए दरमानों के कार्यान्वयन की प्रभावी तारीख तक मौजूदा दरमानों	जहां तक एनएमपीटी का संबंध है, इसमें केवल घाटा है और पूर्व प्रशुल्क आदेशों में टीएएमपी द्वारा अतिरिक्त अधिशेष मूल्यांकित नहीं किया गया है। टीएएमपी भविष्य समायोजन के लिए वर्ष 2012–13 से 2014–15 तक 3 वर्षों की अवधि के लिए पूर्व टीएएमपी आदेश में यथा मूल्यांकित रु0 120.75 करोड़ के घाटे की स्वीकृति प्रदान करे। इसी तरह, इस संशोधन के लंबित रहने के दौरान कोई अतिरिक्त अधिशेष

	के लागू होने की अवधि के दौरान महापत्तन न्यासों को प्रोद्भूत अतिरिक्त अधिशेष, यदि कोई हो, मूल्यांकित किया जाना चाहिए और सामान्य आरक्षित में अंतरित की जानी चाहिए तथा पत्तन अवसंरचना सुविधों के विकास, सृजन तथा/अथवा आधुनिकीकरण के लिए निधियों का उपयोग होना चाहिए। इस प्रयोजन के लिए, एनएमपीटी उक्त प्रशुल्क नीति के खंड 4.1. के अधीन यथा अपेक्षित उपर्युक्त (ii) के लिए अतिरिक्त अधिशेष का मूल्यांकन करे और सूचना के लिए टीएएमपी को भेजे।	प्रोद्भूत होता है तो इसे सामान्य आरक्षण में अंतरित किया जाएगा और पत्तन अवसंरचना सुविधाओं के आधुनिकीकरण हेतु उपयोग किया जाएगा।

5.2. एनएमपीटी ने दरमानों के संशोधन हेतु पूर्ववर्ती प्रस्ताव अनुमोदित करते हुए 30 मार्च, 2015 को अपने न्यासी बोर्ड द्वारा पारित बोर्ड संकल्प सं. 214/2014–15 की प्रति भी संलग्न की है।

5.3. एनएमपीटी ने अपने मार्च, 2015 प्रस्ताव में अपने दिए गए पूर्वानुमानों को दोहराया है और इसलिए दोबारा प्रस्तुत नहीं किया गया है। तथापि, पूर्वानुमान जो संशोधित/नए सिरे से शामिल किए गए हैं, नीचे दिए गए हैं:–

(i) बर्थ किराया प्रभारों के परिकलन के लिए पत्तन देयताओं एवं स्थानांतरण प्रभारों, बर्थ किराया एवं औसत जीआरटी के परिकलन हेतु जीआरटी मार्च, 2015 के प्रस्ताव में अप्रैल, 2014 से फरवरी, 2015 हेतु वास्तविकताओं के आधार पर सुविचारित बर्हिवेशित आंकड़ों के विरूद्ध अप्रैल, 2014 से मार्च 2015 तक वास्तविक आकड़ो पर आधारित है।

(ii) पोत संबंधित प्रभार पिछले 2 प्रशुल्क चक्रों के लिए संशोधित नहीं किए गए हैं।

(iii) कंटेनरों के मामले में, 2014–15 के दौरान प्रहस्तित वास्तविकताओं पर घाटशुल्क प्रभारों के परिकलन पर विचार किया गया है।

5.4. एनएमपीटी ने प्रशुल्क मदों की सूची दोहराई है जहां संशोधित दर प्रस्तावित की गई हैं परन्तु राजस्व अनुमानित नहीं किया गया है। इसलिए प्रशुल्क मदों की सूची दोबारा प्रस्तुत नहीं की गई है।

5.5 संशोधित प्रस्ताव के अनुसार, एनएमपीटी द्वारा अनुमानित एआरआर पहले अनुमानित रु0 34,080 लाख के स्थान पर रु0 33,552 लाख है। एआरआर का परिकलन करने के लिए संशोधित लागत विवरण में, एनएमपीटी ने अपने मार्च, 2015 प्रस्ताव में सुविचारित 6.30 प्रतिशत के स्थान पर वर्ष 2014–15 के लिए 6 प्रतिशत का डब्ल्यूपीआई सूचकांकन लागू किया है। एनएमपीटी ने कोई अन्य संशोधन नहीं किया था।

5.6. एनएमपीटी ने दरमानों में प्रस्तावित वृद्धि भी संशोधित की थी। संशोधित दरमानों में प्रस्तावित संशोधित वृद्धि निम्नवत् है:–

(i) जलयानों/स्टीमरों हेतु पत्तन देयताएं प्रस्तावित वृद्धि विदेशगामी पोतों हेतु 132 प्रतिशत और तटीय पोत के लिए यह 425 प्रतिशत है जैसा इसके मूल प्रस्ताव में है।

(ii) सभी अन्य मदों के लिए, 25 प्रतिशत की एकसमान वृद्धि इसके मूल प्रस्ताव में प्रस्तावित 18 प्रतिशत वृद्धि के स्थान पर प्रस्तावित की गई है। [हालांकि एआरआर रु0 34,080 लाख से घटाकर रु0 33,552 लाख किया गया है, प्रस्तावित वृद्धि पूर्ण वर्ष 2014–15 के लिए सुविचारित वास्तविक यातायात के कारण मूल प्रस्ताव से अधिक है जोकि मूल प्रस्ताव में सुविचारित बहिवर्शित यातायात आंकड़ों से कम पाया गया है।]

(iii) कार्गो पर मार्शलिंग यार्ड और विलंबशुल्क प्रभारों हेतु प्रस्तावित वृद्धि क्रमशः 100 प्रतिशत (जैसाकि इसके मूल प्रस्ताव में है) और विलंबशुल्क के लिए 33.33 प्रतिशत (जैसाकि इसके मूल प्रस्ताव में है) है।

(iv) एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित दरमानों की नई श्रेणी निम्नवत् है:–

(क) पोतों के विराम प्रभार – एसपीएम गतिविधि के लिए अन्य पोत संबंधित प्रभार।

(ख) क्रूज पोतों से यात्रियों के चढ़ने और उतरने की दरें।

(ग) विलंबशुल्क – मोटर वाहनों/उपस्करों हेतु विराम समय प्रभार। (आयात/निर्यात/पोतांतरण)

(घ) बार्ज पार्किंग के लिए प्रभार

6.1. प्रशुल्क नीति दिशानिर्देश 2015 के खंड 5.2 के अनुसार, महापत्तन न्यास 15 दिनों के समय के भीतर प्रासंगिक पणधारी/उपयोक्ताओं की टिप्पणियों हेतु पत्तन एवं टीएएमपी का ईमेल पता देते हुए अपनी वेबसाइट में प्रस्तावित कार्यनिष्पादन मानकों के साथ मसौदा एसओआर डालेगा। इसलिए, एनएमपीटी से हमारे पत्र दिनांक 29 मई, 2015 द्वारा अनुरोध किया गया था कि 15 दिनों के समय के भीतर प्रासंगिक पणधारी/उपयोक्ताओं की टिप्पणियों हेतु पत्तन एवं टीएएमपी का ईमेल पता देते हुए अपनी वेबसाइट में प्रस्तावित कार्यनिष्पादन मानकों के साथ मसौदा एसओआर डाले। एनएमपीटी से यह अनुरोध भी किया गया था कि पत्र दिनांक 29 मई, 2015 में संलग्न सूची के अनुसार सभी प्रासंगिक उपयोक्ताओं/पणधारियों को इस बारे में सूचित करे और इस प्राधिकरण को भी सूचित करें जब कार्रवाई पूरी हो जाए। एनएमपीटी ने अपने पत्रों दिनांक 3 जून, 2015 और 22 जून, 2015 द्वारा पुष्टि की है कि एनएमपीटी के प्रस्तावित कार्यनिष्पादन मानकों के साथ मसौदा प्रस्तावित एसओआर 1 जून, 2015 को पत्तन की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है ताकि पत्तन उपयोक्ता/पणधारी 15 दिनों के भीतर टिप्पणियां/अभ्युक्तियां ऑफर कर सकें।

6.2 संबद्ध उपयोक्ताओं/उपयोक्ता संगठनों से प्राप्त टिप्पणियां प्रतिपुष्टि सूचना के रूप में समय–समय पर एनएमपीटी को अग्रेषित की गई थीं। एनएमपीटी ने अपने पत्र दिनांक 5 अगस्त, 2015 और 24 अगस्त, 2015 द्वारा अपना उत्तर भेजा था।

6.3. एमआरपीएल ने अपनी टिप्पणियां भेजते समय बताया था कि एनएमपीटी द्वारा अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए गए प्रस्ताव में संशोधित प्रस्तावित दरों पर पहुंचने के लिए एनएमपीटी द्वारा सुविचारित कोई ब्योरा शामिल नहीं किया गया था और इसलिए प्रस्ताव पर विस्तृत पर्यवेक्षण/टिप्पणियां भेजने में असमर्थ था। इस संबंध में, एमआरपीएल एवं अन्य उपयोक्ता/उपयोक्ता संगठनों द्वारा मांगे गए अपने प्रस्ताव के ब्योरे/गणनाएं शेयर करने के लिए हमारे पत्र दिनांक 3 जुलाई, 2015 द्वारा एनएमपीओ से अनुरोध किया गया था। एनएमपीटी ने अपने पत्र दिनांक 3 जून, 2015 द्वारा ब्योरे/एआरआर गणना तथा मसौदा दरमान एमआरपीएल को भेजने की पुष्टि की थी। एमआरपीएल ने अपने पत्र दिनांक 24 जून, 2015 द्वारा एनएमपीटी से अपेक्षित सूचना की प्राप्ति की पुष्टि भी की थी।

7.1. इसी बीच, एनएमपीटी ने अपने पत्र दिनांक 26 मई 2015 द्वारा महापत्तनों के अधिकारियों के साथ 18 अप्रैल 2015 को मुम्बई में हुई बैठक का उल्लेख करते हुए, प्रशुल्क नीति 2015 पर मसौदा कार्य दिशानिर्देशों पर, बताया था कि बैठक में, यह सुझाव दिया गया था कि पेंशन तथा एकमुश्त व्ययों जैसे मजदूरी के बकाया, पेंशन/ग्रेच्युटी के बकाया, एक्स–ग्रेशिया भुगतान आदि के लिए अंशदान वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) की गणना के लिए 1/5वें के बजाय पूर्ण रूप में लेने की अनुमति दी जानी चाहिए।

7.2. इस संबंध में, यह बताना प्रासंगिक है कि इस मुद्दे पर एनएमपीटी एवं कुछ अन्य महापत्तन न्यासों द्वारा उल्लिखित मामला इस अनुरोध के साथ हमारे पत्र सं. टीएएमपी/21/2009–डब्ल्यूएस दिनांक 9 जून 2015 द्वारा पोत परिवहन मंत्रालय (एमओएस) को भेजा गया था कि प्रशुल्क नीति 2015 के प्रासंगिक खंड को संशोधित करें। एमओएस का प्रत्युत्तर इस मामले को अंतिम रूप दिए जाने तक प्राप्त नहीं हुआ था।

8.1. तत्पश्चात, एनएमपीटी ने अपने पत्र दिनांक 29 जून 2015 द्वारा स्पष्टीकरण मांगा था कि क्या सभी महापत्तन न्यासों के साथ एमओएस द्वारा 11 जून 2015 और 12 जून 2015 को ली गई समीक्षा बैठक में चर्चा से खंड सं. 9.5 और 9.6 को हटाने के मद्देनजर, पहले से प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव को संशोधित अथवा अन्यथा करने की जरूरत होगी।

8.2. इस संबंध में, यह बताना प्रासंगिक है कि सदस्य (वित्त) से प्राप्त डी.ओ. सं. टीएएमपी/21/2009–डब्ल्यूएस दिनांक 8 जुलाई 2015 एमओएस द्वारा सभी महापत्तन न्यासों के साथ 11 जून 2015 और 12 जून 2015 द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में चर्चा से निकलकर आए इस प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए कार्य दिशानिर्देशों के खंड 10.1.2. में संशोधन और खंड 9.5, 9.6, 10.9 को हटाने के बारे में सूचना देते हुए संयुक्त सचिव (पत्तन) को संबोधित किया गया था। टीएएमपी द्वारा की गई कार्रवाई को नियमित करने क लिए बैठक के कार्यवृत्तों को लेत समय निर्णयों को शामिल करने का अनुरोध किया गया था।

9. इस मामले में संयुक्त सुनवाई 31 अगस्त 2015 को एनएमपीटी परिसर में आयोजित की गई थी। एनएमपीटी ने अपने प्रस्ताव का संक्षिप्त पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण दिया था। संयुक्त सुनवाई में, एनएमपीटी और संबद्ध उपयोक्ताओं/उपयोक्ता संगठनों/भावी बोलीदाताओं ने अपने निवेदन प्रस्तुत किए थे।

10.1. संयुक्त सुनवाई में यथा सहमत, हमारे पत्र दिनांक 7 सितम्बर 2015 और अनुवर्ती अनुस्मारक दिनांक 18 सितम्बर 2015 द्वारा एनएमपीटी और संबद्ध उपयोक्ताओं से अनुरोध किया गया था कि संयुक्त सुनवाई कार्यवाहियों से सामने आने वाले बिन्दुओं पर कार्रवाई करें:

(i) अधिकांश उपयोक्ताओं/उपयोक्ता एसोसिशनों ने एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित प्रशुल्क वृद्धि पर आपत्ति उठाई थी। एनएमपीटी को सामान्य संशोधन प्रस्ताव पर उपयोक्ताओं के साथ चर्चा करे और प्रस्तावित वृद्धि संशोधित करने की संभावना की जांच करनी है जैसाकि संयुक्त सुनवाई में सहमति हुई थी।

(ii) एसोसिएशन ऑफ न्यू मेंगलोर पोर्ट स्टीवडोर्स (एएनएमपीएस) को उसकी टिप्पणियां 10 सितम्बर 2015 तक टीएएमपी और एनएमपीटी को भेजने की अनुमति दी गई थी। पत्तन ने उसके बाद तीन दिनों के भीतर अपना प्रत्युत्तर दिया था।

(iii) उपयोक्ताओं से संयुक्त सुनवाई में टीएएमपी और एनएमपीटी को अतिरिक्त टिप्पणियां, यदि कोई हों, सात दिनों के भीतर भेजने का अनुरोध किया गया था। एनएमपीटी को उपयोक्ताओं की टिप्पणियों की प्राप्ति से तीन दिनों के भीतर अपनी टिप्पणियां भेजी होंगी।

10.2. ऊपर उल्लिखित कार्रवाई के प्रथम बिन्दु के संदर्भ में, एनएमपीटी ने अपने पत्र दिनांक 3 सितम्बर 2015 द्वारा बताया है कि उसके पड़ोस में अन्य महापत्तनों में प्रचलित दरों का तुलनात्मक विवरण तैयार किया गया है, जिसमें एनएमपीटी की दरें समान सेवाओं के लिए निम्नतम हैं। उनके अवलोकन तथा सूचना के लिए इसे पत्तन उपयोक्ताओं को अग्रेषित किया गया है। इसके अलावा, यह बताया गया है कि इसका एसओआर1 अप्रैल 2015 से संशोधन के लिए देय है और इस प्राधिकरण ने मौजूदा एसओआर की वैधता 30 सितम्बर 2015 तक विस्तारित की थी जिसे आगे 31 दिसम्बर 2015 तक विस्तारित किया गया था। एनएमपीटी ने अपना प्रस्ताव टीएएमपी को प्रस्तुत किया था और पत्तन उपयोक्ताओं को उनकी टिप्पणियों के लिए पर्याप्त समय देते हुए इसे 18 मई 2015 को अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया था। तथापि, 3 महीनों के बाद भी, पत्तन उपयोक्ताओं को समय का आगे विस्तार देते हुए एनएमपीटी द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव पर मुद्दे उठाने की दोबारा अनुमति दी गई थी, जोकि प्रशुल्क दिशानिर्देश, 2015 में यथा बताई गई समय सीमा के विरूद्ध है। यह मौजूदा एसओआर का अगला विस्तार हो सकता है।

10.3. ऊपर उल्लिखित कार्रवाई के तीसरे बिन्दु के संदर्भ में, एनएमपीटी ने हमारे अनुस्मारक दिनांक 18 सितम्बर 2011 के बाद मेंगलोर स्टीमर एजेंट्स एसोसिएशन (एमएसएए), मेंगलूर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल), केआईओसीएल लिमिटेड, शिपिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एससीआई), एसोसिएशन ऑफ न्यू मेंगलूर पोर्ट स्टीवडोर्स (एएनएमपीएस), मैं0 मेंगलूर केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एमसीएफ) तथा मै0 मेंगलूर कस्टम हाऊस एजेंट्स एसोसिएशन (एमसीएचएए) द्वारा की गई टिप्पणियों पर अपनी टिप्पणियां अपने पत्रों दिनांक 14 सितम्बर 2015, 23 सितम्बर 2015 और अनुवर्ती पत्र दिनांक 30 सितम्बर 2015 द्वारा अपनी टिप्पणियां भेजी थीं।

11. एनएमपीटी के संशोधित प्रस्ताव दिनांक 18 मई 2015 की प्राथमिक संवीक्षा पर, एनएमपीटी से हमारे पत्र दिनांक 13 अक्तूबर 2015 द्वारा अपेक्षित सूचना/संशोधित प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया था। इसके लिए अनुस्मारक दिनांक 23 अक्तूबर 2015 भेजा गया था। एनएमपीटी ने हमारे द्वारा मांगी गई सूचना/स्पष्टीकरण पर अपने ईमेलों दिनांक 30 अक्तूबर 2015 द्वारा प्रत्युत्तर भेजा था। तत्पश्चात, एनएमपीटी ने अपने पत्र दिनांक 9 दिसम्बर 2015 द्वारा कुछ बिन्दुओं पर स्पष्टीकरण भेजे थे। हमारे द्वारा मांगी गई सूचना/स्पष्टीकरण और उसपर एनएमपीटी द्वारा प्रेषित उत्तर का सार नीचे तालिकाबद्ध किया है:–

क्र.सं.	हमारे द्वारा मांगी गई सूचना/स्पष्टीकरण	एनएमपीटी द्वारा प्रेषित उत्तर
(1)	यह देखा गया है कि एनएमपीटी द्वारा तैयार किया गया प्रस्ताव लागत प्रारूपों के साथ टीएएमपी द्वारा अपने पत्र सं. टीएएमपी/21/2009–डब्ल्यूएस दिनांक 30 जनवरी 2015 द्वारा जारी किए गए कार्य दिशानिर्देशों और महापत्तन न्यासों के लिए प्रशुल्क नीति, 2015 पर आधारित है। उसके परिणामस्वरूप, इस प्राधिकरण ने प्रशुल्क नीति 2015 लागू करने के लिए 15 मई 2015 को संशोधित प्रारूप के साथ संशोधित कार्य	टीएएमपी के निदेशानुसार, मद (i), (ii) एवं (iii) सहित संशोधित कार्य दिशानिर्देश और संशोधित प्रारूप पर विचार करते हुए प्रस्ताव संशोधित किया गया है।

	दिशानिर्देश अधिसूचित किए थे और 2 जुलाई 2015 तथा 8 जुलाई 2015 को शुद्धिपत्र जारी किए थे। संशोधित कार्य दिशानिर्देश और उसके शुद्धिपत्र हमारे पत्र सं. टीएएमपी/21/2009–डब्ल्यूएस दिनांक 29 मई 2015 एवं 10 जुलाई 2015 द्वारा एनएमपीटी सहित सभी महापत्तन न्यासों को अग्रेषित किए गए थे। संशोधित कार्य दिशानिर्देशों/सशोधित प्रारूप में किए गए मुख्य संशोधन संदर्भ के लिए नीचे दिए गए हैं:– (i) सम्पूर्ण रेलवे संबंधित व्यय एआरआर परिकलन में स्वीकार्य है। (ii) वर्ष 2015–16 के लिए एआरआर में 3.82 प्रतिशत सूचकांकन सूचकांकित अधिकतम एआरआर पर पहुंचने के लिए निर्धारित किया गया है। (iii) एकमुश्त व्ययों के समायोजन से संबंधित प्रपत्र सं. 1 के अधीन टिप्पणी–2 भी संशोधित की गई है। चूंकि उपर्युक्त संशोधन का एआरआर के साथ–साथ मौजूदा एसओआर में प्रस्तावित वृद्धि पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है, एनएमपीटी पत्र सं. टीएएमपी/21/2009–डब्ल्यूएस दिनांक 29 मई 2015 और शुद्धिपत्र दिनांक 10 जुलाई 2015 द्वारा एनएमपीटी सहित सभी महापत्तन न्यासों को परिचालित संशोधित प्रारूप के आधार पर लागत विवरणों में जरूरी संशोधन करें।	
(2)	महापत्तन न्यासों हेतु प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 210. के अनुसार, केपटिव बर्थ/सुविधा हेतु प्रशुल्क व्यवस्था जहां पत्तन और संबद्ध उपयोक्ता द्वारा किए गए परस्पर करार में निर्धारित की गई है, तत्संबंधी करार द्वारा शासित किया जाना जारी रहेगा। विशिष्ट करार द्वारा अनाच्छादित केपटिव बर्थों/सुविधाओं हेतु प्रशुल्क केपटिव बर्थों/सुविधाओं हेतु प्रशुल्क टीएएमपी द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाता रहेगा। एनएमपीटी ने बताया है कि प्रहस्तित कार्गो, व्यय और दो केपटिव बर्थों नामतः कुद्रेमुख ऑयरन ऑर कम्पनी लिमिटेड (केआईओसीएल) और उडुपी पावर कारपोरेशन लि0 (यूपीसीएल) से अर्जित राजस्व वर्तमान प्रस्ताव में विचारार्थ नहीं लिए गए हैं। इस संबंध में, निम्नलिखित बिन्दु स्पष्ट करें:	
(i)	केआईओसीएल का प्रशुल्क सचिव/भूतल परिवहन मंत्रालय और सचिव (इस्पात) के बीच 27 मई 1992 को हुई अंतर–सचिवीय बैठक में निर्णीत कार्यपद्धति का अनुसरण करते हुए इस प्राधिकरण द्वारा प्रतिवर्ष निर्धारित किया जाता है। तथापि, यूपीसीएल के संबंध में, कृपया प्रशुल्क व्यवस्था के संबंध में प्राधिकृत करना स्पष्ट करें।	(क) केआईओसीएल की सहमति लेने के बाद एनएमपीटी द्वारा प्रस्तुत किए गए लागत विवरणों के आधार पर टीएएमपी द्वारा प्रत्येक वर्ष केआईओसीएल से संबंधित प्रशुल्क अधिसूचित किया जा रहा है। टीएएमपी के पूर्व निदेशों के अनुसार यही प्रक्रिया जारी रहेगी। चूंकि केआईओसीएल केपटिव बर्थ है, उससे संबंधित आय एवं व्यय वर्तमान सामान्य दरमानों से अलग है। (ख) मै. यूपीसीएल को एनएमपीटी द्वारा दिए गए केपटिव बर्थ से संबंधित टीएएमपी द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण के संबंध में, यह बताया गया है कि यह व्यवस्था एनएमपीटी और यूपीसीएल के बीच प्रचलित करार द्वारा शासित है। जिसकी एक प्रति एनएमपीटी द्वारा ईमेल दिनांक 21–08–2015 द्वारा टीएएमपी को पहले ही भेजी जा चुकी है।
(ii)	कृपया पुष्टि करें कि केआईओसीएल के संदर्भ में अलग किए गए/अलग (किए जाने वाले) नियोजित पूंजी वर्ष 2011–12 से 2013–14 के प्रत्येक वर्ष के लिए केआईओसीएल हेतु लौह अयस्क गुटिकाओं के लिए घाटशुल्क दर के निर्धारण हेतु सुचिरित व्यय तथा नियोजित पूंजी से मेल खाता है।	यह पुष्टि की गई है कि मै0 केआईओसीएल के मामले में व्यय तथा नियोजित पूंजी वर्तमान एसओआर में एआरआर की गणना से अलग रखा गया है और बर्थ सं. 8 के मामले में वर्ष 2011–12 से 2013–14 के प्रत्येक वर्ष के लिए मै0 केआईओसीएल हेतु लौह अयस्क गुटिकाओं के लिए घाटशुल्क के निर्धारण हेतु सुविचारित व्यय तथा नियोजित पूंजी से मेल खाता है।
(iii)	उन प्रत्येक मद के लिए केआईओसीएल तथा यूपीसीएल से संबंधित यातायात, व्यय तथा केपेक्स का ब्रेकअप भेजे जिन्हें एनएमपीटी द्वारा वर्तमान प्रस्ताव में अलग रखा गया है। यह सूचना यह सुनिश्चित करने के लिए मांगी जा रही है कि तत्संबंधी केपटिव बर्थों हेतु प्रशुल्क निर्धारित किए जाने के समय एनएमपीटी द्वारा इन व्ययों को नहीं लिया गया है।	मै0 केआईओसीएल तथा मै0 यूपीसीएल पर ब्रेकअप ब्योरों पर विवरण अनुबंध–1 रूप में संलग्न किया गया हैं। चूंकि वर्तमान व्यवस्था पीपीपी मोड में है, इसलिए पत्तन मै0 यूपीसीएल को बर्थ सं. 15 के संबंध में आबंटित केपटिव बर्थ से संबंधित राजस्व व्यय अथवा कोई पूंजी प्रोद्भूत नहीं कर रहा है।
3.	**वार्षिक राजस्व अपेक्षा (प्रपत्र सं. 1):**	
(i)	**रेलवे से संबंधित व्यय (क्र.सं. 2):**	
	एनएमपीटी सम्पूर्ण रेलवे संबंधित व्ययों की स्वीकार्यता के संबंध में उपर्युक्त बिन्दु 1 (i) में पर्यवेक्षण के मद्देनजर जरूरी संशोधन करें।	प्रस्ताव पर संशोधन टीएएमपी के निदेशानुसार किया गया है।
(ii)	**एकमुश्त व्ययों का 4/5वां जैसे मजदूरी/पेंशन/ग्रेच्युटी/ एक्सग्रेशिया भुगतान आदि और पेंशन निधि में योगदान (क्र.सं. 4 (iii) एवं (iv)) प्रपत्र-I का):**	--
(क)	एनएमपीटी ने वर्ष 2012–13 में मजदूरी/पेंशन/ग्रेच्युटी/ एक्स–ग्रेशिया आदि के लिए रु. 134.00 लाख अलग रखे हैं, पेंशन निधि में अंशदान के लिए वर्ष 2011–12,	(क). यह बताया गया है कि प्रस्ताव में निर्दिष्ट आंकड़ों का पहले ही मिलान किया गया है और यह इस पत्र के साथ संलग्न किया गया

	2012–13 तथा 2013–14 में एनएमपीटी द्वारा क्रमशः रु0 3812 लाख, रु0 3520 लाख और रु0 2160 लाख अलग रखे हैं। प्रपत्र–3 के अधीन टिप्पणी 2 और 3 पत्तन से अपेक्षा करता है कि लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित राशि और लागत विवरण में सुविचारित आंकड़ों का मिलान पत्र भेजे। एनएमपीटी ने अपेक्षित मिलान गणना नहीं भेजी है। कृपया यह उपलब्ध करवाएं।	है। (टिप्पणी 2 एवं 3) (ख). तत्पश्चात, एनएमपीटी ने अपने पत्र दिनांक 9 दिसम्बर 2015 द्वारा बताया है कि रु0 1675 लाख का मजदूरी संशोधन प्रभार बकाया भुगतान दिसम्बर 2013 के दौरान किया गया है, जिसे तत्संबंधी प्रचालन गतिविधि वार के स्थापना भाग में शामिल किया गयाहै और 2013–14 के लेखापरीक्षित लेखों की रिपोर्ट में अलग से दर्शाए गए हैं। एनएमपीटी ने यह दर्शाने के लिए गणना दी है कि रु0 1675 लाख का 4/5 एआरआर परिकलन में अलग रखा गया है।
(ख)	वर्ष 2012–13 में एनएमपीटी द्वारा अलग रखे गए रु0 1340 लाख के संबंध में, कृपया पुष्टि करें कि यह हमारे पत्र दिनांक 29 मई 2015 द्वारा जारी किए गए संशोधित लागत प्रारूप में निर्धारित टिप्पणी सं. 2 के अनुसार है।	यह पुष्टि की गई है कि यह टीएएमपी के पत्र दिनांक 29–5–2015 द्वारा जारी किए गए संशोधित लागत प्रारूप में निर्धारित टिप्पणी सं. 2 के अनुसार है।
4.	प्रबंध एवं सामान्य उपरिव्यय (एमजीओ) (प्रपत्र–2 क्र.सं. 1):	
	प्रपत्र–2 में सुविचारित वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए क्रमशः रु0 4194.30 लाख, रु0 4435.14 लाख और रु0 5336.66 लाख की दर से एमजीओ तत्संबंधी वर्षों के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार नहीं है। लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित एमजीओ से यह देखा गया है कि एनएमपीटी ने चिकित्सा व्यय, सीआईएसएफ व्यय और पेंशन व्यय में कमी की है और इसे विभिन्न अन्य गतिविधियों में आबंटित किया है। कृपया ऐसे समायोजन के कारण स्पष्ट करें।	समायोजन के कारण निम्नलिखित हैं:– क. चिकित्सा व्यय – लाइन विभागों के कर्मचारियों का चिकित्सा व्यय ओएंडएम में से लिया गया है और इसे संबद्ध लाइन गतिविधि के प्रचालन व्यय में पुनः आबंटित किया गया है क्योंकि यह एक प्रत्यक्ष व्यय है। ख. सीआईएसएफ व्यय – सीआईएसएफ व्यय पत्तन के भीतर तैनात सुरक्षा से संबंधित है और यह एक प्रत्यक्ष व्यय है। सीआईएसएफ सुरक्षा व्यय ओ एंड एम से ही लिया गया है और संबद्ध गतिविधि के प्रचालन व्यय में पुनः आबंटित किया गया है। ग. पेंशन भुगतान – लाइन कर्मचारियों का पेंशन भुगतान एक प्रत्यक्ष व्यय रहा है, इन्हें ओएंडएम से लिया गया है और संबद्ध गतिविधि के प्रचालन व्यय में आबंटित किया गया है। घ. एनएमपीटी ने बाद में अपने पत्र दिनांक 9–12–2015 द्वारा बताया है कि अनुबंध–IV (घाटा विवरण) अर्थात् एनएमपीटी के अनुमान और वास्तविक वर्ष 2014–15 के लिए अद्यतन किए गए हैं। वर्ष 2012–13, 2013–14 तथा 2014–15 के लिए एफएमआई स्वीकार, शामिल और संलग्न किया गया है।
5.	कार्य पूंजी (प्रपत्र 1 क्र.सं. 7(vi) (ग) और प्रपत्र 4):	
	एक माह के रोकड़ व्ययों पर विचार करते हुए, एक्सल गणना से यह देखा गया है कि एनएमपीटी ने रोकड़ व्ययों पर पहुंचने के लिए प्रबंधन तथा सामान्य उपरिव्ययों के अधीन प्रतिवेदित मूल्यह्रास को अलग रखा है। [अर्थात् (रु 23576.44 लाख – रु. 40.47 लाख) / 12 = 1916.33 लाख)]. कार्गो, पोत, संपदा तथा रेलवे व्ययों के अधीन प्रतिवेदित मूल्यह्रास को भी अलग रखा जाए क्योंकि वे भी गैर–रोकड व्यय हैं।	सम्पूर्ण मूल्यह्रास, क्योंकि यह एक गैर–रोकड़ लागत है, टीएएमपी को अब प्रस्तुत किए गए संशोधित प्रस्ताव में टीएएमपी के निदेशानुसार अलग रखा गया है।
6.	राजस्व अनुमानन (प्रपत्र–3):	
(i)	वर्तमान विनिमय दर पोत संबंधित प्रभारों के राजस्व अनुमानन में एनएमपीटी द्वारा सुविचारित 1 अ.डा. = रु. 61.00 के स्थान पर 1 अ.डा. = रु. 66 है। एनएमपीटी प्रचलित विनिमय दर के आधार पर पोत संबंधित प्रभारों के राजस्व अनुमानन को संशोधित करने पर विचार करे।	अ.डा. के लिए परिवर्तन दर रूप में रु. 66/– अंगीकृत करते हुए टीएएमपी के निदेशानुसार प्रस्ताव संशोधित किया गया है।
(ii)	एमओएस ने अपने पत्र सं. 8/(15)2015–टीएएमपी दिनांक 17 सितम्बर, 2015 द्वारा हाल ही में इस प्राधिकरण को जनवरी 2005 में तत्कालीन पोत परिवहन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमएसआरटीएच) द्वारा जारी की गई तटीय रियायत नीति आंशिक रूप से संशोधित करते हुए इस प्राधिकरण को निदेश जारी किया था। एमओएस के उक्त निदेशानुसार, तटीय पोत के लिए पोत संबंधित प्रभार भारतीय रुपये बनाम अमेरिकी डॉलर के विनिमय दर उतार–चढ़ाव को लेखा में लेना चाहिए ताकि सभी तटीय पोतों के लिए पोत संबंधित प्रभार अन्य पोतों के लिए तदनुरूपी प्रभारों के 60 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए और ये प्रभार लागू विनिमय दर में भारतीय रुपयों में संग्रहीत किए जाएंगे। विदेशी कंटेनरों के लिए अ.डा. में मूल्यवर्गित कंटेनर संबंधित प्रभारों के संबंध में भी,	विषय–वस्तु नोट कर ली गई है। इस मामले में, यह बताया गया है कि एनएमपीटी के प्रस्ताव में निर्दिष्ट तटीय कार्गो हेतु कंटेनरों के भंडारण प्रभार और तटीय पोतों हेतु पोत संबंधित प्रभार मंत्रालय द्वारा निर्धारित 60 प्रतिशत प्रशुल्क से काफी कम है। इसलिए, टीएएमपी को पहले प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव में कोई बदलाव करने की आवश्यकता नहीं है।

	तटीय कंटेनर के लिए प्रशुल्क अन्य विदेशी कंटेनरों हेतु लागू तदनुरूपी प्रभारों के 60 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा और ये प्रभार लागू विनिमय दर पर भारतीय रुपयों में वसूल किए जाएंगे। तटीय पोत और तटीय कंटेनर हेतु दरों के तत्काल निर्धारण हेतु एमओएस के निदेश के आधार पर, सक्षम प्राधिकारी ने एक आदेश सं. टीएएमपी/4/2004–सामान्य दिनांक 5 अक्तूबर 2015 पारित किया था जोकि राजपत्र अधिसूचना की प्रक्रिया में है तथा लागू करने हेतु एनएमपीटी तथा संबद्ध बीओटी प्रचालकों सहित सभी महापत्तन न्यासों को शीघ्र संप्रेषित किया जाएगा। चूंकि इसका राजस्व अनुमानन एवं प्रस्तावित प्रशुल्क पर प्रभाव पड़ेगा, एनएमपीटी से अनुरोध है कि इस संबंध में इस प्राधिकरण से पत्र की प्राप्ति पर प्रस्तावित दरमानों एवं प्रपत्र–3 में जरूरी संशोधन करें।	
(iii)	एनएमपीटी से हमारे पत्र दिनांक 31 मार्च 2015 द्वारा अनुरोध किया गया था कि प्रपत्र–3 में अनाच्छादित सभी प्रशुल्क मदों हेतु राजस्व का अनुमान लगाएं। तथापि, एनएमपीटी ने ब्योरों की उपलब्धता की कमी की वजह से प्रस्तावित उद्धरण में "पूर्वानुमान" के अधीन क्र.सं. 12 (ए) से (एस) में सूचीबद्ध मदों के लिए अभी तक राजस्व का अनुमान नहीं लगाया है। इस संदर्भ में, यह बताना प्रासंगिक है कि प्रपत्र–3 में एनएमपीटी द्वारा अनुमानित राजस्व (जिसमें कुछ मदों से प्राप्त राजस्व शामिल नहीं किया गया है) रु0 33,552.22 लाख/वार्षिक के अनुमानित एआरआर की पूर्ति के लिए देखा गया है। प्रपत्र–3 में राजस्व अनुमानन में एनएमपीटी द्वारा शामिल नहीं की गई प्रशुल्क मदों से एनएमपीटी को प्रोद्भूत की संभावना वाला राजस्व रु0 33,552.22 लाख के अनुमानित एआरआर से अधिक होगा जोकि प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 8.1 के अनुसार अधिकतम सीमा है। अतः, एनएमपीटी को इसके द्वारा शामिल नहीं की गई प्रशुल्क मदों से राजस्व अनुमान लेना है अथवा विकल्पतः अनाच्छादित अनुमानित एआरआर का कुछ राजस्व छोड़ता है ताकि सभी प्रशुल्क मदों से संग्रहीत किए जाने की संभावना वाला कुल राजस्व प्रशुल्क नीति 2015 में उक्त निर्धारण को पूरा करने के लिए अधिकतम एआरआर को पार नहीं कर सके।	मद सं. 6(iii) में टीएएमपी द्वारा किया गया पर्यवेक्षण तथ्यात्मक नहीं है। एनएमपीटी द्वारा पहले प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव में, एआरआर रु0 33,984 लाख/वार्षिक परिगणित होता है और रु0 33,552.22 लाख नहीं जैसा टीएएमपी द्वारा पर्यवेक्षित किया गया है। संशोधित प्रस्ताव में, संशोधित एआरआर रु0 35,313 लाख/वार्षिक परिगणित होता है। इसके अलावा, प्रचलित एसओआर दरों में की जाने वाली वृद्धि अब 33 प्रतिशत प्रस्तावित की गई है। तदनुसार, राजस्व अनुमानन रु0 585 लाख/वार्षिक का कुशन छोड़ते हुए रु0 34,728 लाख/वार्षिक प्रस्तुत किया गया है। पत्तन का स्टैंड है कि पत्तन "पूर्वानुमानों" के अधीन क्रमांक सं. 12 (ए) से (एस) में उल्लिखित मदों से सृजित किए जाने वाले राजस्व का अनुमान लगाने की स्थिति में नहीं है और प्रत्येक वित्तीय वर्ष के दौरान प्रहस्तित किए जाने की संभावना वाले यातायात का पूर्वानुमान लगाने के लिए यह बहुत मुश्किल है क्योंकि पत्तन उपयोक्ताओं द्वारा प्रतिबद्धताएँ नहीं दी गई हैं। प्रस्तावित नई मदों हेतु दरें उसी श्रेणी में समान मदों हेतु निर्धारित दरों पर आधारित है। पूछी जा रही नई कार्गो अधिसूचना अनुमति के लिए टीएएमपी के पास दोबारा आए बिना अधिसूचित दरें वसूल करने के लिए पत्तन को समर्थ बनाने हेतु है। इस संदर्भ में, कुछ अन्य नया कार्गो भी चिह्नित किया गया है जो पत्तन उक्त प्रशुल्क चक्र के दौरान प्रहस्तन कर सकता है। क्रमांक सं. 12 (क) से (एस) में पूर्वानुमानों का विवरण सही रहेगा। यह महसूस किया गया है कि रु0 585 लाख का अप्रयुक्त एआरआर/कुशन "पूर्वानुमानो" के अधीन क्रमांक सं. (ए) से (एस) में सूचीबद्ध मदों को कवर करने के लिए पर्याप्त है।
(iv)	पूर्वानुमानों में क्र.सं. 12 में सूचीबद्ध मदों के अलावा, यह देखा गया है कि एनएमपीटी ने निम्नलिखित नई प्रशुल्क मदों/शर्तों का प्रस्ताव किया है:	
(क)	अन्य जलयानों/स्टीमरों पर लागू दर के अनुसार तट रक्षक, नौसेना तथा अन्य सरकारी पोतों हेतु पत्तन देयताओं एवं पाइलटेज की वसूली। [टिप्पणी (8) एवं 1(ख), खंड 2.1 एवं 2.2 अध्याय–II में]	महापत्तन न्यास अधिनियम के अनुसार, पत्तन को कोई भी सेवा निःशुल्क देने की अनुमति नहीं है। तट रक्षक पोत/नौसेना पोत पत्तन संबंधित सेवाओं का प्रयोग कर रहे थे और इसके लिए प्रशुल्क अधिसूचित नहीं था। इस कमी को कवर करने के लिए, इसे शर्तों में शामिल किया गया था ताकि अन्य जलयानों/स्टीमरों पर यथा लागू प्रभार/दरें तट रक्षक पोत/नौसेना पोतों के लिए भी लागू होंगी।
(ख)	रु0 16.56 प्रति घंटा की वसूली यदि सेवा नौका पत्तन क्षेत्र में रह जाती है यद्यपि बर्थ नहीं की जाती है। [अध्याय-II में खंड 2.4.2 (vii)(घ)]	मौजूदा दरमानों में, सेवा नौका के लिए प्रभार वसूल करने का प्रावधान नहीं था। इस कमी को कवर करने के लिए, वर्तमान प्रस्ताव में यह नई शर्त शामिल की गई है।
(ग)	नई कार्गो मदों के लिए घाटशुल्क प्रभार।	बिन्दु सं. 6 (iii) में दिया गया स्पष्टीकरण देखें।
(घ)	क्रूज पोत से यात्री के चढ़ने और उतरने की दरें। (अध्याय III खंड 3.3)	मौजूदा अधिसूचित दरमानों में, (घ), (ङ) और (च) हेतु अधिसूचित दरें नहीं हैं। चूंकि महापत्तन न्यास अधिनियम कोई भी सेवा निःशुल्क प्रदान करने के लिए पत्तन को अनुमति नहीं देता है, (घ), (ङ) और (च) हेतु एक टोकन दर प्रस्तावित की गई है। इसके अलावा, यह बताया गया है कि अब प्रस्तावित दरें बहुत ही मामूली हैं और बहुत कम हैं जब पड़ोसी पत्तनों जैसे कोचीन पत्तन न्यास, मुरुगांव पत्तन न्यास और जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास द्वारा प्रभारित इस तरह की सेवाओं से तुलना की जाती है।
(ङ)	मोटर वाहन/उपस्कर के लिए विराम समय प्रभार। (अध्याय-V खंड 5.3)	
(च)	पार्किंग बार्ज के लिए प्रभार। (विविध अनुसूची 6.9 के अधीन मद सं.VI)	
(छ)	अध्याय–III अनुसूची 3.2. क्र.सं. 6(घ), अध्याय IV अनुसूची सं. 6.6. क्र.सं. (1), अनुसूची सं. 6.7 क्र.सं. 1, 2, 5 और 6 के अधीन मौजूदा एसओआर में कुछ टिप्पियायों	मौजूदा दरमानों में टीएएमपी द्वारा बताई गई मदों पर विचार किया गया है और पत्तन से अधिक अपेक्षित नहीं है। इसलिए, इसे

	के साथ कुछ प्रशुल्क मदों को हटाना। टीएएमपी द्वारा जारी किए गए संशोधित कार्य दिशानिर्देशों का खंड 2.12 विनिर्दिष्ट करता है कि यदि नई शर्त शामिल की जाती है अथवा यदि प्रचालनात्मक अथवा आकस्मिकता की वजह से मौजूदा शर्त संशोधित की जाती है तो पत्तन उसके कारणों से ऐसा संशोधन निर्धारित कर सकता है और एआरआर में वित्तीय/राजस्व प्रभाव ले सकता है। तथापि, एनएमपीटी ने न तो उपर्युक्त संशोधन के लिए कोई कारण दिया है और न ही राजस्व अनुमानन में इसके प्रभाव को लिया है। अतः, एनएमपीटी मौजूदा एसओआर से संशोधनों/समावेशनों/हटाने के कारण बताए। नई मदों के लिए प्रस्तावित प्रशुल्क हेतु अंगीकृत आधार बताएं। प्रपत्र–3 में राजस्व अनुमाननों में सभी नई मदों के प्रभाव भी लीजिए।	प्रस्तावित दरमानों से हटा दिया गया है। पत्तन द्वारा यह संभव नहीं है कि उपर्युक्त वित्तीय विवीक्षा का पूर्वानुमान लगाए। यह कहना है कि अब प्रस्तावित दरें टोकन हैं और एनएमपीटी के निकटवर्ती पत्तनों में इसके लिए प्रचलित दरों की अपेक्षा बहुत कम हैं। जैसाकि मद सं. 6(iii) में पहले ही दर्शाया गया है, रु0 585 लाख का अनाच्छादित एआरआर/कुशन इन अनाच्छादित मदों का ध्यान रखेगा और इसलिए प्रपत्र सं. 3 में राजस्व विवीक्षा नहीं दर्शाई गई है।
(v)	जहां तक एसपीएम प्रचालन का संबंध है, पाइलटेज शुल्क, पुल बैक प्रचालनों हेतु टग किराया प्रभारों, और रद्दकरण/बंधीकरण प्रभारोंसे एनएमपीटी द्वारा राजस्व अनुमानन इस प्राधिकरण के आदेश सं. टीएएमपी/17/2014 दिनांक 2 जुलाई 2015 द्वारा अनुमोदित दरों के अनुसार नहीं हैं। उक्त आदेश के पैरा 16 (vii) (ख) (xii) में बताया गया है कि अनुमोदित दरों की वैधता संशोधित (किए जाने वाले) एसओआर के सामान्य संशोधन के साथ समाप्त होगी। अतः एनएमपीटी उक्त आदेश में उपर्युक्त प्रशुल्क मदों के लिए इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित दरों के आधार पर एसपीएम प्रचालनों के लिए प्रपत्र–3 में राजस्व अनुमानन उपयुक्ततः संशोधित करें।	पूर्व प्रस्ताव टीएएमपी के समक्ष प्रस्तुत किया गया था और एसपीएम के लिए अंतिम दरें अधिसूचित की गई थीं। टीएएमपी द्वारा यथा निदेशित, अधिसूचित अंतिम दरें संशोधित प्रस्ताव में शामिल की गई हैं।
(vi) (क)	एनएमपीटी ने बताया है कि 2014–15 के वास्तविक आंकड़ों के आधार पर यातायात आंकड़े केआईओसीएल एवं यूपीसीएल के यातायात को अलग करते हुए राजस्व अनुमानन हेतु सुविचारित किए गए हैं। एनएमपीटी प्रशासनिक रिपोर्ट के साथ 2014–15 के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखे भेजे।	2014–15 की प्रशासनिक रिपोर्ट के साथ लेखापरीक्षित वार्षिक लेखे टीएएमपी द्वारा किए गए अनुरोध अनुसार संलग्न किए गए हैं। एनएमपीटी पहले ही पुष्टि कर चुका है कि वास्तविक यातायात और 2014–15 के दौरान प्रहस्तित जीआरटी समसंख्यक पत्र सं. दिनांक 18–05–2015 में बिन्दु (iv) द्वारा प्रपत्र 3 से मेल खाता है।
(ख)	हमारे समसंख्यक पत्र सं. दिनांक 31 मार्च 2015 के पैरा 2 (iv)(ख) एवं (ग) में एनएमपीटी से निम्नलिखित भेजने का अनुरोध किया गया था:	
	(i) प्रपत्र 3 में, कृपया कार्गो प्रहस्तन प्रभार से राजस्व अनुमानन हेतु सुविचारित कार्गो यातायात (टनों में) का जोड़ भेजें। यह भी पुष्टि करें कि इस प्रपत्र में सुविचारित कुल यातायात वर्ष 2014–15 के लिए पत्तन द्वारा प्रहस्तित वास्तविक कुल यातायात से मेल खाता है। यदि, केआईओसीएल जैसे किसी कैपटिव कार्गो बर्थ का यातायात अलग रखा जाता है क्योंकि ऐसे कार्गो के लिए यातायात अलग से निर्धारित किया गया है, तो इसे अलग से दर्शाया जाना चाहिए। संक्षेप में, यदि पत्तन द्वारा प्रहस्तित वास्तविक कुल यातायात ऐसे किए गए समायोजनों हेतु कारण देते हुए राजस्व अनुमानन के लिए सुविचारित यातायात से मिलान किया जाना चाहिए।	
	(ii) इसी प्रकार, प्रपत्र 3 में, कृपया पोत संबंधित प्रभारों (जीआरटी में) के राजस्व अनुमानन हेतु सुविचारित पोतों का कुल जीआरटी भेजें। यह भी पुष्टि करें कि इस प्रपत्र में ऐसे सुविचारित पोत का कुल जीआरटी वर्ष 2014–15 के लिए पत्तन द्वारा प्रहस्तित पोत का वास्तविक कुल जीआरटी से मेल खाता है।	
	तथापि, टीएएमपी ने अपेक्षित सूचना नहीं भेजी है। इसलिए उक्त बिन्दु दोहराया गया है।	
7.	दरमानः	
(i)	एनएमपीटी ने सभी प्रशुल्क मदों के लिए 25 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव किया है। तथापि, पत्तन देयताओं के लिए, एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित वृद्धि 132.17 प्रतिशत और मार्शलिंग यार्ड प्रभारों के लिए यह 100 प्रतिशत है। एनएमपीटी से अनुरोध है कि इन दो प्रशुल्क मदों में प्रस्तावित वृद्धि को संशोधित करने की संभावना का गंभीरता से पता लगाए जोकि अन्य मदों में प्रस्तावित सामान्य वृद्धि से अधिक है।	यह कहना है कि संशोधित प्रस्ताव में, प्रस्तावित वृद्धि पूर्व प्रस्ताव में 25 प्रतिशत के विरूद्ध 33 प्रतिशत है। जहां तक पत्तन देयताओं की दरों में वृद्धि का संबंध है, अधिसूचित एसओआर में 132.17 प्रतिशत की वृद्धि न्यू मेंगलूर पत्तन न्यास हेतु किए गए लागतकरण के अनुसार निर्धारित की गई है और एसपीएम प्रचालनों के लिए प्रशुल्क के निर्धारण हेतु प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत की गई है। इसे दोबारा संलग्न किया गया है। इस संबंध में, प्रस्तावित उच्चतर वृद्धि का कारण यह है कि पत्तन देयताओं के लिए दरें 5 प्रशुल्क चक्रों अर्थात् 15 वर्षों से संशोधित नहीं की गई हैं। इसके अलावा, अब प्रस्तावित दरों में वृद्धि के बाद भी, दरें समीपवर्ती अर्थात् कोचीन पत्तन न्यास, मुरूगांव पत्तन न्यास, जेएनपीटी में पत्तन देयताओं हेतु प्रचलित दरों की अपेक्षा बहुत कम होंगी। इस बारे में पूर्वानुमान बिन्दु सं. क में पारदर्शी रूप से बताया गया है। मार्शलिंग यार्ड के लिए, दरें प्रस्ताव में संशोधित की गई हैं और पत्तन 100 प्रतिशत वृद्धि के लिए कह रहा है क्योंकि दरें पिछले 20 वर्षों से संशोधित नहीं की गई हैं। इस बारे में भी पूर्वानुमान बिन्दु सं. 11 में पारदर्शी रूप से दर्शाया गया है।

(ii)	(क) इस प्राधिकरण ने पिछले सामान्य आदेश दिनांक 6 जनवरी 2012 के पैरा में एनएमपीटी को सलाह दी थी कि 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खंड 4.2.2 में विनिर्धारण के आधार पर यथामूल्य प्रभारों की बजाय प्रति इकाई आधार पर घाटशुल्क निर्धारित करे। उक्त आदेश में, इस प्राधिकरण ने कुछ मदों पर यथामूल्य घाटशुल्क दर को जारी रखने की अनुमति देने के समय भी स्पष्ट रूप से बताया था कि अगली प्रशुल्क संशोधन कार्यवाही में इसे स्वतः ही हटाया जाएगा, यदि पत्तन प्रशुल्क नीति 2015 को लागू करने के लिए इस प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए कार्य दिशानिर्देशों के खंड 2.10 में भी विनिर्दिष्ट किया गया है कि एसओआर को लेते समय, महापत्तन न्यास जहां तक सभव हो संबद्ध महानत्तन न्यासों के मौजूदा दरमानों में यथामूल्य घाटशुल्क दर, यदि कोई हो, से दूरी बनाकर रखेंगे और इस कार्गो के प्रहस्तन के लिए विशेष ध्यान रखे जाने अथवा बाजार निर्धारण प्रशुल्क को ध्यान में रखते हुए इन मामलों में विशिष्ट घाटशुल्क दर निर्धारित करेगा। तथापि, पिछले आदेश में दी गई हमारी सलाह और कार्य दिशानिर्देशों में विनिर्दिष्ट के बावजूद, वर्तमान प्रस्ताव में ब्रेक बल्क कार्गो हेतु यथामूल्य दर की वसूली की मौजूदा प्रशुल्क व्यवस्था जारी रखी गई है। एमओएस ने अपने हाल ही के पत्र दिनांक 15 जुलाई 2015 द्वारा टीएएमपी को सलाह दी थी कि यथामूल्य घाटशुल्क दर को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाना चाहिए। घाटशुल्क दर प्रति इकाई आधार पर निर्धारित की जानी चाहिए। अतः एनएमपीटी को सलाह दी गई थी कि एमओएस द्वारा प्रदत्त सलाह के अनुसार और प्रशुल्क दिशानिर्देशों के अनुपालन में प्रासंगिक कार्गो के प्रहस्तन की लागत के संदर्भ में कार्गो की मात्रा अथवा भार के आधार पर ब्रेक बल्क कार्गो के लिए घाटशुल्क दर का प्रस्ताव करे। यदि ऐसा नहीं किया गया है, यथामूल्य आधार पर प्रस्तावित घाटशुल्क दरें पिछले प्रशुल्क आदेश में निर्णय के अनुसार मौजूदा दरमान से हटा दी जाएंगी।	टीएएमपी द्वारा किए गए पर्यवेक्षण कि यथामूल्य दर, यदि कोई हो, चरणबद्ध तरीके से हटाई जाए नोट किया गया है। संशोधित प्रस्ताव में, यथामूल्य दरें बनाए रखी गई हैं क्योंकि पत्तन टीएएमपी/एमओएस द्वारा यथा सुझाए गए अनुसार भार/इकाई के आधार पर सही दर की पहचान करने की स्थिति में नहीं है। इस मामले में, पत्तन द्वारा प्रशुल्क नीति 2015 दिशानिर्देश खंड सं. 2.10 पर विश्वास किया गया है। समान उद्धरण जैसे "एसओआर तैयार करते समय, महापत्तन न्यास यथासंभव संबद्ध महापत्तन न्यासों के मौजूदा दरमान में यथामूल्य दर, यदि कोई हो, से दूर रहे .....")। ऊपर उल्लिखित तथ्यों के आलोक में, वर्तमान प्रस्ताव में, अध्याय III उप शीर्षक 3.1. ब्रेक बल्क कार्गो में प्रस्तावित यथामूल्य दरें बनाए रखी गई हैं। तथापि, अगले प्रशुल्क चक्र के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के समय यथामूल्य दर को समाप्त करने के प्रयास किए जाएंगे। [तत्पश्चात, एनएमपीटी ने अपने पत्र दिनांक 9 दिसम्बर 2015 द्वारा स्पष्ट किया था कि इसने अध्याय–III घाटशुल्क प्रभारों की अनुसूची के 3.1. ब्रेक बल्क कार्गो के अधीन विस्तृत घटकों के लिए यथामूल्य दर बनाए रखने का अनुरोध किया था। चूंकि टीएएमपी ने यथामूल्य दर और प्रति टन/प्रति घन मीटर आधार पर आधारित प्रभार घटकों से दूरी बनाने पर जोर दिया है, एनएमपीटी ने अन्य महापत्तनों द्वारा प्रभारित दरों को अंगीकृत करने का प्रयास किया है जिसे संलग्न किए गए अनुबंध V के अनुसार अध्याय III – घाटशुल्क प्रभारों की अनुसूची के 3.2. बल्क कार्गो के अधीन शामिल किया जा सकता है। दरमान में यथामूल्य घाटशुल्क दर से अनुसूची 3.2. बल्क कार्गो में प्रति टन दर में प्रस्तावित संशोधन अनुवर्ती अनुच्छेद में दिया गया है।]
(iii)	अध्याय–VII कार्गो प्रहस्तन प्रचालनों के लिए पंजीकृत कार्गो प्रहस्तन लेबर विंग (आरसीएचडब्ल्यू) से कार्गो प्रहस्तन कामगार की आपूर्ति के लिए वसूली:	
	(क) प्रस्तावित दरमान में क्रम सं. 30 से 44 में नई श्रेणी हेतु कार्गो प्रहस्तन प्रचालनों के लिए रजिस्टर्ड कार्गो हैंडलिंग लेबर विंग से कार्गो प्रहस्तन कामगारों की आपूर्ति के लिए वसूली पर पहुंचने का आधार स्पष्ट करें।	प्रस्तावित नई मदों के लिए दरें समान श्रेणी में समान मदों के लिए निर्धारित दरों पर आधारित हैं। पूछी जा रही नई कार्गो अधिसूचना पत्तन को अनुमति के लिए टीएएमपी के पास आए बिना अधिसूचित दरें वसूल करने में समर्थ बनाने के लिए है।
	(ख) राजस्व अनुमानन में इन नई मदों से राजस्व को शामिल नहीं किया गया है जिसे प्रपत्र–3 में लिया जा सकता है।	पत्तन नए कार्गो के लिए प्रतिवर्ष प्रहस्तित किए जाने की संभावना वाली मात्रा का पूर्वानुमान लगाने की स्थिति में नहीं है। नए कार्गो के लिए कार्गो प्रहस्तन कामगारों की आपूर्ति हेतु लेवी समान श्रेणी में समान मदों के लिए निर्धारित दरों पर आधारित है। जैसाकि मद सं. 6 (iii) एव 6 (iv) (छ) में पहले से दर्शाया गया है, रु0 585 लाख का अनाच्छादित एआरआर/कुशन इन अनाच्छादित मदों का ध्यान रखेगा और इसलिए राजस्व विवीक्षा प्रपत्र 3 में नहीं दर्शाए गए हैं।
8.	अतिरिक्त अधिशेष का समायोजन:	
	हमारे पत्र दिनांक 31 मार्च 2015 के पैरा 2 (iv) में मांगी गई सूचना पर एनएमपीटी द्वारा प्रेषित जवाब संतोषजनक रूप से संबोधित नहीं किया गया है। जैसाकि उक्त पत्र में बताया गया है, एनएमपीटी पिछले प्रशुल्क संशोधन आदेश के कार्यान्वयन की तारीख से आज की तारीख तक उक्त प्रशुल्क नीति के खंड 4.1 के अधीन यथा अपेक्षित अतिरिक्त अधिशेष की जांच करे और इसे हमें सूचनार्थ भेजे।	टीएएमपी द्वारा किया गया पर्यवेक्षण नोट किया गया है। इस मामले में, एक विस्तृत स्वतः–स्पष्ट विवरण इस पत्र के साथ अनुबंध–IV रूप में संलग्न किया गया है जिससे स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।
9.	कार्यनिष्पादन मानक:	
	एनएमपीटी ने प्रपत्र–5 में कार्यनिष्पादन मानकों का प्रस्ताव किया है। प्रशुल्क नीति 2015 का खंड 3.2 विनिर्दिष्ट करता है कि खंड 2.8 में यथा दिया गया एसओआर का सूचकांकन महापत्तन न्यासों द्वारा प्रतिबद्ध कार्यनिष्पादन मानकों की उपलब्धि के अधीन होगा। यदि कोई पत्तन विशेष कार्यनिष्पादन मानकों को पूरा नहीं करता है तो अगले वर्ष के दौरान सूचकांकन की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतः एनएमपीटी खंड 3.2. में विनिर्दिष्ट किए गए प्रावधान के अनुसार सूचकांकन पर दरमान में उपयुक्त खंड शामिल करे।	प्रपत्र सं. 5 में कार्यनिष्पादन मानक टीएएमपी द्वारा यथा निदेश अब संशोधित प्रस्ताव का हिस्सा है। एनएमपीटी ने संशोधनों को शामिल करने का पूरा ध्यान रखा है, जैसाकि टीएएमपी द्वारा सुझाव दिया गया था और प्रशुल्क नीति 2015 दिशानिर्देशों के अनुसार रु. 35,313 लाख/वार्षिक के अधिकतम सूचकांकित वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) का दावा करने के लिए पात्र है। इसके विपरीत, एनएमपीटी ने रु0 584.92 लाख/वार्षिक का अनाच्छादित एआरआर/कुशन छोड़ते हुए रु. 34,728.08 लाख/वार्षिक के लिए प्रपत्र 3 में राजस्व का अनुमान लगाया है।

12. अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण भेजते समय, एनएमपीटी ने अपने ईमेल दिनांक 30 अक्तूबर 2015 द्वारा एआरआर का संशोधित परिकलन, संशोधित प्रस्तावित एसओआर और एआरआर के संशोधित अनुमानन के मद्देनजर प्रस्तावित दर पर राजस्व का संशोधित अनुमानन भी भेजा था। संशोधित प्रस्ताव दिनांक 30 अक्तूबर 2015 में एनएमपीटी द्वारा किए गए मुख्य संशोधन नीचे दिए गए हैं:—

(i) प्रचालन व्यय तथा मूल्यह्रास के जोड़ के 25 प्रतिशत की सीमा के अधीन एआरआर में स्वीकार्य प्रबंधन तथा सामान्य उपरिव्ययों से संबंधित प्रपत्र-2 में संशोधन किया गया है। इसके परिणामस्वरूप, मूल प्रस्ताव में वर्ष 2013—14 में रु0 221.60 लाख अलग करने हेतु सुविचारित प्रबंधन तथा सामान्य उपरिव्ययों को संशोधित प्रस्ताव में रु0 502.13 लाख में संशोधित की गई है।

(ii) इसके अलावा, संपदा गतिविधि से संबंधित निवल अचल परिसंपत्तियों में संशोधन के लिए 31 मार्च 2013 के अनुसार नियोजित पूंजी आंकड़े में कुछ मामूली संशोधन अलग रखा गया है। 16 प्रतिशत आरओसीई स्वीकृत करने के प्रयोजन के लिए एआरआर परिकलन में सुविचारित संशोधित नियोजित पूंजी इसके मूल प्रस्ताव में अनुमानित रु. 65,955.92 लाख के स्थान पर रु0 65.778.90 लाख है।

(iii) एआरआर के संशोधित परिकलन के अनुसार, एनएमपीटी द्वारा अपने मई 2015 प्रस्ताव में निर्धारित रु0 33,552 लाख के स्थान पर वर्ष 2015—16 के लिए रु. 35,313 लाख है।

(iv) एनएमपीटी द्वारा प्रेषित संशोधित एआरआर परिकलन का सार नीचे तालिकाबद्ध किया गया है:—

(रु. लाखों में)

क्र.सं.	विवरण	वर्ष 1 (2011-12)	वर्ष 2 (2012-2013)	वर्ष 3 (2013-2014)
(1)	कुल व्यय (लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार)	26,586.10	27,981.89	27,979.29
(2) (क)	घटाएं समायोजनः			
(i)	संपदा संबधित व्यय	979.04	1070.98	1142.05
(ii)	ऋणों पर ब्याज	0.78	-	-
(iii)	एकमुश्त व्ययों, यदि कोई हों, का 4/5वां जैसे मजदूरी का बकाया, पेंशन/ग्रेच्युटी के बकाया, एक्सग्रेशिया भुगतान के बकाया आदि (प्रत्येक मदों की सूची बनाएं)			
	(क). डब्ल्यूआरसी बकाया	-	1,340.00	-
(iv)	पेंशन निधि में अंशदान का 4/5वां	3,812.00	3,520.00	2,160.00
(v)	प्रचालन व्यय तथा मूल्यह्रास के जोड़ के 25 प्रतिशत से अधिक प्रबंधन तथा सामान्य उपरिव्यय	-	-	502.13
(vi)	प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 2.10. के अधीन शासित केपटिव बर्थ, यदि कोई हो, के प्रशुल्क निर्धारण हेतु प्रासंगिक व्यय।	1,145.52	1,145.70	1,038.99
	कुल समायोजन	**5937.34**	**7076.68**	**4843.17**
(3)	कुल समायोजनों के बाद कुल व्यय **(3 =2-1)**	**20,648.76**	**20,905.21**	**23,136.12**
(4)	क्र.सं. 3 के औसत व्यय = [वाई1 + वाई2 + वाई3] / 3	21,563.36		
(5)	नियोजित पूंजी			
	(i) 31.03.2014 के अनुसार निवल अचल परिसंपत्तियां (लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार)	61,480.49		
	(ii) जोड़ेः 31—03—2014 के अनुसार प्रगतिधीन कार्य (लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार)	7,153.06		
	(iii) घटाएंः लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के अनुसार 31—03—2014 को संपदा गतिविधि से संबंधित अचल परिसंपत्तियों का निवल मूल्य	3,431.27		
	(iv) घटाएंः लेखापरीक्षित लेखों के अनुसार 31 मार्च 2014 को बीओटी प्रचालक को स्थानांतरित अचल परिसंपत्तियों, यदि कोई हो, का निवल मूल्य।	-		
	(v) घटाएंः प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 2.10. के अधीन केपटिव बर्थों, यदि कोई हों, के लिए सुविचारित किए जाने हेतु प्रासंगिक लेखापरीक्षित लेखों के अनुसार 31 मार्च 2014 को अचल परिसंपत्तियों का निवल मूल्य।	2,538.29		
	(vi) जोड़ेंः कार्य दिशानिर्देशों के खंड 2.5 में निर्धारित प्रतिमानकों के अनुसार कार्यगत पूंजी	3,114.91		

	(vii) कुल नियोजित पूंजी	65,778.90
(6)	क्र.सं. **5(vii)** पर 16 प्रतिशत नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ	10,525.00
(7)	31 मार्च 2014 को वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) **[(4)+ (6)]**	32,088.36
(8)	वर्ष 2014–15 के लिए लागू डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत की दर से एआरआर में सूचकांकन **(6%)**	**34,014.00**
(9)	वर्ष 2015–16 के लिए लागू डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत की दर से एआरआर में सूचकांकन **(3.82%)**	**35,313.00**
(10)	अधिकतम सूचकांकित वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर)	**35,313.00**
(11)	प्रस्तावित एसओआर में राजस्व अनुमानन जोकि उपर्युक्त क्र.सं. 10 में अनुमानित अधिकतम सूचकांकित एआरआर के भीतर है।	**34,728.08**

(v) (क) एनएमपीटी ने वर्ष 2014–15 के लिए एनएमपीटी द्वारा प्रहस्तित वास्तविक यातायात के लिए प्रस्तावित प्रशुल्क पर विचार करते हुए प्रपत्र 3 में राजस्व अनुमानन की विस्तृत गणना भेजी है।

(ख) अमेरिकी डॉलर में मूल्यवर्गित पोत संबंधित सेवा से राजस्व का अनुमान लगाने के लिए, एनएमपीटी ने अपने द्वारा पहले सुविचारित 1 अ.डा. = रु0 61.00 के स्थान पर 1 अ.डा. = रु0 66.00 की विनिमय दर पर विचार किया है।

(ग) उक्त प्रपत्र के अनुसार, कार्गो, पोत, विविध प्रभारों, रजिस्टर्ड कार्गो हैंडलिंग लेबर विंग से कार्गो प्रहस्तन कामगार की आपूर्ति हेतु लेवी से 2014–15 में एनएमपीटी द्वारा प्रहस्तित वास्तविक यातायात के लिए प्रस्तावित प्रशुल्क पर एनएमपीटी द्वारा अनुमानित कुल राजस्व एनएमपीटी द्वारा निर्धारित रु0 35,313 लाख के एआरआर के स्थान पर प्रस्तावित प्रशुल्क पर रु0 34,728 लाख है। पत्तन ने बताया है कि रु0 585 लाख (अर्थात् रु0 35,313 लाख – रु0 34,728 लाख) का शेष राजस्व कुछ प्रशुल्क मदों से राजस्व के लिए अनकवर्ड छूट गया है जिसके लिए पूर्व में चर्चा की गई है कि पत्तन हमारे द्वारा मांगी गई अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण में एनएमपीटी द्वारा प्रेषित उत्तर में बताए गए कारणों से राजस्व का अनुमान नहीं लगाया जा सका था।

(vi) एनएमपीटी ने मई 2015 प्रस्ताव में प्रस्तावित 25 प्रतिशत वृद्धि के बजाय 33 प्रतिशत अक्रास द बोर्ड पर प्रस्तावित वृद्धि के सिवाय अक्तूबर 2015 में दाखिल प्रस्तावित एसओआर में कोई संशोधन प्रस्तावित नहीं किया है। तथापि, पत्तन देयताओं, मार्शलिंग यार्ड प्रभारों में प्रस्तावित वृद्धि मई 2015 प्रस्ताव में प्रस्तावित स्तर पर है।

(vii) जैसाकि पहले बताया गया है, एनएमपीटी ने अपने पत्र दिनांक 9 दिसम्बर 2015 द्वारा मई 2015 प्रस्ताव में उसके द्वारा प्रस्तावित यथामूल्य घाटशुल्क दर के स्थान पर प्रति टन आधार पर ब्रेक बल्क कार्गो हेतु घाटशुल्क का प्रस्ताव किया है।

एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित प्रति टन दर के सापेक्ष मौजूदा यथामूल्य घाटशुल्क दर नीचे दी गई है:–

क्र. सं.	कार्गो का विवरण	यथामूल्य आधार पर मौजूदा दर		अक्तूबर 2015 प्रस्ताव में प्रस्तावित दर		09–12–15 प्रस्ताव में प्रस्तावित दर (रु0/टन में) सिवाय क्र.सं. 3		निम्न से अंगीकृत दर (एनएमपीटी द्वारा यथा दिया गया)
		एफ	सी	एफ	सी	एफ	सी	
1	मसाले (इलायची, अदरक, हल्दी, कोरिएंडर सीड, काली मिर्च, मिर्चें आदि)	0.015%	0.009%	0.020%	0.012%	50.77	30.46	चेन्नई पत्तन
2	मछली शुष्क, स्वच्छ, नमकीकृत संरक्षित अथवा फ्रोजन परान्स, फ्रॉग लैग्स और संरक्षित अथवा फ्रोजन लोब्सटर्स	0.059%	0.036%	0.078%	0.048%	38.58	23.14	चेन्नई पत्तन
3	यार्न, कॉटन और वूल रॉ, बेकार या उत्पादित स्टेपल फाइबर	0.059%	0.036%	0.078%	0.048%	121.68/सीबीएम	73.00/सीबीएम	चेन्नई पत्तन
4	एरिकनट्स, बीड़ी पत्ते और बीडिया, कॉफी इंस्टेट कॉफी एसेंस या पाउडर, मेगनिसाइट ल्यूमिनेट्स मोनाजाइट बाक्साइट रूटल सैंड, चंदन की लकड़ी के लट्ठे, और उत्पाद, चाय, काफी/काफी हस्क, तम्बाकू	0.074%	0.044%	0.098%	0.059%	50.00	30.00	कोचीन पत्तन
5	अस्फाल्ट, बिटुमेन	0.237%	0.142%	0.315%	0.189%	81.65	48.99	कोलकाता पत्तन
6	प्लांट और मशीनरी (नॉक डाउन कंडिशन्स अथवा अन्यथा) (टनों में)	₹96.20	₹57.72	0.370%	0.223%	127.95	76.77	मौजूदा 33 प्रतिशत तक

								वृद्धि
7	पत्तन के माध्यम से आयातित/निर्यातित वाहन/उपस्कर	--	--	0.61%	0.37%	3000	1800	कोचीन पत्तन
8	अति आयामीय कार्गो	0.296%	0.178%	0.394%	0.237%	875.00	525.00	जेएनपीटी

(iv). कार्यनिष्पादन मानक:
कार्यनिष्पादन मानक इसके पूर्व संशोधित प्रस्ताव दिनांक 18 मई 2015 में यथा प्रस्तावित बनाए रखने का प्रस्ताव किया है और इसलिए यहां दोहराया नहीं गया है।

13. एनएमपीटी ने प्रपत्र 1 के अधीन वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) और प्रपत्र 3 में प्रस्तावित दर पर राजस्व अनुमानन की प्रमाणित प्रति अपने पूर्व पत्र दिनांक 25 नवम्बर 2015 द्वारा भेजा था जोकि एनएमपीटी पत्र दिनांक 30 अक्तूबर 2015 द्वारा पहले ही प्रेषित किया गया है।

14. एनएमपीटी ने अपने ईमेल दिनांक 06 जनवरी 2016 द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार करने का अनुरोध किया था:—

(i) सिंगल प्वाइंट मूरिंग (एसपीएम) सुविधा 29 अगस्त 2013 से शुरू की गई थी और उस समय एसपीएम सुविधाओं के लिए एनएमपीटी के एसओआर में प्रचलित दरें उपलब्ध नहीं थीं।

(ii) एनएमपीटी ने अपने समसंख्यक पत्र दिनांक 02 अप्रैल 2014 द्वारा, कोचीन पत्तन न्यास एसपीएम समग्र दर की स्वीकृति संप्रेषित करते हुए मै0 एमआरपीएल का सहमति पत्र दिनांक 25 मार्च 2014 संलग्न किया था।

(iii) इस प्राधिकरण ने 29 अगस्त 2013 से पूर्वव्यापी प्रभाव से आंशिक रूप से कोचीन पत्तन न्यास दरें अंगीकृत करते हुए एक अंतरिम आदेश सं टीएएमपी/17/2014--एनएमपीटी दिनांक 20 मई 2014 पारित किया था।

(iv) एनएमपीटी ने विस्तृत लागत गणनाओं के साथ एसपीएम प्रचालनों के लिए अंतिम दरों के निर्धारण हेतु एक प्रस्ताव दिनांक 14 मार्च 2014 पारित किया था जैसाकि इस प्राधिकरण द्वारा भी समय—समय पर स्पष्टीकरण मांगा जाता रहा है।

(v) इस प्राधिकरण ने आदेश सं. टीएएमपी/17/2014—एनएमपीटी दिनांक 27/28 जुलाई 2015 द्वारा भावी प्रभाव से एसपीएम दरों पर अंतिम आदेश पारित किया है। अंतिम आदेश पारित करते समय, टीएएमपी ने खंड 16 (xii) के अधीन नोट किया है कि एनएमपीटी प्रशुल्क नीति, 2015 के अधीन अपने दरमानों के संशोधन हेतु प्रस्ताव पहले ही दाखिल कर चुका है और एक बार जब एसपीएम प्रचालन के लिए अनुमोदित दरों की अनुमोदित वैधता को टीएएमपी द्वारा संशोधित किए जाने वाले सामान्य दरमानों की वैधता के साथ सह—समाप्त बनाए गए हैं।

(vi). इस प्राधिकरण ने अपने पत्र सं. टीएएमपी/22/2015—एनएमपीटी दिनांक 13 अक्तूबर 2015 द्वारा एआरआर अपेक्षा हेतु सूचकांकन अंगीकृत करते हुए दरमानों के एनएमपीटी के संशोधन के प्रस्ताव को संशोधित करने का अनुरोध किया था। इस संदर्भ में, यह निवेदन किया गया है कि सूचकांकन एसपीएम की अंतिम दर के निर्धारण हेतु भी समान रूप से लागू होगा चूंकि टीएएमपी को प्रस्तुत किया गया प्रस्ताव 2012—13 वास्तविक पर आधारित था। अतः इस प्राधिकरण से अनुरोध है कि 2014—15 के लिए 6 प्रतिशत और दोबारा वर्ष 2015—16 के लिए 3.82 प्रतिशत तक एसपीएम हेतु अंतिम दर के निर्धारण को सूचकांकित करते हुए संशोधित आदेश पारित करने का अनुरोध किया गया है।

15. एनएमपीटी ने अपने ईमेल दिनांक 14 जनवरी 2016 और 6 फरवरी 2016 द्वारा भी आदेश सं. टीएएमपी/4/2004—सामा. दिनांक 5 अक्तूबर 2015 द्वारा इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित तटीय रियायत नीति में संशोधन पर विधिवत् विचार करते हुए संशोधित प्रस्तावित एसओआर, एआरआर का संशोधित परिकलन भेजा था। संशोधित राजस्व अनुमान प्रैक्टिस कर रहे सनदी लेखाकार तथा वित एवं मुख्य लेखा अधिकारी द्वारा विधिवत् प्रमाणित किया गया है। संशोधित प्रस्ताव दिनांक 14 जनवरी 2016 में एनएमपीटी द्वारा किए गए मुख्य संशोधन और एनएमपीटी द्वारा किए गए निवेदन नीचे दिए गए हैं:—

(i) इस प्राधिकरण द्वारा अपने आदेश सं. टीएएमपी/53/2015—वीओसीपीटी दिनांक 3 दिसम्बर 2015 द्वारा यथा अधिसूचित, एनएमपीटी ने तटीय कार्गो/कंटेनर हेतु रियायती प्रभारों की वसूली पर सामान्य अंगीकरण आदेश में निर्धारित प्रावधानों के लिए अपने एसओआर की सामान्य शर्तों में संशोधन शामिल किए हैं।

(ii) इस संशोधन के परिणामस्वरूप, एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित तटीय पोत हेतु पत्तन देयताओं में वृद्धि उसके प्रस्ताव दिनांक 30 अक्तूबर 2015 में प्रस्तावित 425 प्रतिशत वृद्धि की बजाय 467 प्रतिशत वृद्धि परिगणित होती है। तटीय पोत हेतु अन्य पोत संबंधित प्रभारों में वृद्धि विदेशगामी पोत हेतु प्रस्तावित दर पर प्रचलित विनिमय दर लागू करते हुए तटीय पोत हेतु पोत संबंधित प्रभार प्रस्तावित करने के परिणामस्वरूप इसके द्वारा पहले प्रस्तावित 33 प्रतिशत वृद्धि की बजाय 95 प्रतिशत से 97 प्रतिशत के बीच है और उसका 60 प्रतिशत एमओएस द्वारा जारी की गई तटीय रियायत नीति में हाल ही के संशोधन के अनुसार है। प्रपत्र—3 में अनुमानित राजस्व अपेक्षा अक्तूबर 2015 के इसके प्रस्ताव में एनएमपीटी द्वारा अनुमानित रु0 34,728.08 लाख/वार्षिक के स्थान पर तदनुसार रु0 35,091.99 लाख/वार्षिक में संशोधित किया गया है। एनएमपीटी द्वारा अनुमानित सूचकांकित अधिकतम एआरआर रु0 35,313 लाख/वार्षिक में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। प्रपत्र—3 में संशोधित राजस्व अनुमानन के अनुसार, अनाच्छादित रह गया एआरआर अक्तूबर 2015 प्रस्ताव में अनुमानित रु0 585 लाख/वार्षिक की बजाय रु0 212.01 लाख/वार्षिक (अर्थात् रु0 35,313 — रु0 34,728.08) है। उपर्युक्त के अलावा, पत्तन ने कोई अन्य संशोधन नहीं किया है।

(iii) इसके अलावा, यहां पर उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि हालांकि एनएमपीटी ने इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित विभिन्न सेवाओं हेतु, अधिकतम दर के रूप में, दर की मांग की थी, एनएमपीटी अपने उपयोक्ताओं से रियायत के माध्यम से बहुत कम वसूली कर रहा है। ऐसा एक उदाहरण है फीडर लाइन पोतों के पत्तन देयताओं और बर्थ किराया प्रभारों को शामिल करते हुए लागू पत्तन प्रभारों पर 25 प्रतिशत की रियायत स्वीकृत करना। एनएमपीटी अपने बोर्ड से अनुमोदन प्राप्त करते हुए 2004–2005 से यह रियायत उपलब्ध करवा रहा है जिसे आज की तारीख तक प्रत्येक छह माह तक विस्तारित किया गया है। इसलिए, यह महसूस किया गया है कि रु0 221.01 लाख का अप्रयुक्त एआरआर इस कार्यसूची नोट के पैरा 4.2. (ii) (ख) में सूचीबद्ध मदों हेतु राजस्व कवर करने में पर्याप्त है।

(iv) एनएमपीटी ने सामान्य अंगीकरण आदेश दिनांक 5 अक्तूबर 2015 में यथा अनुमोदित निर्धारित सामान्य शर्तों (v) (क) और (ख) के सिवाय जनवरी 2016 में दाखिल किए गए प्रस्तावित एसओआर में कोई संशोधन प्रस्तावित नहीं किया है। इसके अलावा, आदेश सं. टीएएमपी/53/2015–वीओसीपीटी दिनांक 3 दिसम्बर 2015 द्वारा यथा अनुमोदित लागू प्रभारों और विदेशगामी पोत से तटीय पोत के रियायत हेतु मानदंड से संबंधित प्रावधान भी निर्धारित प्रस्तावित एसओआर में शामिल किए बताए गए हैं।

(v) तटीय पोत के लिए पोत संबंधित प्रभारों के संबंध में, एनएमपीटी ने यह टिप्पणी प्रस्तावित की है कि आदेश दिनांक 5 अक्तूबर 2015 में यथा अनुमोदित "तटीय पोत के लिए दर विनिमय दर उतार–चढ़ाव को लेखा में लेते हुए परिकलित (जक्सटापोस्ड विदेशगामी पोत हेतु दर के) 60 प्रतिशत तक है।

(vi) कार्यनिष्पादन मानक:
कार्यनिष्पादन मानक इसके पूर्व संशोधित प्रस्ताव दिनांक 18 मई 2015 में यथा प्रस्तावित बनाए रखने का प्रस्ताव किया गया है।

16.1. जब मामला अंतिम रूप दिए जाने की स्थिति में था, यह देखा गया था कि कुद्रेमुख ऑयरन ऑर कम्पनी लि0 (केआईओसीएल) और उडुपी पावर कार्पोरेशन लि0 (यूपीसीएल) के समीपवर्ती बर्थों से पोत संबंधित प्रभारों (वीआरसी) के मामले में राजस्व अनुमान एनएमपीटी द्वारा प्रपत्र–3 में राजस्व अनुमानों में नहीं लिए गए हैं। जब एनएमपीटी द्वारा यथा प्रेषित राजस्व अनुमान इन दो समीपवर्ती बर्थों से पोत संबंधित राजस्व लेने के लिए सही किए गए थे जैसे इन दो केपटिव बर्थ हेतु पोत संबंधित प्रभार पत्तन के दरमानों के अनुसार संग्रहीत करता है, यह देखा गया था कि पत्तन द्वारा प्रस्तावित प्रशुल्क स्तर पर राजस्व अनुमान 36489.94 परिगणित होता है जोकि पत्तन द्वारा अनुमानित एआरआर से अधिक है। अतः पत्तन से हमारे ईमेल दिनांक 28 जनवरी 2016 द्वारा अनुरोध किया गया था कि प्रस्तावित प्रशुल्क में उपयुक्त कटौती का प्रस्ताव करे ताकि अनाच्छादित प्रशुल्क मदों हेतु छूटे राजस्व अनुमान तथा कुशन एआरआर के भीतर है और सनदी लेखाकार द्वारा यथा प्रमाणित तदनुसार संशोधित प्रपत्र–1, प्रपत्र–3 और संशोधित एसओआर भेजें।

16.2. एनएमपीटी ने अपने पत्र दिनांक 28 जनवरी 2016 द्वारा प्रत्युत्तर दिया था। पत्तन के निवेदनों को प्रासंगिक पाए गए स्तर तक नीचे सारबद्ध किया गया है:–

(i) प्रशुल्क नीति 2015 में, खंड सं. 2.2(v) में बताया गया है "सभी व्यय (अर्थात् प्रचालन व्यय, मूल्यह्रास, आबंटित प्रबंधन तथा सामान्य उपरिव्यय, आबंटित वित्त एवं विविध व्यय) और सभी ऐसे व्यय जो इसके बावजूद समीपवर्ती बर्थों के लिए प्रासंगिक हैं पत्तन तथा संबद्ध उपयोक्ताके बीच प्रशुल्क व्यवस्थाओं पर परस्पर सहमत है अथवा नहीं, अलग रखा जाए। इस संदर्भ में, खंड के सामान्य पठन क आधार पर और जीएएपी के अधीन मिलान परिकल्पना के अनुसार भी, एनएमपीटी ने न केवल केपटिव बर्थों के व्यय भाग को अलग रखा है, अपितु समीपवर्ती बर्थों के लिए तदनुरूपी राजस्व से भी अलग रखा गया है। इसके अलावा, प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किया गया "अनुमान", जोकि उपर्युक्त परिकल्पना पर भी आधारित है, एनएमपीटी ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि प्रशुल्क नीति 2015 के अनुसार, समीपवर्ती बर्थों से अर्जित राजस्व और प्रहस्तित कार्गो पर विचार नहीं किया गया है।

(ii) पत्तन राजस्व अनुमानों में समीपवर्ती बर्थों से पोत संबंधित राजस्व के समावेशन हेतु पत्र 28 जनवरी 2016 में किए गए निवर्चन से सहमत नहीं है।

(iii) पत्तन ने दोहराया है कि पत्तन देयताएं 15 वर्षों (5 प्रशुल्क चक्रों) से संशोधित नहीं किए गए हैं। इस प्राधिकारण को जमा किए गए एसपीएम प्रस्ताव के समय किए गए लागतकरण के आधार पर, पत्तन देयताएं तदनुसार संशोधित की गई हैं। इसी तरह, पिछले 2 प्रशुल्क चक्रों से वीआरसी संशोधित नहीं किए गए हैं और मार्शलिंग यार्ड उपयोग प्रभारों हेतु दर वर्ष 1995 के दौरान पिछली बार संशोधित किए गए थे और पिछले 20 वर्षों से संशोधित नहीं किए गए हैं।

(iv) अतः एनएमपीटी ने प्राधिकरण से अनुरोध किया है कि एनएमपीटी द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव को बनाए रखा जाए, प्रस्तावित प्रशुल्क पर विचार तथा अधिसूचित किया जाए जिसके लिए पत्तन प्रशुल्क नीति, 2015 के अनुसार हकदार है।

17 इस मामले में परामर्श से संबंधित कार्यवाहियां इस प्राधिकरण के कार्यालय में अभिलेखों में उपलब्ध हैं। प्राप्त हुई टिप्पणियों और संबद्ध पक्षों द्वारा की गई टिप्पणियों का सार प्रासंगिक पक्षों को अलग से भेजा जाएगा। ये ब्योरे हमारी वेबसाइट http://tariffauthority.gov.in पर भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।

18. इस मामले की कार्यवाही के दौरान एकत्र की गई समग्र सूचना के संदर्भ में, निम्नलिखित स्थिति प्रकट होती है:–

(i) न्यू मंगलूर पत्तन न्यास (एनएमपीटी) का दरमान (एसओआर) पिछली बार जनवरी 2012 में इस प्राधिकरण द्वारा संशोधित किया गया था। इस प्राधिकरण द्वारा अपने आदेश दिनांक 6 जनवरी 2012 द्वारा अनुमोदित एनएमपीटी के दरमान की वैधता 31 मार्च 2015 है। इसलिए, एनएमपीटी ने 13 जनवरी 2015 से प्रभावी प्रशुल्क नीति, 2015 का अनुसरण करते हुए अपने दरमान के सामान्य संशोधन के लिए अपना प्रस्ताव दाखिल किया था। प्रशुल्क नीति, 2015 का खड 1.5 इस प्राधिकरण को यह अधिकार देता है कि प्रशुल्क नीति को कार्यान्वित करने के लिए सभी महापत्तन न्यासों के साथ विचार–विमर्श से वर्किंग दिशानिर्देश जारी किए जाएं। वर्किंग दिशानिर्देशों का मसौदा पत्र दिनांक 30 जनवरी 2015 द्वारा सभी महापत्तन न्यासों को परिचालित किया गया था और इस प्राधिकरण के कार्यालय में 18 अप्रैल 2015 को एक परामर्श बैठक आयोजित की गई थी। वर्किंग दिशानिर्देश राजपत्र सं. 207 द्वारा 4 जून 2015 को अधिसूचित किए गए थे जब एनएमपीटी

ने अपना प्रस्ताव दाखिल किया था उस समय वर्किंग दिशानिर्देश तैयार किए जा रहे थे। एनएमपीटी ने प्रशुल्क नीति 2015 के अधीन मार्च 2015 में मूल प्रस्ताव दाखिल किया था जिसमें इसने विदेशगामी पोत के लिए पत्तन देयताओं में 132 प्रतिशत वृद्धि, मार्शलिंग यार्ड के लिए प्रभारों में 100 प्रतिशत वृद्धि तथा सभी प्रशुल्क मदों में 18 प्रतिशत वृद्धि की मांग की थी। प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 1.5. के अनुसरण में मसौदा वर्किंग दिशानिर्देशों पर सभी महापत्तन न्यासों के साथ इस प्राधिकरण द्वारा की गई बैठक के परिणामस्वरूप, पत्तन ने एक संशोधित प्रस्ताव दिनांक 18 मई 2015 दाखिल किया था। तत्पश्चात, एनएमपीटी ने हमारे द्वारा मांगी गई सूचना/स्पष्टीकरण भेजते समय अपने पत्र दिनांक 30 अक्तूबर 2015 द्वारा संशोधित प्रस्ताव दाखिल किया था। संशोधित प्रस्ताव में, एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित वृद्धि इसके द्वारा मई 2015 में मांग की गई 25 प्रतिशत वृद्धि के स्थान पर 33 प्रतिशत है। मार्शलिंग यार्ड के लिए पत्तन देयताओं और प्रभारों की दर में वृद्धि को बनाए रखा गया था जैसा इसके मूल प्रस्ताव में प्रस्तावित किया गया था।

13 अक्तूबर 2015 पत्र में, इस प्राधिकरण द्वारा पारित पूर्व आदेशों मे प्रदत्त सलाह का उल्लेख करते हुए क्र.सं. 7(ii) में पैरा 11 में बताया गया है, और प्रशुल्क नीति, 2015 को लागू करने के लिए इस प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.10 और एमओएस पत्र दिनांक 15 जुलाई 2015 के संदर्भ में भी, एनएमपीटी से यथामूल्य आधार पर प्रस्तावित घाटशुल्क दर की बजाय प्रासंगिक कार्गो का प्रहस्तन करने की लागत के संदर्भ में कार्गो की मात्रा अथवा भार पर ब्रेक बल्क कार्गो के लए घाटशुल्क दर प्रस्तावित करने का विशेष रूप से अनुरोध किया गया था। तथापि, एनएमपीटी ने अपने आदेश 2015 में ब्रेक बल्क कार्गो हेतु यथामूल्य घाटशुल्कदर को जारी रखने का प्रस्ताव किया है। तत्पश्चात, एनएमपीटी ने अपने पत्र दिनाक 9 दिसम्बर 2015 द्वारा प्रति टन घाटशुल्क दर का प्रस्ताव किया है और राजस्व अनुमानन में इसके प्रभाव पर विचार किया है।

यहां यह बताना भी प्रासंगिक है कि जैसाकि क्र.सं. 6(ii) में पैरा 11 में दिया गया है हमारे पत्र दिनांक 13 अक्तूबर 2015 में, पत्तन से अतिरिक्त सूचना मागने के समय, जनवरी 2005 में (तत्कालीन) पोत परिवहन, सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमएसआरटीएच) द्वारा जारी की गई तटीय रियायत नीति को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए इस प्राधिकरण को निदेश जारी करते हुए एमओएस पत्र दिनांक 17 सितम्बर 2015 की ओर संदर्भ आकर्षित किया गया था। तटीय पोत तथा तटीय कंटेनर हेतु दरों के तत्काल निर्धारण के लिए एमओएस के निदेश के आधार पर, इस प्राधिकरण ने एक आदेश सं. टीएएमपी/4/2004–सामा. दिनाक 5 अक्तूबर 2015 पारित किया था जिसे कार्यान्वयन के लिए एनएमपीटी सहित सभी महापत्तन न्यासों तथा संबद्ध बीओटी प्रचालकों को भी संप्रेषित किया गया था। एमओएस के निदेश के आधार पर इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित उक्त आदेश के अनुसार, अमेरिकी डॉलर में मूल्यवर्गित पोत संबंधित प्रभार तटीय पोतों के लिए रियायती प्रभारों की वसूली हेतु भारतीय रुपया बनाम अमेरिकी डॉलर के विनिमय दर उतार–चढ़ाव को ध्यान में रखा जाना चाहिए ताकि सभी तटीय पोतों के लिए पोत संबंधित प्रभार तदनुरूपी प्रभारों के 60 प्रतिशत से अधिक नहीं हों और ये प्रभार लागू विनिमय दर पर भारतीय रुपयों में वसूल किए जाएंगे। विदेशी कंटेनरों हेतु अमेरिकी डॉलर में मूल्यवर्गित कंटेनर संबंधित प्रभारों को यही संव्यवहार दिया गया है। चूंकि इसका राजस्व अनुमानन एवं प्रस्तावित प्रशुल्क पर प्रभाव पड़ेगा, इसलिए एनएमपीटी से प्रस्तावित दरमानों एवं राजस्व अनुमानों में जरूरी संशोधन करने के लिए हमारे पत्र दिनांक 13 अक्तूबर 2015 द्वारा विशेष रूप से अनुरोध किया गया था। एनएमपीटी ने अपना संशोधित प्रस्ताव दिनांक 30 अक्तूबर 2015 भेजते समय यह कार्यवाही नहीं कर सका था। यह केवल इसके पत्र दिनांक 14 जनवरी 2016 द्वारा है, एनएमपीटी ने तटीय पोत हेतु पोत संबंधित प्रभारों और तटीय कंटेनर हेतु कंटेनर भंडारण प्रभारों जिनका काउंटरपार्ट अमेरिकी डॉलर में मूल्यवर्गित किया गया है, के संबंध में प्रस्तावित दरमान संशोधित किए हैं।

एनएमपीटी द्वारा अपने पत्र दिनांक 14 जनवरी 2016 द्वारा दाखिल किया गया अंतिम संशोधित प्रस्ताव, मामले की कार्यवाही के दौरान पत्तन द्वारा किए गए निवेदनो के साथ, इस विश्लेषण में सुविचारित किए गए हैं।

(ii) प्रशुल्क नीति 2015 का खंड 2.1 अपेक्षा करता है कि प्रत्येक महापत्तन न्यास वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) का मूल्यांकन करे जोकि प्रैक्टिस कर रहे सनदी लेखाकार/लागत एवं प्रबंध लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित 31 मार्च 2014 को प्राप्त करते हुए पूंजी प्रगतिधीन कार्य सहित नियोजित पूंजीपर 16 प्रतिशत की दर से प्रतिलाभ और इस प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए वर्किंग दिशानिर्देशों तथा प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 2.2 में यथा निर्धारित विशेष अलग रखने के अधीन तीन वर्षों 2011–12 (वाई 1), 2012–13 (वाई 2) और 2013–14 (वाई 3) के अंतिम लेखापरीक्षित लेखों के अनुसार वास्तविक व्यय के जोड़ का औसत है।

एनएमपीटी ने प्रैक्टिस कर रहे सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित तीन वर्षों अर्थात् 2011–12 (वाई 1), 2012–13 (वाई 2) और 2013–14 (वाई 3) के लिए लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों के आधार पर वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) का मूल्यांकन किया है। प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 2.2. और वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.2 में यथा विनिर्दिष्ट, एनएमपीटी ने वर्ष 2011–12, 2012–13 तथा 2013–14 के लिए औसत वार्षिक व्ययों पर पहुंचने के लिए एआरआर परिकलन में अस्वीकार्य व्ययों को अलग रखा है। प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 2.2 और वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.2. में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार एनएमपीटी द्वारा किया गया निम्नलिखित समायोजन विशिष्ट उल्लेख हेतु दिया गया है:–

(क) एनएमपीटी ने प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 2.2. (i) और (ii) तथा इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित वर्किंग दिशानिर्देशों के अनुसार संपदा गतिविधि से संबंधित व्ययों एवं ऋण पर ब्याज को अलग रखा गया है।

(ख) प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 2.2. (iii) और वर्किंग दिशानिर्देशों के अनुसार, मजदूरी की बकाया राशियां, पेंशन/ग्रेच्युटी, मजदूरी संशोधन से प्रकट होने वाले एक्स–ग्रेशिया भुगतानों जैसे एकमुश्त व्ययों के 1/5 को वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) में शामिल किया जाना है। इसी तरह, पेंशन निधि में अंशदान का 1/5वां एआरआर की गणना हेतु शामिल किया जाना है। इसका अर्थ है उपर्युक्त व्ययों का 4/5वां एआरआर परिकलन में अलग रखा जाना है।

एनएमपीटी ने मजदूरी के बकाया राशियों के लिए वर्ष 2012–13 में रु0 1,340 लाख, वर्ष 2014–15 में प्रतिवेदित रु0 1,675 लाख के मजदूरी संशोधन बकाया राशियों का 4/5 होते हुए, अलग रखा गया है। इसे गणना से समर्थित किया गया है और इसलिए विचार किया गया है।

एनएमपीटी ने तदनुरूपी वर्षों के वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित पेंशन निधि में अंशदान का 4/5वां होते हुए वर्ष 2011–12, 2012–13 और 2013–14 में क्रमशः रु0 3,812 लाख, रु0 3,520 लाख तथा रु0 2,160 लाख अलग रखे हैं। एनएमपीटी द्वारा किया गया उपर्युक्त समायोजन प्रशुल्क नीति 2015 के अनुसार है और गणना से समर्थित किया गया है तथा इसलिए विचार किया गया है।

(ग) प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 2.2. (iv) और वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.2. (iv) के अनुसार, प्रचालन व्यय तथा मूल्यह्रास के जोड़ के 25 प्रतिशत की सीमा तक प्रबंधन तथा सामान्य प्रशासन उपरिव्यय ही एआरआर गणना में सुविचारित किए जाने हैं।

लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित प्रबंधन तथा सामान्य प्रशासन उपरिव्यय (एमजीएओ) वर्ष 2011–12, 2012–13 तथा 2013–14 के लिए क्रमशः रु0 5,474.81 लाख, रु0 5802.18 लाख और रु0 7065.75 लाख है। इसके विपरीत, एनएमपीटी ने यह पता लगाने के लिए कि एमजीएओ प्रचालन व्यय तथा मूल्यह्रास के 25 प्रतिशत की सीमा के भीतर है, तदनुरूपी अवधि के लिए क्रमशः रु0 4,240.20 लाख, रु0 4,468.30 लाख तथा रु0 5,377.13 लाख की दर से प्रपत्र–3 में एमजीएओ पर विचार किया है। एनएमपीटी ने प्रपत्र–2 में सुविचारित एमजीएओ का प्रत्येक वर्ष के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित आंकड़ों से मिलान किया है। पत्तन ने स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों के चिकित्सा व्यय, सीआईएसएफ तथा पेंशन भुगतान जो लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों में एमजीएओ में बताए गए हैं, कार्गो, पोत, रेलवे तथा संपदा संबंधित गतिविधियों पर आरोप्य प्रत्यक्ष व्यय हैं। इसलिए, एमजीओ के अधीन प्रतिवेदित व्ययों की प्रकृति संबद्ध प्रासंगिक गतिविधियों में पुनःआबंटित की गई है। पत्तन द्वारा प्रेषित स्पष्टीकरण के मद्देनजर और यह स्वीकार करते हुए कि एआरआर परिकलन सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित किया गया है, एनएमपीटी द्वारा किए गए उपर्युक्त समायोजन पर विश्वास किया गया है और स्वीकार किया जा सकता है। प्रपत्र–2 में एमओपीटी द्वारा प्रेषित गणना के अनुसार, वर्ष 2011–12 तथा 2012–13 के लिए, वास्तविक एमजीएओ प्रचालन व्यय तथा मूल्यह्रास के जोड़ के 25 प्रतिशत की सीमा के भीतर है। वर्ष 2013–14 के लिए, एनएमपीटी ने प्रचालन व्यय तथा मूल्यह्रास के जोड़ के 25 प्रतिशत की पहुंच रूप में एमजीएओ के रु0 502.13 लाख की राशि की पहचान की है और इसलिए इसे प्रशुल्क नीति, 2015 के प्रावधान का अनुपालन करते हुए वर्ष 2013–14 में एआरआर से अलग रखा गया है।

(घ) (i) इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.2(v) के अनुसार, केपटिव बर्थों के लिए प्रासंगिक सभी व्यय एआरआर के परिकलन से अलग किए जाने हैं। एनएमपीटी के प्रस्ताव में उल्लेख किया गया है कि दो केपटिव बर्थ अर्थात् बर्थ सं. 8 केआईओसीएल तथा बर्थ सं. 15 यूपीसीएल को दिया गया है। एनएमपीटी ने एआरआर गणना से 2010–11, 2011–12 तथा 2012–13 के प्रत्येक वर्ष हेतु केपटिव बर्थ सं. 8 केआईओसीएल से संबंधित व्ययों को अलग रखा है क्योंकि केआईओसीएल से संबंधित प्रशुल्क सचिव (भूतल परिवहन मंत्रालय) और सचिव (स्टील) के बीच 27 मई 1992 को हुई अंतर–सचिवीय बैठक में लिए गए निर्णयानुसार एनएमपीटी द्वारा दाखिल किए गए प्रस्ताव के आधार पर प्रत्येक वर्ष के लिए अलग से इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित किया गया है। सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित इस समायोजन को विधिवत् लेते हुए एनएमपीटी द्वारा की गई एआरआर गणना पर विश्वास किया गया है।

(ii) यूपीसीएल के संबंध में, एनएमपीटी ने बताया है कि यह किसी पूंजी अथवा राजस्व व्यय पर प्रोद्भूत नहीं होता है क्योंकि यह सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड पर दिया गया है तथा इसलिए यूपीसीएल हेतु व्ययों को अलग रखने का कोई मामला नहीं है। एनएमपीटी द्वारा प्रेषित उपर्युक्त स्पष्टीकरण पर विश्वास किया गया है।

इस मामले की कार्यवाही के दौरान, एनएमपीटी द्वारा यह बताया गया है कि इसने यूपीसीएल को केपटिव बर्थ रूप में बर्थ सं. 15 दिया है। एनएमपीटी से यूपीसीएल के केपटिव बर्थ में ऑफर की गई सेवाओं हेतु प्रशुल्क व्यवस्था के संबंध में प्राधिकरण स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया था क्योंकि एनएमपीटी और यूपीसीएल में से किसी ने भी बर्थ सं. 15 में प्रदत्त सेवाओं हेतु प्रशुल्क की मांग करते हुए इस प्राधिकरण का रूख किया था। एनएमपीटी ने हमारे द्वारा उठाए गए विशिष्ट बिन्दु को संबोधित नहीं किया है। इसने एनएमपीटी तथा यूपीसीएल के बीच हुए करार दिनांक 9 मई 2008 की प्रति मात्र ही अग्रेषित की गई है और बताया है कि यह यूपीसीएल के साथ इसके द्वारा किए गए उक्त करार द्वारा शासित है। इस मामले की कार्यवाही के दौरान पत्तन द्वारा अग्रेषित मई 2008 में एनएमपीटी तथा यूपीसीएल के बीच हुए केपटिव आधार पर बल्क कोयला टर्मिनल हेतु रियायत करार के अवलोकन पर, यह देखा गया है कि इस प्राधिकरण के दायरे के अधीन आने वाले प्रशुल्क के संबंध में, यूपीसीएल को प्रहस्तित वास्तविक कार्गो हेतु एनएमपीटी के लिए इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित लागू दरमान पर रेलवे मार्शलिंग यार्ड प्रभारों के 50 प्रतिशत का भुगतान करन होगा। जल क्षेत्र और भूमि क्षेत्र के लिए, पत्तन के लिए इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित दरमानों के अनुसार रियायत करार में निर्धारित वार्षिक लाइसेंस शुल्क देय है। रियायत करार के अनुसार, यूपीसीएल को पत्तन में किसी अन्य पोत एजेंट पर यथा लागू इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित दरमानों में निर्धारित दरों पर पाइलटेज, जल प्रभार तथा यूपीसीएल द्वारा अनुरोध की गई सेवाओं हेतु पत्तन देयताओं के मामले में जलयान संबंधित प्रभार अदा करने होंगे। रियायत करार में विशेष रूप से बताया गया है कि बर्थ किराया प्रभार लागू नहीं हैं क्योंकि यह केपटिव बर्थ के लिए है।

उपर्युक्त प्रावधान से, यह देखा गया है कि पोत संबंधित प्रभारों, मार्शलिंग यार्ड प्रभारों तथा लाइसेंस शुल्क के लिए यूपीसीएल केपटिव बर्थ हेतु एनएमपीटी द्वारा वसूल किए गए प्रभार इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित एसओआर में लागू दर के अनुसार हैं। जैसाकि पहले बताया गया है, एनएमपीटी यूपीसीएल को दी गई केपटिव सुविधा हेतु किसी पृथक प्रशुल्क व्यवस्था के साथ नहीं आया है।

यहां उल्लेख करना प्रासंगिक है कि खंड 9.2.(vi).(ख) में उक्त रियायत करार अन्य उपयोक्ताओं के लिए कोयला कार्गो का प्रहस्तन करने के लिए केपटिव टर्मिनल का उपयोग करने की यूपीसीएल को अनुमति देता है। यदि यूपीसीएल अन्य प्रयोक्ताओं हेतु कोयला कार्गो के प्रहस्तन के लिए केपटिव टर्मिनल का उपयोग करता है तो प्रभारों की वसूली हेतु प्रशुल्क व्यवस्था के संबंध में यूपीसीएल ने इस प्राधिकरण का रूख नहीं किया था। किसी उपयोक्ता को सेवाएं प्रदान करने के लिए महापत्तन न्यास द्वारा प्राधिकृत निजी प्रचालक अथवा महापत्तन न्यास द्वारा वसूल किया जाने वाला प्रशुल्क भले

ही यह केपटिव बर्थ उपयोक्ता हो, संविधि के अनुसार इस प्राधिकरण के अनुमोदन की अपेक्षा करेगा। ऐसी स्थिति में, लाइसेंसदाता पत्तन होने के नाते एनएमपीटी की पूरी तरह से यह जिम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करे कि अन्य उपयोक्ता को प्रदत्त सेवा के लिए यूपीसीएल द्वारा वसूल किए जाने वाले प्रशुल्क के लिए इस प्राधिकरण का अनुमोदन हो जैसाकि संविधि के अधीन अपेक्षित है और एनएमपीटी को यह निदेश दिया गया है कि इफको किसान बाजार लॉजिस्टिक्स लि0 में आदेश सं. टीएएमपी/55/2013–केपीटी दिनांक 15 जनवरी 2016 द्वारा अंगीकृत दृष्टिकोण का अनुसरण करते हुए प्रस्ताव दाखिल करने के संबंध में तीसरे पक्ष कार्गो के प्रहस्तन के लिए यूपीसीएल परिकल्पना से कम से कम तीन महीने पहले यूपीसीएल को उपयुक्त सलाह दे। सावधानी बरतते हुए, यह स्पष्ट किया गया है कि उनके द्वारा प्रदत्त सेवाओं, यदि कोई हों, के लिए तीसरे पक्ष कार्गो हेतु यूपीसीएल द्वारा वसूल किए जा रहे प्रशुल्क, यदि कोई हो, के लिए इस प्राधिकरण का अनुमोदन नहीं है।

(iii) प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 2.3. और वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.3. में निर्धारित प्रावधानों का अनुसरण करते हुए, एनएमपीटी वर्ष 2011–12, 2012–13 तथा 2013–14 के लिए औसत व्ययों रु0 21,563.36 लाख पर पहुंचा है।

(iv) एनएमपीटी वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.4. में निर्धारित प्रावधान के अनुसार नियोजित पूंजी पर पहुंचा है। एनएमपीटी ने लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों में प्रतिवेदित 31 मार्च 2014 को निवल अचल परिसंपत्तियों जमा पूंजी प्रगतिधीन कार्य पर विचार किया है। केपटिव बर्थ केआईओसीएल से संबंधित निवल अचल परिसंपत्तियां अलग रखी गई बताई गई हैं। जैसाकि पहले बताया गया है, एनएमपीटी ने बताया है कि केपटिव बर्थ यूपीसीएल से संबंधित पत्तन द्वारा प्रोद्भूत पूंजी व्यय नहीं है। कार्य पूंजी वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.5 में निर्धारित प्रतिमानों के अनुसार परिकलित किया गया है। एनएमपीटी द्वारा निर्धारित कुल नियोजित पूंजी रु0 65,778.90 लाख है। 16 प्रतिशत की दर से नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ रु0 10,525.00 लाख है जोकि एआरआर परिकलन में सुविचारित किया गया है।

(v) एआरआर वित्तीय वर्षों 2011–12 से 2013–14 के व्यय का औसत रु0 21,536.36 लाख जमा रु0 10,5252.00 लाख पर 16 प्रतिशत आरओसीई 31 मार्च 2014 को कुल रु0 32,088.36 लाख है। इसके अलावा, एनएमपीटी ने वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.7 के अनुसार क्रमशः 6 प्रतिशत और 3.82 प्रतिशत पर वर्ष 2014–15 तथा 2015–16 के लिए लागू डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत की दर से उक्त एआरआर को सूचकांकित किया है तथा वर्ष 2015–16 के लिए रु0 35,313 लाख पर दरमान अग्रेषित करते हुए अधिकतम सूचकांकित एआरआर पर पहुंचा है।

पत्तन द्वारा अपने पत्र दिनांक 30 अक्तूबर 2015 द्वारा दी गई एआरआर गणना की विस्तृत गणना, **अनुबंध–I** रूप में संलग्न किया गया है, जिसे सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित किया गया है, इस प्राधिकरण द्वारा विश्वास किया गया है। एनएमपीटी ने अपने अनुवर्ती संप्रेषण में एआरआर में कोई संशोधन नहीं किया था। सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित एनएमपीटी द्वारा प्रेषित अधिकतम सूचकांकन एआरआर का सार नीचे दिया गया है:–

(रु. लाखों में)

क्र.सं.	विवरण	2011-12	2012-13	2013-14
1	सभी समायोजनों के बाद कुल व्यय	20,648.76	22,245.21	21,796.12
2	औसत व्यय = [वाई1 + वाई2 + वाई3] / 3	21,563.36		
3	31–03–2014 को प्रगतिधीन पूंजी कार्य सहित 31–03–2014 को नियोजित पूंजी तथा प्रतिमानों के अनुसार कार्य पूंजी	65,778.90		
4	नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ @ 16%	10,525.00		
5	31 मार्च 2014 को एआरआर (5=2+4)	32,088.36		
6	वर्ष 2014–15 के लिए लागू डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत की दर से एआरआर में सूचकांकन (6%)	34,014.00		
7	वर्ष 2015–16 के लिए लागू डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत की दर से एआरआर में सूचकांकन (3.82%)	35,313.00		
8	अधिकतम सूचकांकित वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर)	35,313.00		

(vi) प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 2.5 के अनुसार, दरमान तैयार करते समय, एनएमपीटी ने बताया है कि रु0 35,313 लाख के अधिकतम सूचकांकित एआरआर के भीतर प्रस्तावित दरमान लेने के लिए वर्ष 2014–15 के दौरान पत्तन द्वारा प्रहस्तित पोत के जीआरटी तथा टनों में वास्तविक कार्गो यातायात पर विचार किया गया है।

एनएमपीटी द्वारा 2014–15 में प्रहस्तित वास्तविक कार्गो यातायात 365.66 लाख टन बताया गया है। पत्तन ने कार्गो संबंधित सेवाओं के लिए राजस्व का अनुमान लगाने के समय पड़ोसी बर्थों अर्थात् यूपीसीएल और केआईओसीएल के क्रमशः 27.25 लाख टन और 13.02 लाख के कार्गो यातायात को अलग रखा है। जैसाकि पहले बताया गया है, केआईओसीएल के लिए घाटशुल्क दर अलग से निर्धारित की गई है और पत्तन ने केआईओसीएल से संबंधित व्ययों को अलग रखा है जोकि वर्ष 2011–12 से 2013714 के लिए घाटशुल्क दर निर्धारित करने हेतु सुविचारित किया गया है। ऐसी स्थिति में, (राजस्व अनुमानन से केआईओसीएल के राजस्व संबंधित घाटशुल्क और) कार्गो यातायात को अलग रखने के लिए एनएमपीटी द्वारा अंगीकृत दृष्टिकोण सही पाया गया है।

यूपीसीएल के संबंध में, एनएमपीटी और यूपीसीएल द्वारा 9 मई 2008 को किया गया रियायत करार में यूपीसीएल द्वारा प्रहस्तित केपटिव कार्गो के लिए घाटशुल्क दर की वसूली के बारे में निर्धारण नहीं किया गया है। रियायत करार एनएमपीटी और यूपीसीएल के बीच सहमत प्रति टीईयू रॉयल्टी विनिर्दिष्ट करता है परन्तु न्यूनतम गारंटीशुदा थ्रुपुट के अधीन। रॉयल्टी एक प्रशुल्क संबंधित मद नहीं है। एनएमपीटी ने यूपीसीएल को दिए गए केपटिव बर्थ हेतु किसी अन्य प्रशुल्क के अनुमोदन के लिए इस प्राधिकरण का रूख नहीं किया था। घाटशुल्क दर के राजस्व अनुमानों से यूपीसीएल के कार्गो यातायात को अलग रखना सही दिखाई देता है क्योंकि पत्तन ने यूपीसीएल के केपटिव कार्गो हेतु कोई घाटशुल्क दर वसूली नहीं दर्शाता है। इसके अलावा, प्रैक्टिस कर रहे सनदी लेखाकार ने राजस्व अनुमानो को प्रमाणित किया है।

पोत संबंधित प्रभारों का अनुमान लगाने के लिए, वर्ष 2014–15 के लिए एनएमपीटी द्वारा प्रतिवेदित पोतों की कुल जीआरटी 30,989,860 है। पोत संबंधित सेवाओ से राजस्व का अनुमान लगाने के लिए, वर्ष 2014–15 के लिए एनएमपीटी द्वारा प्रतिवेदित पोतों का कुल जीआरटी 30,989,860 है। पोत संबंधित सेवाओं से राजस्व का अनुमान लगाने के लिए, पत्तन ने यह उद्धरित करते हुए कुल जीआरटी से 2,545,361 जीआरटी अलग रखा है कि यह यूपीसीएल तथा केआईओसील के केपटिव बर्थ में प्रहस्तित पोत के जीआरटी से संबंधित है।

यहां पर उल्लेख करना प्रासंगिक है कि यह केआईओसीएल के लिए घाटशुल्क दर है जोकि वर्ष 1992 में सचिव (स्टील) और भूतल परिवहन मंत्रालय (एमओएसटी) के बीच विधिवत् सहमत पूर्व–निर्धारित कार्यपद्धति के अनुसार अलग से वार्षिक आधार पर निर्धारित की जा रही है। केआईओसीएल के लिए पोत संबंधित प्रभार पत्तन के दरमान में निर्धारित दरों के अनुसार वसूल किए गए हैं जोकि सभी उपयोक्ताओं के लिए सामान्य हैं। जैसाकि पहले बताया गया है, एनएमपीटी और यूपीसीएल के बीच हुए रियायत करार के खंड 9.2.(क) (vi) के अनुसार यूपीसीएल के संबंध में, एनएमपीटी के दरमान में यथा निर्धारित लागू पोत संबंधित प्रभार प्रभार्य हैं। ऐसी स्थिति में, राजस्व अनुमान से केआईओसीएल तथा यूपीसीएल के केपटिव बर्थों में प्रहस्तित पोतों के जीआरटी को अलग करना उपयुक्त नहीं पाया गया है। गणना संशोधित करने के अनुरोध के साथ एनएमपीटी को इसके बारे में बताया गया था। एनएमपीटी ने प्रशुल्क नीति के खंड सं. 2.2.(v) का उल्लेख किया है जो सभी व्ययों (अर्थात् प्रचालन व्यय, मूल्यह्रास, आबंटित प्रबंधन तथा सामान्य उपरिव्यय, आबंटित वित एवं विविध व्यय) और ऐसे सभी व्ययों के बारे में बताता है जोकि इसके बावजूद केपटिव बर्थों के लिए प्रासंगिक हैं कि क्या पत्तन और संबद्ध उपयोक्ता के बीच परस्पर सहमत प्रशुल्क व्यवस्थाएं हैं अथवा नहीं, अलग रखा गया है। यह खंड उद्धरित करते हुए कि पत्तन ने टिप्पणी की है कि न केवल व्यय अपितु केपटिव बर्थों से अर्जित तदनुरूपी राजस्व को राजस्व अनुमानों से अलग किया गया है।

यह देखा गया है कि एनएमपीटी ने वास्तविक व्यय को सही अलग किया है जोकि प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 2.2(v) के अनुसार वर्ष 2011–12 से 2013–14 के लिए क्रमशः रु0 682.17 लाख, रु0 749.27 लाख और रु. 637.82 लाख केपटिव बर्थ केआईओसीएल के घाटशुल्क परिकलन में सुविचारित किया गया था। पत्तन द्वारा यथा स्वीकृत, ये आंकड़े तदनुरूपी अवधि के लिए इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित केआईओसीएल की घाटशुल्क दर के लिए एनएमपीटी द्वारा सुविचारित व्यय से मेल खाते हैं।

इसलिए, राजस्व का अनुमान लगाने के लिए, केआईओसीएल तथा यूपीसीएल के कार्गो यातायात को अलग करना ऊपर स्पष्ट किए गए अनुसार तर्कसंगत ठहराया गया है। तथापि, केआईओसीएल के कार्गो यातायात को अलग रखने के अलावा, एनएमपीटी ने पोत संबंधित राजस्व का अनुमान लगाने के समय केआईओसीएल के जीआरटी के अनुसार पोत यातायात को भी अलग रखा है। इसी प्रकार, एनएमपीटी ने पत्तन देयताओं तथा पाइलटेज प्रभार के मामले में यूपीसीएल द्वारा प्रहस्तित पोतों के जीआरटी को अलग रखा है। चूंकि केआईओसीएल तथा यूपीसीएल में आने वाले पोतों के प्रहस्तन पर व्यय एनएमपीटी के एआरआर परिकलन से अलग नहीं रखे गए हैं, इसलिए राजस्व अनुमानों से ऐसे पोतों के प्रहस्तन पर एनएमपीटी को प्रोद्भूत होने वाली आय को अलग रखना गलत है। केआईओसीएल तथा यूपीसीएल में आने वाले पोतों के जीआरटी पोत संबंधित प्रभारों के प्रासंगिक शीर्ष के अधीन संशोधित राजस्व अनुमानों में लिए गए हैं। जैसाकि पहले बताया गया है, यूपीसीएल बर्थ के लिए बर्थ किराया प्रभार प्रभार्य नहीं है और इसलिए यूपीसीएल से बर्थ किराया राजस्व को राजस्व अनुमानों में नहीं लिया गया है।

उपर्युक्त संशोधन के अलावा, पत्तन द्वारा प्रेषित राजस्व अनुमानों पर विश्वास किया गया है क्योंकि वे सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित किए गए हैं।

(vii) प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 2.6. के अनुसार, महापत्तन न्यासों के पास यह अधिकार है कि वे वाणिज्यिक न्यायनिर्णय के आधार पर बाजार की ताकतों का जवाब देने के लिए दरें निर्धारित कर सकते हैं और सूचकांकित एआरआर की अधिकतम सीमा के भीतर दरमान तैयार करे। पत्तन ने वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 2.9 के अनुसार यथा अपेक्षित 2014–15 में प्रहस्तित तदनुरूपी यातायात के लिए प्रस्तावित दरमान में प्रत्येक प्रशुल्क मद दर्शाते हुए राजस्व अनुमानन की विस्तृत गणना दी है। प्रस्तावित प्रशुल्क पर एनएमपीटी द्वारा अनुमानित कुल राजस्व रु0 35,091.99 लाख है जोकि रु0 35,313.00 लाख के अधिकतम सूचकांकित एआरआर के भीतर है। प्रस्तावित प्रशुल्क पर एनएमपीटी द्वारा राजस्व अनुमानन और 2014–15 का यातायात सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित किया गया है और इसलिए विश्वास किया गया है।

एनएमपीटी ने अपने अंतिम संशोधित प्रस्ताव में पत्तन देयताओं तथा मार्शलिंग यार्ड प्रभारों के सिवाय सभी मौजूदा प्रशुल्क में पूरे बोर्ड पर 33 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव किया है। पत्तन देयताओं के लिए, एनएमपीटी ने विदेशगामी पोत के लिए 132 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव किया है। तटीय पोत के लिए पोत संबंधित प्रभार एमओएस द्वारा तटीय रियायत नीति में हाल ही के संशोधन के अनुसार मौजूदा विनिमय दर लागू करते हुए विदेशगामी पोत के लिए प्रस्तावित दर के 60 प्रतिशत पर प्रस्तावित किए हैं। मार्शलिंग यार्ड प्रभारों के लिए, एनएमपीटी ने 100 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव किया है।

अधिकांश उपयोक्ताओं/उपयोक्ता एसोसिशनों ने एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित वृद्धि पर आपत्ति उठाई है और विशेष रूप से पत्तन देयताओं तथा मार्शलिंग प्रभारों में। अतः पत्तन से अनुरोध किया गया था कि अपने द्वारा प्रस्तावित वृद्धि में संशोधन पर विचार करे। पत्तन ने बताया है कि उसने यह दर्शाने के लिए पड़ोस में अन्य महापत्तनों में प्रचलित दरों के सापेक्ष पत्तन में प्रचलित कच्चे तेल, खाद्यान्न, खाद्य तेल, लौह तथा स्टील एवं ताप कोयला की घाटशुल्क दर तथा मौजूदा पोत संबंधित दरों की तुलना की गई है कि पत्तन में मौजूदा दरें निम्नतर हैं। एनएमपीटी ने पत्तन उपयोक्ताओं को तुलनात्मक स्थिति भी अग्रेषित की है। पत्तन देयताओं में प्रस्तावित वृद्धि के संबध में, एनएमपीटी ने स्पष्ट किया है कि पत्तन देयताओं में पिछले 15 वर्षों से संशोधन नहीं किया गया है और पड़ोस में अन्य महापत्तन न्यासों की तुलना में सबसे कम हैं। मार्शलिंग यार्ड प्रभारों के संबंध में, एनएमपीटी ने औचित्य दिया है कि दरों में पिछले 20 वर्षों से संशोधन नहीं किया गया है। एनएमपीटी ने बताया है कि अब प्रस्तावित दरों में वृद्धि के बाद भी, पड़ोस अर्थात् कोचीन पत्तन न्यास, मुरुगांव पत्तन न्यास, जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास में प्रचलित दरों की अपेक्षा दरें बहुत ही कम हैं। यहां यह बताना भी प्रासंगिक है कि अधिशेष स्थिति के आधार पर जनवरी 2011 में पिछले प्रशुल्क संशोधन आदेश के दौरान इस प्राधिकरण ने केआईओसीएल, आरसीएचडब्ल्यू तथा भंडारण प्रभार के सिवाय कार्गो प्रहस्तन प्रभारों में 26 प्रतिशत कटौती की थी। पोत संबंधित प्रभारों में यथास्थिति बनाए रखी गई थी। 2010 से पहले संशोधन में अर्थात् मई 2006 में प्रशुल्क संशोधन में, एनएमपीटी ने उपयोक्ताओं द्वारा की गई मांग के आधार पर और वाणिज्यिक न्यायनिर्णय लागू करते हुए, घाटशुल्क में अधिकांश कार्गो मदों के लिए घाटशुल्क दरों और इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित पाइलटेज शुल्क तथा बर्थ किराये में युक्तिकरण के साथ कार्गो प्रहस्तन गतिविधि के अधीन आरसीएचडब्ल्यू लेवी में कटौती का प्रस्ताव किया था। इस प्रकार, पिछले दो प्रशुल्क चक्रों पर यह देखा जा सकता है कि पत्तन को कोई प्रशुल्क वृद्धि स्वीकृत नहीं की गई थी। सभी अन्य लागत मदों में मुद्रास्फीति के बावजूद पिछले दो प्रशुल्क चक्रों हेतु समान प्रशुल्क का उपयोक्ताओं और उपयोक्ता एसोसिएशन को लाभ हुआ था। किसी भी स्थिति में, प्रशुल्क नीति के खंड 8.1. में यथा विनिर्दिष्ट, दरमान में निर्धारित दरें अधिकतम स्तर हैं; एनएमपीटी कम कम दरें वसूल कर सकता है यदि वह ऐसा चाहे। एनएमपीटी द्वारा प्रेषित उपर्युक्त औचित्य के मद्देनजर और प्रशुल्क नीति, 2015 का खंड 2.6 महापत्तन न्यासों को अधिकार देता है कि वे अधिकतम एआरआर के भीतर प्रशुल्क निर्धारित कर सकते हैं और यह भी स्वीकार करते हुए कि प्रस्तावित प्रशुल्क पर एनएमपीटी द्वारा अनुमानित राजस्व अधिकतम एआरआर के भीतर है और प्रस्तावित प्रशुल्क पर

राजस्व अनुमान सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत् प्रमाणित किए गए हैं, एनएमपीटी द्वारा यथा प्रस्तावित मौजूदा प्रशुल्क में वृद्धि एनएमपीटी के ध्यान में लाने के लिए अनुमोदित की गई है कि एनएमपीटी को यह सुनिश्चित करना है कि दरमान में बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप पत्तन को यातायात का नुकसान नहीं होगा जैसाकि प्रशुल्क नीति के खंड 2.7 में सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है।

(viii) जैसाकि पहले बताया गया है, एमओएस ने जनवरी 2005 में तत्कालीन पोत परिवहन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमएसआरटीएच) द्वारा जारी किए गए तटीय रियायत नीति को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए इस प्राधिकरण को अपने पत्र सं. 8/(15)2015–टीएएमपी दिनांक 17 सितम्बर 2015 द्वारा निदेश जारी किया था। एमओएस के उक्त निदेश के अनुसार, तटीय पोत के लिए पोत संबंधित प्रभारों को भारतीय रुपया बनाम अमेरिकी डॉलर के विनिमय दर उतार–चढ़ाव को ध्यान में रखा जाना चाहिए ताकि सभी तटीय पोतों के लिए पोत संबंधित प्रभार अन्य पोतों के लिए तदनुरूपी प्रभारों के 60 प्रतिशत से अधिक नहीं हो और ये प्रभार लागू विनिमय दर पर भारतीय रुपयों में संग्रहीत किए जाएंगे। विदेशी कंटेनरों हेतु अमेरिकी डॉलर में मूल्यवर्गित कंटेनर संबंधित प्रभारों के संबंध में भी, तटीय कंटेनर के लिए प्रशुल्क अन्य विदेशी कंटेनरों हेतु लागू तदनुरूपी प्रभारों के 60 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा और ये प्रभार लागू विनिमय दर पर भारतीय रुपयों में संग्रहीत किए जाएंगे। तटीय पोत तथा तटीय कंटेनर हेतु दरों के तत्काल निर्धारण हेतु एमओएस के निदेश के आधार पर, इस प्राधिकरण ने महापत्तन न्यासों तथा वहां पर प्रचालन कर रहे निजी टर्मिनलों के दरमान में उपयुक्ततः टिप्पणियां शामिल करते हुए एक आदेश सं. टीएएमपी/4/2004–सामा. दिनांक 5 अक्तूबर 2015 पारित किया था और कार्यान्वयन के लिए एनएमपीटी सहित सभी महापत्तन न्यासों तथा संबद्ध बीओटी प्रचालकों को संप्रेषित किया था। चूंकि इसका राजस्व अनुमानन के साथ–साथ प्रस्तावित प्रशुल्क पर प्रभाव पड़ेगा, इसलिए एनएमपीटी से प्रपत्र–3 एवं प्रस्तावित दरमानों में जरूरी संशोधन करने का अनुरोध किया गया था। जैसाकि पहले बताया गया है, एनएमपीटी ने अपने पत्र दिनांक 14 जनवरी 2016 द्वारा ऐसे तटीय कंटेनर के लिए तटीय पोत एवं कंटेनर भंडारण प्रभारों हेतु पोत संबंधित प्रभारों के संबंध में प्रस्तावित दरमान संशोधित किया था जिनका हिस्सा अमेरिकी डॉलर में मूल्यवर्गित किया गया है और राजस्व अनुमानों में इसके प्रभाव को लिया गया है। इस संबंध में एनएमपीटी द्वारा अनुमानित संशोधित राजस्व पर विश्वास किया गया है। तटीय दरों के पुनर्विवरण के मद्देनजर, तटीय पोत/कंटेनर हेतु एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित दरों के परिणामस्वरूप पूर्व–संशोधित दरों की अपेक्षा तीव्र वृद्धि होगी। कार्गो/कंटेनरों के तटीय आवागमन के लिए सरकार द्वारा दिए गए महत्व के मद्देनजर, एनएमपीटी से अनुरोध है कि तटीय प्रशुल्क लागू करते समय सावधानी बरते और तटीय प्रशुल्क में कम वृद्धि पर विचार करे।

(ix) इस प्राधिकरण ने आदेश सं. टीएएमपी/17/2014–एनएमपीटी दिनांक 2 जुलाई 2015 द्वारा एनएमपीटी में एमआरपीएल द्वारा प्रचालित एसपीएम प्रचालनों हेतु अंतिम दरें अधिसूचित की थीं। उक्त आदेश में एसपीएम प्रचालनों के लिए अनुमोदित दरों की वैधता एनएमपीटी के दरमान के मौजूदा सामान्य संशोधन की वैधता के साथ सह–समाप्त बनाई गई है ताकि भविष्य में एक ही बार में एनएमपीटी के दरमान के अगले सामान्य संशोधन के साथ एसपीएम हेतु प्रशुल्क की समीक्षा की जा सके। उक्त आदेश में, इस प्राधिकरण ने एसपीएम प्रचालनों के लिए तत्समय प्रचलित पत्तन देयताओं को अनुमोदित करते समय आदेश के पैरा 16 (vi) (क) में स्पष्ट रूप से बताया था कि एनएमपीटी ने दरमान के सामान्य संशोधन हेतु प्रस्ताव दाखिल किया है जोकि अलग से प्रस्तावित किया जा रहा है। उक्त आदेश में बताया गया है कि दरमान के सामान्य संशोधन में इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित की जाने वाली पत्तन देयताएं एसपीएम में भी पहुंचने वाले पोतों पर स्वतः ही लागू हो जाएंगी। उक्त आदेश में निर्णय के आधार पर, पत्तन ने पोतों की अन्य श्रेणियों हेतु पत्तन देयताओं के बराबर एसपीएम पोतों के लिए पत्तन देयताओं का प्रस्ताव किया है। यह जुलाई 2015 आदेश में इस प्राधिकरण के निर्णय के अनुसार है इसलिए स्वीकार किया गया है। एमआरपीएल द्वारा कही गई बात कि एनएमपीटी ने अधिकतम एआरआर के भीतर समग्र राजस्व अनुमानन में एसपीएम प्रचालनों से राजस्व अनुमानों का सूचकांकन नहीं किया है, सही नहीं पाया गया है। पत्तन ने ऊपर स्पष्ट किए गए कारणों से प्रस्तावित प्रशुल्क पर अनुमानित पत्तन देयताओं के सिवाय जुलाई 2015 आदेश में अनुमोदित स्तरपर एसपीएम प्रचालनों से राजस्व का अनुमान लगाया है।

(x) इस प्राधिकरण ने पिछले सामान्य संशोधन आदेश दिनांक 6 जनवरी 2012 के पैरा 15 (xxiii) (क) में एनएमपीटी को सलाह दी थी कि उस समय लागू 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खंड 4.2.2. में विनिर्दिष्ट के आधार पर यथामूल्य प्रभार की बजाय प्रति इकाई आधार पर घाटशुल्क दर निर्धारित की जाए। उक्त आदेश में, इस प्राधिकरण ने कुछ मदों पर यथामूल्य घाटशुल्क दर के साथ जारी रखने की अनुमति देते समय अगली प्रशुल्क संशोधन कार्यवाही में स्पष्ट रूप से बताया था कि इसे स्वतः ही हटा दिया जाएगा यदि पत्तन विशिष्ट इकाई आधारित दर लेकर नहीं आता है। वर्किंग दिशानिर्देशों का खंड 2.10. भी विनिर्दिट करता है कि दरमान तैयार करते समय महापत्तन न्यास जहां तक संभव हो संबद्ध महापत्तन न्यासों के मौजूदा दरमान में यथामूल्य घाटशुल्क दर, यदि कोई हो, से दूर रहें और प्रहस्तन कार्गो अथवा बाजार निर्धारित प्रशुल्क के लिए रखे जाने वाले विशेष ध्यान पर विचार करते हुए विशिष्ट घाटशुल्क दर निर्धारित करें।

एनएमपीटी ने पिछले आदेश में हमारी सलाह और वर्किंग दिशानिर्देशों में विनिर्दिष्ट के बावजूद तथा ब्रेक बल्क कार्गो हेतु यथामूल्य दर की वसूली की मौजूदा प्रशुल्क व्यवस्था के साथ जारी रखने का प्रस्ताव किया था। यहां पर बताना प्रासंगिक है कि एमओएस ने अपने हाल ही के पत्र दिनांक 15 जुलाई 2015 में इस प्राधिकरण को सलाह दी थी कि यथामूल्य घाटशुल्क दर को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाना चाहिए और घाटशुल्कदर प्रति इकाई आधारपर निर्धारित किया जाना चाहिए। ऐसी स्थिति में, प्रशुल्क नीति, 2015 के उक्त प्रावधान के अनुपालन के लिए दोहराई गई परिस्थिति पर, एनएमपीटी ने अपने पत्र दिनांक 9 दिसम्बर 2015 द्वारा मौजूदा यथामूल्य घाटशुल्क दरों की बजाय प्रति टन/प्रति घनमीटर आधार पर ब्रेक बल्क कार्गो हेतु घाटशुल्क प्रभारों का प्रस्ताव किया है। इस प्रयोजन के लिए, एनएमपीटी ने तदनुरूपी कार्गो मदों के लिए अन्य महापत्तनों में प्रस्तावित घाटशुल्क दरें अंगीकृत करने के बारे में बताया है। एनएमपीटी ने वे ब्योरे भेजे हैं जिनकी घाटशुल्क दर पत्तन ने यथामूल्य घाटशुल्क दर के स्थान पर अंगीकृत करने का प्रस्ताव किया है जोकि पैरा 13.(vii) में दिया गया है जिसपर विश्वास किया गया है। अतः यथामूल्य आधार की बजाय प्रति इकाई आधार पर ब्रेक बल्क कार्गो के लिए प्रस्तावित घाटशुल्क अनुमोदित की गई है जैसाकि पत्तन द्वारा प्रस्तावित किया गया है। उसका प्रभाव राजस्व अनुमानों में देखा गया है जोकि ब्रेक बल्क कार्गो से शून्य आय दर्शाता है।

संयंत्र तथा मशीनरी हेतु दर के संबंध में, पत्तन ने पहले रु0 96.90/टन की मौजूदा प्रति टन दर को यथामूल्य आधार में संशोधित करने का प्रस्ताव किया था। तत्पश्चात, एनएमपीटी ने अन्य प्रशुल्क मदों हेतु प्रस्तावित वृद्धि के अनुसार इस कार्गो मद के लिए घाटशुल्क दर में 33 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव किया है और प्रपत्र 3 में राजस्व अनुमानों को लिया गया था।

(xi) संशोधित दरमानों में, मौजूदा दरमान में तटीय पोत के लिए निर्धारित दर के स्थान पर, एनएमपीटी द्वारा यह टिप्पणी निर्धारित की गई है कि तटीय पोत के लिए दर विनियम दर उतार–चढ़ाव को लेखा में लेते हुए परिकलित विदेशगामी पोत के लिए (जक्सटापोस्ड दर के) 60 प्रतिशत तक भारतीय रुपयों में संग्रहीत किया

जाएगा। इसके लेखा पर राजस्व प्रभाव प्रपत्र–3 में लिया गया बताया है। इसपर विश्वास किया गया है। तटीय पोत के लिए प्रभारों की वसूली के संबा में टिप्पणी का निर्धारण आदेश दिनांक 5 अक्तूबर 2015 के अनुसार है और इसलिए दरमान में शामिल किया गया है।

(xii) एनएमपीटी ने नई प्रशुल्क मद अर्थात् अंतरण यात्री के लिए रु0 720.59 प्रति यात्री और रु0 541.84 प्रति यात्री की दर से विदेशी क्रूज पोत से यात्रियों के चढ़ने/उतरने के लिए प्रस्ताव किया है। केसीसीआई ने यात्रियों के चढ़ने और उतरने का शुल्क शामिल करने के लिए एनएमपीटी के प्रस्ताव पर आपत्ति उठाई थी। पत्तन ने स्पष्ट किया है कि मौजूदा दरमान में इस सेवा के लिए दर निर्धारित नहीं की गई है। पत्तन ने प्रस्तावित दर को औचित्यपरक ठहराने के लिए रु0 541.80 प्रति यात्री की दर से मुरूगांव पत्तन न्यास (एमओपीटी) के मौजूदा दरमान में निर्धारित चढ़ने/उतरने के शुल्कों का उल्लेख किया है। एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित प्रभार अनुमोदित किया गया है क्योंकि पत्तन के पास अधिकतम एआरआर के भीतर प्रशुल्क निर्धारित करने का अधिकार है। विशेष अनुरोध किए जाने के बावजूद पत्तन ने यातायात का अनुमान लगाने में मुश्किल अभिव्यक्त करते हुए इस मद के लिए राजस्व का अनुमान नहीं लगाया है। तथापि, इसने स्पष्ट रूप से बताया है कि एआरआर का वह भाग अनाच्छादित छूट गया है जो ऐसी विविध प्रशुल्क मदों के राजस्व का ध्यान रखेगा। पत्तन के उक्त स्पष्टीकरण पर विश्वास किया गया है।

(xiii) राजस्व अनुमानन में, एनएमपीटी ने आदेश के पूर्ववर्ती अनुच्छेद में दिए गए पैरा 4.3. (ii) (ख) में सूचीबद्ध कुछ विविध प्रशुल्क मदों के लिए राजस्व का अनुमान नहीं लगाया है। उन्होंने ब्रेविटी के लिए यहां नहीं दोहराया है। जब पत्तन से राजस्व अनुमानों में इसके द्वारा शामिल नहीं किए गए प्रशुल्क मदों हेतु राजस्व अनुमान लेने का अनुरोध किया गया था, पत्तन ने स्पष्ट किया है कि जब अधिकतम सूचकांकित एआरआर रु0 35,313 लाख है, प्रस्तावित दरमान में राजस्व अनुमानन रु0 35,091.99 लाख है। इससे स्वतः ही रु0 221.01 लाख (अर्थात् रु0 35,313.00 लाख – रु0 35,091.99 लाख) का अन्तर छूट जाएगा जोकि कुछ मदों के लिए राजस्व का ध्यान रखेगा जो राजस्व अनुमानों में शामिल नहीं किए गए हैं। पत्तन ने स्पष्ट किया है कि पत्तन उपयोक्ताओं से प्रतिबद्धता के अभाव में प्रहस्तित किए जाने की संभावना वाले यातायात का पूर्वानुमान लगाना मुश्किल है और इसलिए कुछ मदों हेतु राजस्व का अनुमान लगाना कठिन है। पत्तन ने पुष्टि की है कि एआरआर अनुमानन का रु0 221 लाख उपर्युक्त पैरा 4.2. (ii) (ख) में सूचीबद्ध मदों का ध्यान रखने के लिए पर्याप्त है।

कुछ मदों जो प्रकृति में विविध दिखाई देती हैं, के लिए राजस्व का अनुमान लगाने में मुश्किल अभिव्यक्त करते हुए एनएमपीटी द्वारा किया गया उपर्युक्त निवेदन और पत्तन की पुष्टि कि रु0 221 लाख का अनाच्छादित एआरआर राजस्व में शामिल नहीं की गई कुछ प्रशुल्क मदों से राजस्व का ध्यान रखने के लिए पर्याप्त है, पर विश्वास किया गया है। किसी भी उपयोक्ता ने पत्तन द्वारा अंगीकृत उपर्युक्त दृष्टिकोण पर कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की है।

(xiv) एनएमपीटी द्वारा अपने संशोधित प्रस्ताव द्वारा प्रस्तावित प्रशुल्क में प्रेषित राजस्व अनुमान रु0 35,091.99 लाख रु0 35,313.00 लाख के एआरआर के भीतर है और प्रस्तावित प्रशुल्क पर एआरआर तथा राजस्व अनुमान दोनों प्रैक्टिस कर रहे सनदी लेखाकार एवं एनएमपीटी के वित्त एवं मुख्य लेखा अधिकारी (एफए एंड सीएओ) द्वारा विधिवत् प्रमाणित है। इसलिए, एनएमपीटी द्वारा राजस्व अनुमानों की संशोधित गणना रु0 35,091.99 लाख पर विश्वास किया गया है परन्तु केआईओसीएल तथा यूपीसीएल के लिए प्रासंगिक पोत संबंधित आय जोकि पत्तन द्वारा नहीं ली गई है, के संबंध में राजस्व अनुमानों में संशोधन के अधीन।

(xv) उपर्युक्त विश्लेषण के अधीन, एनएमपीटी द्वारा प्रेषित राजस्व अनुमान संशोधित किया गया है। एनएमपीटी द्वारा यथा दिए गए और हमारे द्वारा सुविचारित प्रपत्र 3 में प्रस्तावित दर पर राजस्व अनुमान।

केआईओसीएल तथा यूपीसीएल में प्रहस्तित पोतों से पोत संबंधित राजस्व का प्रभाव लेने के बाद संशोधित राजस्व अनुमान रु0 36,324.28 लाख होता है जोकि रु0 35313 लाख के अनुमानित एआरआर की अपेक्षा रु0 1,011.28 लाख अधिक पाया गया है। संशोधित राजस्व अनुमान रु0 1,232.29 लाख अधिक है जब कुछ विविध मदों के लिए अनाच्छादित रु0 221.01 लाख के कुशन को छोड़ने के बाद रु0 35,091.99 लाख पर एनएमपीटी द्वारा अनुमानित राजस्व से तुलना की जाती है।

यह बताना भी प्रासंगिक है कि एनएमपीटी के दरमान मूल रूप से 1 अप्रैल 2015 से संशोधन के लिए देय थे। पूर्ववर्ती अनुच्छेदों में उद्धरित विभिन्न कारणों से, एनएमपीटी का प्रस्ताव यथा पूर्व उल्लिखित अंतिम विचार के लिए नहीं लिया गया था। जब तक संशोधित एसओआर लागू होगा यह उम्मीद है कि वित्तीय वर्ष 2015–16 समाप्त हो जाएगा और भारत के राजपत्र में आदेश अधिसूचित करने में लगने वाले समय के मद्देनजर यह लगभग अप्रैल 2016 होगा और आदेश राजपत्र में अधिसूचना की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति के बाद लागू होगा। पूर्व अवधि 2012–13 से 2014–15 के लिए, जैसाकि अनुवर्ती अनुच्छेदों में बताया गया है, पत्तन ने स्वीकार्य लागत और स्वीकार्य प्रतिलाभ जोकि रु0 6,659.70 लाख का निवल घाटा बताता है, के बाद लागत विवरण भेजा है। पिछले प्रशुल्क आदेश में असमायोजित पूर्व अवधि अधिशेष पर विचार करने के बाद भी, 2011–12 से 2013–14 अवधि के लिए रु0 3897.78 लाख का वास्तविक घाटा है। पत्तन द्वारा वसूल किए जा रहे मौजूदा प्रशुल्क में तत्काल पूर्ववर्ती प्रशुल्क चक्र के लिए दर्शाई गई उपर्युक्त घाटा स्थिति के मद्देनजर और यह सुनिश्चित करने के लिए कि पत्तन को आगे और राजस्व घाटा नहीं होगा, इस प्राधिकरण ने एनएमपीटी द्वारा यथा प्रस्तावित प्रशुल्क अनुमोदित करने का निर्णय लिया है यद्यपि यह पत्तन द्वारा अनुमानित स्तर से रु0 1232.29 लाख (रु0 36, 324.27 – रु0 35,091.98) तक आन्तरिक रूप से अधिक एआरआर है। यह आन्तरिक आय पत्तन को अन्यथा प्रोद्भूत होगी यदि संशोधित प्रशुल्क आदेश पारित किए जाने की तारीख से फरवरी 2016 से लागू किया जाता है। जैसाकि ऊपर स्पष्ट किया गया है, प्रशुल्क नीति 2015 लागू करने के लिए इस प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए वर्किंग दिशानिर्देशों का खंड 3.7 विनिर्दिष्ट करता है कि साधारणतः इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित आदेश राजपत्र में आदेश अधिसूचित करने की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति के बाद लागू होगा।

प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 8.1 के अनुसार, दरमानों में निर्धारित दरें अधिकतम स्तर हैं; रियायतें और छूट निम्नतम स्तर हैं। एनएमपीटी निम्नतर दरें वसूल कर सकता है और/अथवा उच्चतर रियायतें तथा छूट दे सकता है।

इसके अलावा, जैसाकि पहले बताया गया है, प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 2.7. के अनुसार, यह एनएमपीटी पर है कि वह यह सुनिश्चित करे कि दरमान में संशोधन का परिणाम पत्तन को यातायात का नुकसान नहीं होगा।

(xvi). प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 4.1. के अनुसार, (i). पूर्व प्रशुल्क आदेशों में टीएएमपी द्वारा मूल्यांकित अतिरिक्त अधिशेष जो असमायोजित रहता है, महापत्तन न्यासों द्वारा किसी निधि में अंतरित करना होगा जैसी पत्तन न्यास द्वारा इच्छा व्यक्त की जाएगी, और इसके अलावा (ii). इस नीति के अधीन निर्धारित नए दरमानों के कार्यान्वयन की प्रभावी तारीख तक मौजूदा दरमानों के लागू होने की अवधि के दौरान महापत्तन न्यासों को प्रोद्भूत अतिरिक्त अधिशेष, यदि कोई हो, मूल्यांकित किया जाना चाहिए और सामान्य आरक्षण में अंतरित किया जाना चाहिए तथा निधियों का पत्तन अवसंरचना सुविधाओं के विकास, सृजन और/अथवा आधुनिकीकरण के प्रयोजन के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

जैसाकि पिछले सामान्य संशोधन आदेश दिनांक 6 जनवरी 2012 के पैरा 15.(iv). में बताया गया है, इस प्राधिकरण ने 2012–13 से शुरू करके पांच वर्षों में रु. 6904.80 लाख के पूर्व अवधि अधिशेष को समायोजित करने का निर्णय लिया था। तदनुसार, 2012–13 से 2014–15 के प्रत्येक वर्ष में समायोजन के लिए रु0 1380.96 लाख पर विचार किया गया था। पिछले प्रशुल्क आदेश से आने वाला शेष असमायोजित अधिशेष रु0 2761.92 लाख है [अर्थात् रु0 6904.80 लाख – (रु. 1308.96 लाख * 3 वर्ष = रु0 4142.88 लाख)]।

वर्ष 2012–13 से 2014–15 के लिए, पत्तन ने स्वीकार्य लागत के बाद वास्तविक निवल घाटा तथा 16 प्रतिशत प्रतिलाभ क्रमशः रु0 3058.47 लाख, रु0 684.90 लाख और रु0 2916.33 लाख कुल रु0 6659.70 लाख मूल्यांकित किया है। पूर्व प्रशुल्क आदेश में असमायोजित पूर्व अवधि अधिशेष और 2012–13 से 2014–15 अवधि के लिए प्रतिवेदित वास्तविक घाटे का जोड़ रु. 3897.78 लाख की समग्र घाटा स्थिति दर्शाता है और इसलिए प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 4.1 के अनुसार अधिशेष के अंतरण के व्यवहार का प्रश्न ही नहीं उठता है।

वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए लेखों को अंतिम रूप देने के बाद, एनएमपीटी को वास्तविक अधिशेष/घाटे का मूल्यांकन करना चाहिए और प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 4.1 में निर्धारित प्रावधान के साथ अधिशेष अनुपालन के मामले में इस प्राधिकरण को स्थिति के बारे में बताना भी चाहिए।

(xvii) केनरा चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केसीसीआई) और एसोसिएशन ऑफ न्यू मेंगलूर पोर्ट स्टीवडोर्स ने बताया है कि एनएमपीटी को प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 8.4 का उद्धरण करते हुए मोबाइल हारबर क्रेन (एमएचसी) के लिए लेबर की काल्पनिक बुकिंग की कार्यपद्धति को समाप्त करना चाहिए। यहां पर बताना प्रासंगिक है कि प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 8.4 के अनुसार, महापत्तन उनके लिए उपलब्ध करवाई गई सेवाओं के लिए ही प्रभार वसूल करेगा। लेबर की कल्पित बुकिंग और अन्य समान कल्पित प्रभारों की अनुमति नहीं दी गई है। अतः एनएमपीटी भारत सरकार द्वारा जारी की गई प्रशुल्क नीति 2015 के उक्त प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए बाध्य है।

(xviii) (क) यहां बताना प्रासंगिक है कि तटीय कार्गो/कंटेनर हेतु रियायती प्रभारों की वसूली के संबंध मे वी.ओ. चिदम्बरनार पत्तन न्यास द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण के मद्देनजर जहाजरानी महानिदेशालय की अनुशंसाओं के आधार पर एक आदेश सं. टीएएमपी/53/2015–वीओसीपीटी दिनांक 29 सितम्बर 2015 पारित किया था। उक्त आदेश में अनुमोदित प्रावधान आदेश सं. टीएएमपी/53/2015–वीओसीपीटी दिनांक 26 नवम्बर 2015 द्वारा और संशोधित किए गए थे। उक्त पारित आदेश सभी महापत्तन न्यासों द्वारा सामान्य अंगीकरण के लिए है। एनएमपीटी ने उक्त आदेश दिनांक 26 नवम्बर 2015 में निर्धारित प्रावधान शामिल किए हैं। तथापि, संशोधित दरमान का अवलोकन करने पर, यह देखा गया है कि पत्तनने मौजूदा दरमान में निर्धारित प्रावधानों को नहीं हटाया है जिन्हें नवम्बर 2015 आदेश में निर्धारित प्रावधानों द्वारा परिवर्तित किया गया है। इसके अलावा, इसने एक स्थान पर सभी अनुमोदित प्रावधान शालि नहीं किए थे। प्रस्तावित दरमान नवम्बर 2015 के सामान्य अंगीकरण आदेश में अनुमोदित निर्धारण के अनुसार उपयुक्ततः संशोधित किया गया है।

(ख) प्राधिकरण ने आदेश सं. टीएएमपी/52/2014–सामान्य दिनांक 28 नवम्बर 2014 द्वारा सभी महापत्तन न्यासों द्वारा सामान्य अंगीकरण हेतु तटीय पोत की वरीयता बर्थिंग पर एमओएस द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देश अधिसूचित किए थे। ऐसे अधिसूचित दिशानिर्देश संशोधित दरमान में शामिल किए गए हैं।

(xix) (क) एनएमपीटी ने ब्लास्ट में पत्तन में प्रवेश करने वाले परन्तु यात्री नहीं ढोने वाले पोत और पत्तन में प्रवेश करने परन्तु कोई कार्गो अथवा यात्रियों को नहीं उतारने अथवा लेने वाले पोत पर रियायती पत्तन देयताओं की वसूली के संबंध में मौजूदा टिप्पणी सं. (2) और (3) में थोडा संशोधन किया है। पत्तन ने वर्तमान शर्त में "अथवा लंगरगाह में" शब्द जोडने का प्रस्ताव किया है ताकि पत्तन अथवा लंगरगाह में प्रवेश करने वाले ऐसे पोतों को रियायती पत्तन देयताएं दिए जा सकें। यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि एसओआर में मौजूदा निर्धारण महापत्तन न्यास अधिनियम की धारा 50ख और धारा 50ग में निर्धारित प्रावधान का अनुसरण करेगा। यह खंड जो पत्तन में प्रवेश करने वाले ब्लास्ट में पोतों हेतु तथा कार्गो में उतराई अथवा कार्गो नहीं लेने वाले पोतों पर पत्तन देयताओं की वसूली से संबंधित प्रावधान निर्धारित करता है। लंगरगाह का उल्लेख नहीं किया गया है। दरमानों में निर्धारित मौजूदा प्रावधान एनएमपीटी सहित सभी महापत्तन न्यासों के दरमानों में एकसमान रूप से निर्धारित किए गए हैं और इसलिए केवल एनएमपीटी के मामले में संशोधन करने के लिए कोई असामान्य परिस्थिति नहीं पाई गई है। किसी भी मामले में यदि लंगरगाह प्वाइंट पत्तन सीमा के भीतर आता है तो मौजूदा शर्त बहुत अच्छे से लागू की जाएगी। इसलिए मौजूदा टिप्पणियों में एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित संशोधन अनुमोदित नहीं किया गया है। पोत संबंधित प्रभारों से रुपये में परिवर्तन से संबंधित प्रस्तावित टिप्पणी वर्किंग दिशानिर्देशों के खंड 56.1 में विनिर्दिष्ट के अनुसार मामूली संशोधित किया गया है।

(ख) पत्तन ने यह टिप्पणियां प्रस्तावित की हैं कि पत्तन देयताएं, पाइलटेज तथा बर्थ किराया तटरक्षक/नौसेना तथा सरकारी पोतों के लिए वसूल किया जाएगा। उसके अलावा पत्तन ने कुछ और शर्तें शामिल करने का प्रस्ताव किया है, कुछ मौजूदा शर्तें संशोधित की गई है, प्रासंगिक नहीं पाई गई कुछ प्रशुल्क मदों को हटाया गया है। पत्तन ने पीओएल, रसायन, लौह तथा स्टील सामग्री, अयस्कों तथा धातु आदि के अधीन कुछ कार्गो मदों हेतु घाटशुल्क दर और मोटर वाहनों/उपस्करों के लिए विराम समय प्रभारों का प्रस्ताव किया है। एनएमपीटी द्वारा अनुमानित राजस्व में प्रस्तावित प्रशुल्क मदें शामिल हैं। कार्गो हैंडलिंग प्रचालनों हेतु रजिस्टर्ड कार्गो हैंडलिंग लेबर विंग से कार्गो प्रहस्तन कामगारों हेतु लेवी के संबंध में, पत्तन ने क्र.सं. 30 से 44 पर नए कार्गो हेतु प्रशुल्क का प्रस्ताव किया है और बताया है कि यह समान श्रेणी में समान मदों हेतु निर्धारित दरों पर आधारित है। एनएमपीटी द्वारा अनुमानित राजस्व में ये प्रशुल्क मदें शामिल हैं। पत्तन ने बताया है कि रु0 221.01 लाख का राजस्व कुछ मदों के लिए राजस्व हेतु अनाच्छादित छूट गया है जो पत्तन द्वारा उद्धरित कारणों से अनुमानित नहीं किया जा सकता जैसाकि पहले बताया गया है। एनएमपीटी द्वारा यथा प्रस्तावित दरमान जैसाकि पहले स्पष्ट किया गया है पत्तन देयताओं के अधीन टिप्पणी (2) और (3) में संशोधन के सिवाय अनुमोदित किए गए हैं।

(xx) प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 3.1. के अनुसार, महापत्तन न्यास कंटेनर प्रहस्तन के मामले में औसत जलयान बर्थ दिवस आउटपुट, कंटेनर प्रहस्तन के मामले में औसत फेरे प्रति घंटा के रूप में कार्गो संबंधित सेवाओं के लिए कार्यनिष्पादन मानक भी पूरे करेगा। पोत साइड सेवाओं के लिए, पत्तन पोतों के औसत वापिसी समय तथा पोतों के औसत बर्थिंग–पूर्व समय और पत्तन द्वारा प्रासंगिक पाए गए किन्हीं अन्य पैरामीटर के रूप में कार्यनिष्पादन मानक निर्धारित करेगा। एनएमपीटी ने कंटेनर प्रहस्तन सहित टनों में औसत जलयान बर्थ दिवस आउटपुट/दिन के रूप में कार्गो संबंधित सेवाओं के लिए और पोत साइड सेवाओं के लिए कार्यनिष्पादन मानक पूरे किए हैं, पत्तन ने पोतों के औसत वापिसी समय तथा पोतों के औसत बर्थिंग–पूर्व समय, बर्थ में निष्क्रिय समय के प्रतिशत के रूप में कार्यनिष्पादन मानकों का प्रस्ताव किया है। प्रशुल्क नीति 2015 कार्यनिष्पादन मानक प्रस्तावित करने के लिए कोई कार्यपद्धति अथवा आधार निर्धारित नहीं करती है। यह देखा गया है कि उपर्युक्त विभिन्न पैरामीटरों के लिए एनएमपीटी द्वारा प्रस्तावित कार्यनिष्पादन मानक वर्ष 2014–15 में अर्जित बताए गए हैं सिवाय पोत संबंधित सेवाओं में से कुछ मदों के जो केवल दशमलव स्तर पर मामूली निम्नतर हैं। एनएमपीटी द्वारा यथा प्रस्तावित कार्यनिष्पादन मानक एसओआर के साथ निर्धारित किए गए हैं। पत्तन द्वारा प्रस्तावित कार्यनिष्पादन मानक एनएमपीटी द्वारा उल्लिखित 2015–16 की बजाय तीन वर्षों के प्रशुल्क वैधता चक्र के लिए लागू होंगे।

(xxi) प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 2.8 के अनुसार, एसओआर 1 जनवरी 2014 और प्रासंगिक वर्ष के 1 जनवरी के बीच भारत सरकार द्वारा घोषित थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में 100 प्रतिशत परिवर्तन की सीमा तक मुद्रास्फीति से प्रतिवर्ष सूचकांकित किया जाएगा और सूचकांकित एसओआर प्रासंगिक वर्ष के 1 अप्रैल से अगले वर्ष के 31 मार्च तक समायोजित किया जाएगा। इसके अलावा, प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 2.8 के साथ पठित प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 3.2 के अनुसार, डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत पर एसओआर में वार्षिक सूचकांकन महापत्तन न्यासों द्वारा प्रतिबद्ध कार्यनिष्पादन मानकों की उपलब्धि के अधीन लागू है। यदि पत्तन विशेष कार्यनिष्पादन मानक पूर्ण नहीं करता है तो अगले वर्ष के दौरान सूचकांकन की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि वर्तमान मामले में वर्ष 2015–16 के लिए सूचकांकन एआरआर में और एसओर लेने के लिए पहले ही सुविचारित किया जा चुका है। एसओआर में अगला वार्षिक सूचकांकन 1 अप्रैल 2017 से लागू होगा परन्तु वर्ष 2016–17 में कार्यनिष्पादन मानकों की उपलब्धि के अधीन। ऐसी स्थिति में, एसओआर में इस आशय की एक टिप्पणी शामिल की गई है कि इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित एसओआर इस प्राधिकरण द्वारा घोषित किए जाने वाले डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत की दर से स्वतः वार्षिक सूचकांकन के अधीन है। वार्षिक सूचकांकन 1 अप्रैल 2017 से होगा परन्तु एनएमपीटी द्वारा एसओआर के साथ अधिसूचित कार्यनिष्पादन मानक अर्जित करने के अधीन। यदि एसओआर में निर्धारित कार्यनिष्पादन मानक अर्जित नहीं किए जाते हैं तो उस वर्ष विशेष के लिए एसओआर में सूचकांकन नहीं होगा। प्रशुल्क नीति 2015 में विनिर्दिष्ट किया गया है कि एसओआर में वार्षिक सूचकांकन कार्यनिष्पादन मानकों की उपलब्धि के अधीन स्वतः होगा। यह महापत्तन न्यासों से अपेक्षा करता है कि इसके लिए इस प्राधिकरण का रूख किया जाए। पारदर्शिता बनाने रखने के लिए पत्तन को सलाह दी जाती है कि संबद्ध उपयोक्ताओं एवं इस प्राधिकरण को केलेंडर वर्ष की समाप्ति के एक माह के भीतर पत्तन द्वारा प्रतिबद्ध स्तर पर इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित कार्यनिष्पादन मानकों के सापेक्ष 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक की अवधि के लिए अर्जित कार्यनिष्पादन मानक घोषित करे। यदि इस प्राधिकरण द्वारा यथा अधिसूचित कार्यनिष्पादन मानक पत्तन द्वारा अर्जित किए जाते हैं तो पत्तन इस प्राधिकरण द्वारा घोषित डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत की दर से इस एसओआर में निर्धारित दरों से स्वतः ही सूचकांक कर सकता है और सूचकांकित एसओआर प्रासंगिक वर्ष के 1 अप्रैल से लागू कर सकता है। एनएमपीटी द्वारा सूचकांकित एसओआर के बारे में पत्तन द्वारा संबद्ध उपयोक्ताओं तथा इस प्राधिकरण को सूचित किया जाए।

(xxii) एनएमपीटी के मौजूदा एसओआर की वैधता आखिरी बार 31 दिसम्बर 2015 तक अथवा संशोधित दरमानों के लागू होने की प्रभावी तारीख, जो भी पहले हो, तक विस्तारित की गई थी। तब तक आदेश प्रभावी होगा, यह लगभग अप्रैल 2016 होगा। ऐसी स्थिति में, मौजूदा दरमान समाप्ति की तारीख से संशोधित दरमान के लागू होने तक विस्तारित किए माने गए हैं।

(xxiii). कार्य दिशानिर्देशों के खंड 3.8 के अनुसार, अधिसूचित एसओआर भारत के राजपत्र में आदेश की अधिसूचना की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति के बाद 3 वर्षों के लिए वैध रहेगा। तब तक आदेश प्रभावी होगा, यह लगभग अप्रैल 2016 होगा। चूंकि प्रशुल्क नीति, 2015 लेखापरीक्षित लेखों में प्रतिवेदित वास्तविक आंकड़ों पर एआरआर पर आधारित प्रशुल्क के परिकलन की अपेक्षा करता है, इसलिए संशोधित एसओआर की वैधता 31 मार्च 2019 तक निर्धारित की गई है।

19.1. परिणामस्वरूप, और उपर्युक्त कारणों से, तथा समग्र विचार–विमर्श के आधार पर, यह प्राधिकरण क्रमशः अनुबंध–**II** और अनुबंध–**III** रूप में संलग्न किए गए एनएमपीटी के संशोधित एसओआर तथा कार्यनिष्पादन मानक अनुमोदित करता है।

19.2. संशोधित एसओआर भारत के राजपत्र में आदेश की अधिसूचना की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति के बाद लागू होंगे और 31 मार्च 2019 तक लागू रहेंगे। उसके बाद प्रदत्त अनुमोदन स्वतः ही समाप्त हो जाएगा जब तक कि इस प्राधिकरण द्वारा विशेष रूप से विस्तारित नहीं किया जाता है।

19.3. एमओएस ने अपने पत्र सं. 8(15)/2015–टीएएमपी दिनांक 17 सितम्बर 2015 द्वारा निर्देश दिया था कि तटीय पोत/कंटेनरों हेतु दरों के पुनःउल्लेख को भारतीय रुपए बनाम अ.डा. के विनिमय दर उतार–चढ़ावों को लेखा में लिया जाना चाहिए ताकि सभी तटीय पोतों/कंटेनरों हेतु पोत/कंटेनर संबंधित प्रभार अन्य पोत/कंटेनरों हेतु तदनुरूपी प्रभारों के 60 प्रतिशत से अधिक नहीं हो। तदनुसार, इस प्राधिकरण ने महापत्तन न्यासों और वहां पर प्रचालन कर रहे निजी टर्मिनलों के दरमानों में उपयुक्त टिप्पणियां निर्धारित करते हुए एक आदेश दिनांक 5 अक्तूबर 2015 पारित किया था। तटीय दरों के पुनःउल्लेख के मद्देनजर, एनएमपीटी ने तटीय पोत/कंटेनर के लिए प्रस्ताव किया है जिसके परिणामस्वरूप पूर्व–संशोधित दरों की अपेक्षा भारी वृद्धि होगी। कार्गो/कंटेनरों के तटीय आवागमन के लिए सरकार द्वारा दी गई महत्ता को मद्देनज़र रखते हुए, एनएमपीटी से अनुरोध है कि तटीय प्रशुल्क लागू करते समय सावधानी बरते और तटीय प्रशुल्क में धीमी वृद्धि पर विचार करे।

19.4. एनएमपीटी ने कंटेनर प्रहस्तन के मामले में औसत जलयान बर्थ दिवस आउटपुट, औसत फेरे प्रति घंटा के रूप में कार्गो संबंधित सेवाओं के लिए कार्यनिष्पादन मानक प्रतिबद्ध किए हैं। पोत साइड सेवाओं के लिए, पत्त ने पोतों के औसत वापसी समय और पोतों के औसत बर्थिंग–पूर्व समय और बर्थ पत्तन में निष्क्रिय समय के रूप में कार्यनिष्पादन मानक प्रतिबद्ध किए हैं।

19.5. प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 2.8 में यथा दिया गया एसओआर का सूचकांकन प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 3.2 के साथ पढ़ा जाना है। यदि एनएमपीटी कार्यनिष्पादन मानक पूरे नहीं करता है तो एनएमपीटी अगले वर्ष के दौरान सूचकांकन के लिए पात्र नहीं है।

19.6. प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 7.1. के अनुसार, महापत्तन न्यास कार्गो यातायात, जलयान बर्थ दिवस आउटपुट, जलयानों का औसत वापसी समय, औसत बर्थिंग–पूर्व प्रतीक्षा समय एवं इसके प्रत्येक बर्थ के लिए वसूल किए गए प्रशुल्क पर वार्षिक रिपोर्टें इस प्राधिकरण को प्रेषित करेंगे। इसके अलावा, कंटेनर बर्थों के लिए, वार्षिक रिपोर्टें कंटेनरों के लिए औसत विराम समय तथा औसत फेरे प्रति क्रेन घंटा पर भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। पत्तन द्वारा प्रत्येक वर्ष की समाप्ति के अगले 60 दिनों के भीतर वार्षिक रिपोर्टें प्रस्तुत की जाएंगी। इस प्राधिकरण द्वारा अपेक्षित कोई अन्य सूचना भी उसे समय–समय पर भेजी जाएगी।

19.7 कार्य दिशानिर्देशों के खंड 4 के अनुसार, यह प्राधिकरण प्रशुल्क नीति, 2015 के खंड 7.1. के अधीन महापत्तन न्यासों से प्राप्त सभी सूचना अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा। तथापि, यह प्राधिकरण वाणिज्यिक रूप से संवेदनशील कुछ आंकड़े/सूचना प्रकाशित नहीं करने के बारे में किसी महापत्तन न्यास से अनुरोध प्राप्त होने पर विचार करेगा। ऐसे अनुरोध के साथ प्रश्नाधीन आंकड़ों/सूचना की वाणिज्यिक संवेदनशीलता और ऐसे प्रकाशन पर उनके राजस्व/प्रचालन पर आशंकित प्रतिकूल प्रभाव के बारे में विस्तृत औचित्य देना होगा। इस संबंध में टीएएमपी का निर्णय अंतिम होगा।

टी.एस. बालसुब्रमनियन, सदस्य (वित्त)
[विज्ञापन– III/4/असा./143/16(13)]

अनुबंध -I

महापत्तन न्यास के लिए प्रशुल्क निर्धारण नीति 2015 के अधीन वार्षिक राजस्व मांग का अभिकलन

रूपए लाख में

क्र.सं.	विवरण		वर्ष 1 (2011-12)	वर्ष 2 (2012-2013)	वर्ष 3 (2013-2014)
(1)	**कुल व्यय (लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं के समाधान के अनुसार)**	नोट 1			
(i)	प्रचालन व्यय		17240.75	17228.63	18302.48
(ii)	मूल्यह्रास		2190.53	2279.22	2157.99
(iii)	प्रबंधन और सामान्य उपरिव्यय		4194.30	4435.14	5336.66
(iv)	वित्त और विविध व्यय (एफएमई)		2960.52	4038.90	2182.16
	उपयोग 1=(i)+(ii)+(iii)+(iv)		26,586.10	27,981.89	27,979.29
(2)	**समंजन घटाए :**				
(i.	संपदा संबंधी व्यय				
	(क) प्रचालन व्यय		459.38	488.67	542.99
	(ख) मूल्यह्रास		329.02	341.95	375.99
	(ग) प्रबंधन और प्रशासन उपरिव्यय		111.76	125.8	158.33
	(घ) आबंटित एफएमई		78.88	114.56	64.74

	उपयोग 2(i)=[(क)+(ख) + (ग)+(घ)]		979.04	1070.98	1142.05
(ii)	**ऋणों पर ब्याज**		0.78	-	-
(iii)	**एक बारगी व्यय का 4/5 वां भाग, यदि कोई हो जैसे कि वेतन, पेंशन, उपदान/ग्रेच्यूटी अनुग्रह राशि आदि (प्रत्येक मद का सूची में उललेख करें)**	**नोट 2**			
	(क).डब्ल्यू आर सी एरियर		-		1,340.00
	उपयोग 2(iii) (क)		-		1,340.00
(iv)	**पेंशन निधि के अंशदान का 4/5वां भाग**	**नोट 3**	3,812.00	3,520.00	2,160.00
(v)	**प्रचालन व्यय और मूल्यह्रास के कुल योग के 25 प्रतिशत से अधिक सामान्य और उपरि व्यय**	**प्रपत्र 2 के अनुसार**	-	-	502.13
(vi)	**प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 2.10 के अनुसार केपिटिव बर्थ के प्रशुल्क से संबंधित प्रासंगिक व्यय यदि कोई हो**				
	(क) प्रचालन व्यय		418.67	351.75	356.49
	(ख) मूल्यह्रास		44.68	44.68	44.68
	(ग) प्रबंधन और प्रशासनिक आबंटित उपरि व्यय और एफएमई		682.17	749.27	637.82
	उपयोग 2(vi) = [(a)+(b)+(c)		1,145.52	1,145.70	1,038.99
	2 का योग = 2(i)+2(ii)+2(iii)+2(iv)+2(v)+2(vi)		5937.34	5736.68	6183.17
(3)	**समग्र समंजन के पश्चात कुल व्यय**		20,648.76	22,245.21	21,796.12
(4)	क्रम संख्या 3 का औसत व्यय -[व 1 + व 2 + व 3] / 3		21,563.36		
(5)	**नियोजित पूंजी**				
	(i) 31.03.2014 को निवल स्थायी परिसंपत्तियां (लेखापरीक्षित लेखा वार्षिक लेखाओं के अनुसार)		61,480.49		
	(ii) जोडे 31.03.2014 तक का प्रगति रत्त कार्य (लेखापरीक्षित लेखा वार्षिक लेखाओं के अनुसार)		7,153.06		
	(iii) घटाएं: 31.03.2014 को संपदा संबंधी कार्यों से संबंधित स्थायी परिसंपत्तियों का निवल (लेखापरीक्षित लेखा वार्षिक लेखाओं के अनुसार)		3,431.27		
	(iv) घटाए: 31 मार्च, 2014 को बीओटी प्रचालक को स्थानांतरित स्थायी परिसंपत्तियों का निवल मल्य यदि कोई हो, (लेखापरीक्षित लेखा वार्षिक लेखाओं के अनुसार)		-		
	(v) घटाए : 31 मार्च, 2014 को प्रशुल्क नीति 2015 के खंड 2.10 के अंतर्गत केपिटिव बर्थों के लिए लेखापरीक्षित लेखा वार्षिक लेखाओं के अनुसार स्थायी परिसंपत्तियों का निवल मूल्य यदि कोई हो		2,538.29		
	(vi) जोड़े : कार्यपरक दिशा-निर्देशों के खंड 2.5 में निर्धारित मानदंडों के अनुसार कार्यपूंजी	**प्रपत्र 4 व नोट 4**			
	(क) सामान सूची (इंवेट्री)		409.26		
	(ख) विविध देनदार				

			735.72
	(ग) नकद		1,969.93
	(घ) (क)+ (ख) + (ग) का योग		3,114.91
	(vii) कुल नियोजित पूंजी (i)+(ii)-(iii)-(iv)-(v)+(vi)(घ)]		65,778.90
(6)	**नियोजित पूंजी पर अतिलाभ क्रम सं. 5 (vii) का 16%**		10,525.00
(7)	**वार्षिक राजस्व मांग (एआरआर) 31 मार्च, 2014 [(4)+ (6)]**		32,088.36
(8)	**वर्ष 2014-15 के लिए शतप्रतिशत की दर से लागू थोक मूल्य सूचकांक का एआरआर में सूचकांकन अर्थात**	**6%**	**34,014.00**
(9)	**वर्ष 2015-16 के लिए शतप्रतिशत की दर से लागू थोक मूल्य सूचकांकन अर्थात**	**3.82%**	**35,313.00**
(10)	**वार्षिक राजस्व व मांग (एआरआर) सूचकांकित सीमा**		**35,313.00**
(11)	**ऊपर क्रम संख्या 10 पर आकलित सूचकांकित एआरआर की सीमा में प्रस्तावित सूचकांकित एसओआर पर राजस्व आकलन**	**प्रपत्र 3 और नोट 5 के अनुसार**	**35,091.99**

अनुलग्नक-II

न्यू मेंगलूर पत्तन न्यास

दरमान

अध्याय – I

परिभाषाएं और सामान्य निबंधन एवं शर्तें

1.1 परिभाषाएं -

इस दरमान में, जब तक कि संदर्भ अन्यथा अपेक्षा नहीं करता है, निम्नलिखित परिभाषाएं लागू होगी:-

(i) ''तटीय पोत'' का अर्थ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध तटीय लाइसेंस वाला भारत में किसी एक पत्तन अथवा स्थान से भारत में किसी अन्य पत्तन अथवा स्थान के बीच व्यापार में विशेष रूप से लगाया गया पोत होगा।

(ii) ''विदेशगामी पोत'' का अर्थ तटीय पोत के अतिरिक्त कोई पोत होगा।

1.2 सामान्य निबंधन और शर्तें

(i) सीमाशुल्क अथवा जहाजरानी महानिदेशक द्वारा निर्धारित पोत की हैसियत पोत संबंधित प्रभारों की वसूली के प्रयोजन के लिए ''तटीय'' अथवा ''विदेशगामी '' रूप में इसके वर्गीकरण के लिए निर्णायक कारक होगा; और, कार्गो की प्रकृति अथवा इसका मूल इस प्रयोजन के लिए कोई प्रासंगिक नहीं होगा।

(ii) पोत संबंधी प्रभारों (वीआरसी) की उगाही के लिए पोत के वर्गीकरण की प्रणाली :

(क) ऐसे पोत जो सीमा शुल्क परिवर्तन आदेश के आधार पर भारतीय पत्तन के अपने प्रथम पत्तन पर तटीय गमन के लिए परिवर्तित हो सकते हैं, उन्हें तब तक किसी अन्य सीमा शुल्क परिवर्तन आदेश की आवश्यकता नहीं है जब तक वे भारतीय तट पर गमन करते हैं।

(ख) विदेशी ध्वज का विदेशगामी पोत नौवहन महानिदेशक से विशिष्ट अवधि लाइसेंस और सीमा शुल्क परिवर्तन आदेश के आधार पर तटीय गमन के परिवर्तित हो सकते हैं।

(iii) रियायती तटीय दर और विदेशी दर पर पोत संबंधी प्रभारों (वीआरसी) की उगाही के लिए मानदंड :

(क) ऐसे परिवर्तन के मामलों में, लदाई पत्तन द्वारा तटीय दरें पोत के तटीय सामानों की लदाई शुरू किए जाने के समय से प्रभार्य होंगी।

(ख) ऐसे परिवर्तन के मामलों में, तटीय दरें केवल पोत द्वारा तटीय कार्गो उतराई प्रचालनों को पूरा किए जाने तक प्रभार्य होंगी, उसके तत्काल पश्चात विदेशगामी दरें उतराई पत्तनों द्वारा प्रभार्य होंगी।

(ग) नौवहन महनिदेशक से तटीय लाइसेंस धारक विनियुक्त भरतीय तटीय पोतो के लिये तटीय दरों की पात्रता के लिए कोई अन्य दस्तावेज़ अपेक्षित नहीं होंगे।

(iv) रियायती तटीय दर पर पोत संबंधी प्रभारों (सीआरसी) की उगाही के लिये मानद्न्ड

(क) विश्वभर और तटीय "परिचालन के लिये भारतीय सामान्य व्यापारिक लाइसेंस धारक विदेशगामी भारतीय पोत को प्रहस्तन प्रभरों (एच सी) के संदर्भ मेँ लागू तटीय दरेँ प्रभारित होँगी अर्थात निम्नलिखित परिदृश्य मेँ घाट्शुल्क सहित जलयान से तट तक स्थानातँरण और क्वे से/को भण्डार यार्ड से/को अँतरण।

(i) तटीय गमन के लिए परिवर्तित और किसी भारतीय पत्तन से किसी अन्य भारतीय पत्तन को तटीय सामान ढोना।

(ii) तटीय गमन के लिए परिवर्तित नही परँतु किसी भारतीय पत्तन से किसी अन्य भारतीय पत्तन को तटीय सामान ढोना। "केँद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोऋड का 25 फरवरी 2002 का परिपत्र सँख्या 15/2002-सीयूएस भारतीय ध्वज के विदेशगामी पोत को बिना किसी सीमा शुल्क परिवर्तन आदेश के किसी भारतीय पत्तन से किसी अन्य भारतीय पत्तन को तटीय सामान ढोने की अनुमति देता है।

(ख) विदेशी ध्वज का पोत नौवहन महानिदेशक से विशिष्ट अवधि लाइसेंस और सीमा शुल्क परिवर्तन आदेश के आधार पर तटीय गमन के लिये परिवर्तन के मामले मेँ ऐसे पोत द्वारा किसी भारतीय पत्तन से किसी अन्य भारतीय पत्तन को तटीय सामान/ कन्टेनर ढोने पर तटीय सामान/ कन्टेनर के लिये लागू तटीय दरें उगाही जायेंगी।

(v) (क) पोत संबंधित प्रभार पोत स्वामियों/स्टीमर एजेंटों से वसूल किए जाएंगे। जहां कहीं दरें अमेरिकी डॉलर मूल्यवर्गित की गई हैं वहां भारतीय रिजर्व बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अथवा इसके सहयोगी बैंक अथवा किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, जैसा समय किया जाएमय पर विनिर्दिष्टस-, द्वारा अधिसूचित बाजार खरीद दर पर भारतीय रुपयों के समकक्ष अमेरिकी मुद्रा को बदलने के बाद भारतीय रुपयों में वसूल किया जाएगा। पत्तन सीमाओं में पोत के प्रवेश की तारीख ऐसे परिवर्तन के दिन से गिनती की जाएगी।

(ख) अमेरिकी डॉलर रूप में मूल्यवर्गित कंटेनर संबंधित प्रभार भारतीय रुपयों के समकक्ष वसूल किए जाएंगे। इस प्रयोजन के लिए, आयात कंटेनरों के मामले में पोत के प्रवेश की तारीख को और निर्यात कंटेनरों के मामले में पत्तन परिसर में कंटेनरों के आगमन की तारीख को प्रचलित बाजार खरीद दर डॉलर मूल्यवर्गित प्रभारों को भारतीय रुपयों में बदलने के लिए लागू की जाएगी।

(vi) विनिमय दर की नियमित समीक्षा तीस दिनों से अधिक के लिए पत्तन में विराम करने वाले पोतों के मामले में पोत के आगमन की तारीख से तीस दिनों में एक बार की जाएगी। ऐसे मामलों में, बिलिंग का आधार समीक्षा के समय प्रचलित उपयुक्त विनिमय दर के संदर्भ में भावी प्रभाव से वसूल किया जाएगा।

(vii) (क) तटीय पोत के पोत संबंधित प्रभारो के लिये विनिमय दर मे उतारचडाव भारतीय रुपये बनाम अम्ररीकी डालर के हिसाब से - किया जायेगा जिससेतटीय पोतों के लिए पोत संबंधित प्रभार अन्य विदेशगामी पोतों के तदनुरुपी प्रभारों के 60 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिएं। इसके अतिरिक्त ये प्रभार लागू विनिमय दर पर भारतीय रुपये मे सँग्रह किये जायेंगे।

(ख) जहाँ तक कंटेनर संबंधित प्रभारो का प्रश्न है, जो विदेशी कंटेनरों के लिये अमरीकी डालर मे मूल्यवर्गित होतेँ है, अन्य विदेशी कंटेनरों के तदनुरुपी प्रभारों के 60 प्रतिशत से रुपये मे सँग्रह किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त ये प्रभार लागू विनिमय दर पर भारतीय रुपये मे सँग्रह किये जायेंगे।

(ग) सभी तटीय कार्गोकंटेनरों/, ताप कोयला से इतर, कच्चे तेल सहित पीओएल, लौह अयस्क तथा लौह गुट्टिकाओं के लिए कार्गोक/कंटेनर संबंधित प्रभार सामान्य कार्गो/ कटेनर संबंधित प्रभारों के 60 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

(घ) विदेशी ध्वज का पोत नौवहन महानिदेशक से विशिष्ट अवधि लाइसेंस और सीमा शुल्क परिवर्तन आदेश के आधार पर तटीय गमन के लिये परिवर्तन के मामले मेँ ऐसे पोत द्वारा किसी भारतीय पत्तन से किसी अन्य भारतीय पत्तन को तटीय सामान / कन्टेनर ढोने परतटीय सामान कन्टेनर के लिये लागू /तटीय दरें उगाही जायेंगी।

(viii) विलंबित भुगतानों/वापिसयों पर ब्याज:

(क) उपयोक्ता दरमान के अधीन किसी प्रभार के विलंबित भुगतानों पर 15 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज अदा करेगा।

(ख) इसी प्रकार, पत्तन न्यास विलंबित वापसियों पर 15 प्रतिशत की दर से दंडात्मक ब्याज अदा करेगा।

(ग) वापसियों में विलंब सेवाओं के पूरा होने की तारीख के बीस दिन बाद से अथवा उपयोक्ताओं से अपेक्षित सभी दस्तावेज़ों के प्रस्तुत करने पर, जो भी बाद में हो, परिगणित किया जाएगा।

(घ) उपयोक्ता द्वारा भुगतानों में विलंब एनएमपीटी द्वारा बिलों को दिए जाने की तारीख के 10 दिन बाद से परिगणित किया जाएगा। तथापि, यह प्रावधान उन मामलों पर लागू नहीं होगा जहां भुगतान महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 में यथा विनिर्दिष्ट सेवाएं/पत्तन परिसंपत्तियों के उपयोग किए जाने से पहले किया जाता है और/अथवा जहां प्रभारों का भुगतान दरमान में शर्त रूप में निर्धारित होता है।

(ix) वापसी तब तक नहीं जाएगी जब तक कि वापसी-योग्य राशि रु0 100/- अथवा कम हो। इसी प्रकार, एनएमपीटी कोई अनुपूरक अथवा प्रभार बिलों नहीं देगा यदि पत्तन को देय राशि रु0 100/- अथवा कम हो।

(x). सभी परिगणित प्रभार प्रत्येक श्रेणी में अगले उच्चतर रुपयों में पूर्णांकित किए जाएंगे।

(xi) (क) दरमान में निर्धारित दरें अधिकतम स्तर हैं; इसी प्रकार, रियायतें और छूट निम्नतम स्तर हैं। एनएमपीटी, यदि ऐसा चाहे तो, निम्नतर दरें वसूल कर सकता है और/अथवा उच्चतर रियायतें और छूट प्रदान कर सकता है।

(ख) पत्तन, यदि ऐसा चाहे तो, दरमानों में निर्धारित दरों को लागू करने पर शासित होने वाली निर्धारित शर्तों को युक्तिसंगत बना सकता है यदि ऐसे युक्तिकरण से उपयोक्ताओं को प्रति इकाई दर में राहत मिलती है और दरमानों में निर्धारित इकाई दरें अधिकतम दरों से अधिक नहीं होंगी।

(ग) पत्तनों को ऐसी दरों को लागू करने पर शासित शर्तों के युक्तिकरण और/अथवा ऐसी निम्नतर दरों के बारे में जनता को सूचित करना होगा और/अथवा ऐसी दरों को लागू करने पर शासित शर्तें नई निर्धारित दरें उपलब्ध करवाती है तो वे टीएएमपी द्वारा अधिसूचित दरों से अधिक नहीं होनी चाहिएं।

(xii) एनएमपीटी पर आरोप्य उपयुक्त से अधिक विलंबों के लिए उपयोक्ताओं को प्रभार अदा करने की आवश्यकता नहीं होगी।

(xiii) (क) दरमान प्राधिकरण की द्वारा की जाने वाली वार्षिक घोषणा डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत स्वत: वार्षिक सूचकांक के अधीन हैं। आगामी वार्षिक सूचकांकन 1 अप्रैल, 2017 को होगा बशर्ते एनएमपीटी दरमानों के साथ अधिसूचित निष्पादन मानकों को प्राप्त कर ले। यदि दरमानों में निर्धारित निष्पादन मानक प्राप्त नहीं किए जाते, तो उसे वर्ष विशेष में कोई सूकांक नहीं होगा।

(ख) पत्तन द्वारा इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित निष्पादन मानकों की तुलना में पत्तन द्वारा 1 जनवरी से 31 दिसम्बर की अवधि में प्राप्त किए वार्षिक निष्पादन मानकों की घोषणा पत्तन द्वारा प्राप्त स्तर पर संबंधित प्रयोक्ताओं के साथ-साथ इस प्राधिकरण को कलेंडर वर्ष की समाप्ति सेएक महीने के भीतर करनी होगी। यदि इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित निष्पादन मानक पत्तन द्वारा प्राप्त कर लिए जाते हैं, तो पत्तन स्वत: ही इस प्राधिकरण द्वारा घोषित डब्ल्यूपीआई के 100 प्रतिशत पर दरमानों को सूचकांकित करेगा और संगत वर्ष के 1 अप्रैल से दरमानों का सूचक लागू करेगा। एनएमपीटी द्वारा सूचकांकित एसओआर की सूचना पत्तन द्वारा संबंधित प्रयोक्ताओं और इस प्राधिकरण को की जाएगी।

(xiv) नौवहन मंत्रालय द्वारा 04 सितम्बर, 2014 के पंत्र संख्या पीटी-11033/51/2014-पीटी द्वारा जारी महापत्तनों पर तटीय पोतो की प्राथमिकता बर्थिंग संबंधी दिशा-निर्देश:

(क) ''तटीय पोत'' वह पोत होता है जिसके पास नौवहन महानिदेशक/सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध तटीय लाइसेंस हो और जो भारत में किसी एक पत्तन अथवा स्थान से भारत में किसी दूसरे पत्तन अथवा स्थान के बीच अनन्य रूप से व्यापार करने के लिए नियुक्त किया गया हो।

(ख) महापत्तन, कम से कम एक बर्थ पर, शुष्क बल्क/सामान्य कार्गो तटीय पोत को प्राथमिकता बर्थिंग देंगे ताकि पोतवणिक भारत में एक पत्तन से भारत में दूसरे अन्य पत्तन के बीच सामान की ढुलाई कर सकें कार्गो के मूल और अंतिम गंतक स्थान चाहे कोई भी क्यों न हो। यह तटीय महापत्तनों में पहले से विद्यमान तटीय थर्मल कोयले के प्रहस्तन के लिए, यदि कोई हो, समर्पित बर्थ के अतिरिक्त होगा।

(ग) सभी महापत्तन, रियायत करारों को ध्यान में रखते हुए तटीय कंटेनर पोतों को विशिष्ट विंडों और प्राइवेट टर्मिनलों के विंडों बर्थिंग विद्यमान आबंटन तथा पत्तनों द्वारा परिचालित कंटेनर बर्थों की उपलब्धता के अनुसार प्राथमिकता बर्थिंग देंगे।

(घ) टीओएल/तरल कार्गो टैंकरों के संबंध में, विभिन्न पत्तनों में यथा प्रचलित ऐसी प्राथमिकताओं के बारे में वर्तमान प्रक्रिया जारी रहेगी।

(ड.) तटीय पोत, जिन्हें प्राथिमकता बर्थिंग दी जानी है, प्राथमिकता बर्थिंग प्रभार नहीं देंग।

(च) तटीय पोत के यदि वह पत्तन की सामान्य बर्थिंग के अंतर्गत पात्र है यथोपरि प्राथमिकता के आधार पर बर्थ कैसे होने के अतिरिक्त, तटीय पोत की बर्थिंग पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

(छ) तटीय पोत इस के होते हुए भी कि वह प्राथमिकता पर बर्थ अथवा अन्यथा बर्थ था। तटीय दरों पर पत्तन प्रभारों का भुगतान करने के पात्र होंगे।

(ज) पत्तनों को तटीय कार्गो को आगे की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने की दृष्टि पत्तनों के सीमाशुल्क क्षेत्रों के बाहर तटीय कार्गो के लिए अनन्य बर्थ, भंडारण क्षेत्रों और दरों के निर्धारण की संभावनाओं को तलाशना चाहिए।

(झ) महापत्तनों को किसी पत्तन विशेष में एक समय सीमा का निर्धारण करना होगा जिसके भीतर तटीय पोत को बर्थ ग्रहण करना होगा। यह समय-सीमा कार्गो और बर्थ के आधार पर भिन्न हो सकती है। प्रत्येक महापत्तन को विस्तृत अभ्यास करना चाहिए और यह स्पष्ट करते हुए एक व्यापार सूचना जारी करनी होगी कि तटीय पोत को अधिक से अधिक इतने समय में पत्तन बर्थ दी जाएगी। जहां तक तटीय कंटेनर पोतों को विशिष्ट विंडों के माध्यम से प्राथमिकता बर्थिंग का संबंध है, महापत्तनों को पीपीपी आपरेटरों से विस्तृत चर्चा करनी चाहिए और तटीय कंटेनर पोतों के लिए विशिष्ट विंडों मुद्रित करनी चाहिए। उपर्युक्त अभ्यास और प्रकाशन इन दिशा-निर्देशों के जारी होने की तारीख से 30 दिनों के भीतर हो जाना चाहिए।

(ञ) पत्तन में एमआईएस को तटीय और विदेशी पोत कार्गो का डाटा अलग से रखना चाहिए। इस प्रकार रखा डाटा की निगरानी रखी जानी चाहिए, पत्तन के भीतर सूचित किए जाने के साथ-साथ आईपीए और मंत्रालय को भी तटीय और विदेशी पोतों के लिए अलग फॉर्मेट में सूचित किया जाना चाहिए।

(xv) पत्तनों से भीड़-भाड़ घटाने और निर्यातकों/आयातकों को नियमिति घंटों से इतर पत्तन से सेवाओं को उपयोग करने को बढ़ावा देने के लिए, कार्गो और पोत संबंधी सेवाओं के लिए निम्न प्रभार उगाहे जाने चाहिए और साथ ही साथ नियमित घंटों के पश्चात सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष छूट भी दी जानी चाहिए।

[यह शर्त एमओएस के 3 फरवरी, 2016 के पत्र संख्या पी.डी./14033/101/2015-पीडी.V के अनुपालन में अंतर्विष्ट की गई है जिसके आधार पर इस प्राधिकरण द्वारा 16 फरवरी, 2016 का सामान्य अंगीकरण आदेश अनुमोदित किया गया है।]

अध्याय II
पोत संबंधित प्रभार

2.1 पत्तन देयताएं:

प्रभारयोग्य पोत (15 टन और अधिक के समुद्रगामी पोत)	दर प्रति जीआरटी		समान पोत के मामले में भुगतान की बारंबारता	
	विदेशगामी पोत (अमेरिकी डॉलर में)	विदेशगामी पोत (अमेरिकी डॉलर में)	विदेशगामी पोत (अमेरिकी डॉलर में)	तटीय पोत (रु. में)
जलयान/स्टीमर	0.332	विदेशी मुद्रा विनिमय दर के उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखते हुए तटीय पोत के लिए परिकल्पित की गई दर 60 प्रतिशत तक होगी। (विदेशगामी पोत की दर के आस-पास रखते हुए)	प्रत्येक प्रवेश	प्रत्येक प्रवेश
टग, लॉंच, बार्ज, आदि जो उपर्युक्त में शामिल नहीं हैं	0.053		प्रत्येक प्रवेश	प्रत्येक प्रवेश
सिंगल पाइंट मूरिंग (एसपीएम)	0.332		प्रत्येक प्रवेश	प्रत्येक प्रवेश

टिप्पणियां:

1. ''जलयान'' अर्थात पूरी तरह से हवा की शक्ति से चलने वाला पोत और ''स्टीमर'' अर्थात जलयान से इतर कोई अन्य पोत। अनुषंगी इंजनों वाले नौचालन पोतों के मामले में, प्रभार जलयानों पर लागू दर पर वसूल किए जाएंगे।
2. पत्तन में ब्लास्ट में प्रवेश करने वाला और यात्रियों को ढोने वाले पोत से पत्तन देयताओं का केवल 75 प्रतिशत वसूल किया जाएगा जोकि अन्यथा प्रभार्य होगा।
3. पत्तन में प्रवेश करने वाला परन्तु किसी कार्गो अथवा यात्री को नहीं उतारने अथवा लेने वाला पोत (ऐसे उतराई और पुनर्भरण के सिवाय जो मरम्मतों के प्रयोजन के लिए जरूरी हो) पत्तन देयताओं का केवल 50 प्रतिशत वसूल किया जाएगा जो अन्यथा प्रभार्य होगा।
4. कोई पोत जो पत्तन पर केवल बंकर के लिए या लंगर डालने के लिए आता है उसे पत्तन देय का 25% ही प्रभारित किया जाएगा जो उससे अन्यथा प्रभारित होता।
5. खाली और/अथवा लदे हुए फलीटिंग लैश बार्जों को लेने के लिए दूसरी बार आने वाला लैश पोत पत्तन में प्रवेश करने वाला परन्तु उसमें किसी कार्गो अथवा यात्रियों को नहीं लेने वाले पोत के रूप में माना जाएगा, जैसाकि महापत्तन न्यास अधिनियम की धारा 50ख में निर्धारित किया गया है और किन्हीं पत्तन देयताओं को वसूल नहीं किया जाएगा।
6. निम्नलिखित मामले में कोई पत्तन देयताएं वसूल नहीं की जाएंगी:
   (i) कोई मनोरंजन नाव; अथवा,
   (ii) कोई पोत जो मौसम के दबाव की वजह से अथवा किसी नुकसान के परिणामस्वरूप पत्तन में दोबारा प्रवेश के लिए विवश होता है।
7. विकेंद्रित ब्लास्ट के साथ तेल टैंकरों के लिए, कम किया गया सकल टनभार जो इसके अंतर्राष्ट्रीय टनभार प्रमाणपत्र के अभ्युक्तियां कॉलम में दर्शाया गया है, को पत्तन देयताओं की वसूली के प्रयोजन के लिए इसके सकल टनभार में लिया जाएगा।

8. तट रक्षक/नौसेना और अन्य सरकारी पोतों से पत्तन देय की उगाही उसी प्रकार करनी चाहिए जैसे अन्य जहाजों स्टीमरों पर लागू दर की जाती है।

2.2 पाइलटेज:

पोतों का वर्गीकरण	दर प्रति जीआरटी	
	विदेशगामी पोत (अमेरिकी डॉलर में)	तटीय पोत (रु0 में)
(i) आवक और जावक दोनों पाइलटेज के लिए		विदेशी मुद्रा विनिमय दर के उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखते हुए तटीय पोत के लिए परिकल्पित की गई दर 60 प्रतिशत तक होगी। (विदेशगामी पोत की दर के आस-पास रखते हुए)
(क) 30,000 जीआरटी तक	0.426 न्यूनतम 1.278 अमेरिकी डॉलर के अधीन	
(ख) 30,001 से 60,000 जीआरटी	अमेरिकी डॉलर 12,780 + अमेरिकी डॉलर 0.340 प्रति जीआरटी 30,000 से अधिक जीआरटी	
(ग) 60,001 जीआरटी और अधिक	अमेरिकी डॉलर 22,980 + अमेरिकी डॉलर 0.298 प्रति जीआरटी 60,000 से अधिक जीआरटी	
(घ) एसपीएम	अमेरिकी डॉलर 0.2515	
	दर प्रति पोत	
(ii) (क) ऊपर विनिर्दिष्ट नहीं किए गए बार्ज, टग, लांच आदि और नौचालन पोत (अनुषंगी इंजनों के साथ और / बिना) 199 जीआरटी तक के फिशिंग पोत	प्रति पोत 94.88 अमेरिकी डॉलर	विदेशी मुद्रा विनिमय दर के उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखते हुए तटीय पोत के लिए परिकल्पित की गई दर 60 प्रतिशत तक होगी। (विदेशगामी पोत की दर के आस-पास रखते हुए)
(ख) 200 जीआरटी और अधिक	प्रति पोत 142.31 अमेरिकी	

टिप्पणियां:

1. (क) पाइलटेज-सह-टोवेज शुल्क समेकित शुल्क होगा और पर्याप्त क्षमता की टगों/लांचों की अपेक्षित संख्या के साथ टोवेज और जाने-आने के लिए पाइलटेज हेतु पत्तन के पाइलट की सेवाओं के साथ एक अंतर्मुखी और एक बर्हिमुखी संचलन और मूरिंग बोटों की आपूर्ति शामिल होंगे।

(ख) तट रक्षक/नौसेना और अन्य सरकारी पोतों से पत्तन देय की उगाही उसी प्रकार करनी चाहिए जैसे अन्य जहाजों स्टीमरों पर लागू दर की जाती है।

2. पत्तन की सुविधा के लिए पोत के स्थानांतरण हेतु स्थानांतरण के लिए कोई प्रभार वसूल नहीं किए जाएंगे।

(i) ''पत्तन सुविधा'' निम्नलिखित आशय से परिभाषित की गई है:-

(क) यदि मूरिंग में कोई कार्य कार्गो पोत अथवा बर्थ में निष्कर्षण कार्य/हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षणकार्य के लिए स्थानांतरित/अबर्थ किया जाता है अथवा निष्कर्ष के लिए बर्थ आबंटित करने हेतु अथवा बर्थों की मरम्मतें करने के लिए, अनुरक्षण और ऐसी अन्य समान कार्य जहां स्थानांतरण/पाइलटेज की जरूरत हो, ऐसे स्थानांतरण/पाइलटेज ''पत्तन सुविधा के लिए स्थानांतरण'' माना जाएगा। ऐसे स्थानांतरित पोत को हटाने के लिए स्थानांतरण/पाइलटेज भी ''पत्तन सुविधा के लिए स्थानांतरण'' माना जाएगा।

(ख) पाइलटेज-सह-नौकर्षण प्रभार की उगाही तट रक्षक/नौसेना और अन्य सरकारी पोतों से उसी प्रकार करनी चाहिए जैसे अन्य पोतों पर लागू दर से की जाती है।

(ग) पत्तन की सुविधा के लिए प्रतीक्षारत पोतों को स्थान देने के लिए, जिन्हें किसी अन्य बर्थ पर बर्थ नहीं दी जा सकती पोतों की बर्थ संख्या 8 (पुराना नं0 14) से किसी अन्य बर्थ को परिवर्तित करने पर कोई परिवर्तन प्रभार नहीं उगाहे जाएंगे।

3. (i) पोतों के अनुरोध पर स्थानांतरण नीचे यथा- निर्धारित पृथक स्थानांतरण प्रभार आकर्षित करेगा:-

स्थानांतरण प्रभार:

पोतों का वर्गीकरण	दर प्रति जीआरटी	
	विदेशगामी पोत (अमेरिकी डॉलर में)	तटीय पोत (रु0 में)
(i) (क) 30,000 जीआरटी तक	अमेरिकी डॉलर 0.106 न्यूनतम 318 अमेरिकी डॉलर के अधीन	विदेशी मुद्रा विनिमय दर के उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखते हुए तटीय पोत के लिए

	0.085 प्रति जीआरटी 30,000 से अधिक जीआरटी	(विदेशगामी पोत की दर के आस-पास रखते हुए)
(ग) 60,001 से अधिक जीआरटी	अमेरिकी डॉलर 5,730 + अमेरिकी डॉलर 0.074 प्रति जीआरटी 60,000 से अधिक जीआरटी	
	पोत प्रति दर	
(ii) (क) ऊपर विनिर्दिष्ट नहीं किए गए बार्ज, टग, लांच आदि और नौचालन पोत (अनुषंगी इंजनों के साथ और / बिना) 199 जीआरटी तक के फिशिंग पोत	अमेरिकी डॉलर 23.73 प्रति पोत	विदेशी मुद्रा विनिमय दर के उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखते हुए तटीय पोत के लिए परिकल्पित की गई दर 60 प्रतिशत तक होगी। (विदेशगामी पोत की दर के आस-पास रखते हुए)
(ख) 200 और अधिक जीआरटी	अमेरिकी डॉलर 35.58 प्रति पोत	

(ii) जब टगों का स्थानांतरण के लिए प्रयोग नहीं किया जाता है, स्थानांतरण प्रभारों पर 50 प्रतिशत रियायत दी जाएगी।

4. ऊपर निर्धारित स्थानांतरण प्रभार गोदी बेसिन के भीतर पोतों के संचलन और गोदी बेसिन के बाहर लंगरगाह से/को संचलन पाइलटेज शुल्क के दूसरे सैट के लिए पात्र होगा।

5. यदि पोत की हैसियत पत्तन में इसके विराम के दौरान बदल जाती है, विदेशी से तटी अथवा विलोमतः तो समेकित पाइलटेज को दो समान हाल्वों (अर्थात एक अंतर्मुखी के लिए और अन्य बर्हिमुखी पाइलटेज के लिए) में विभाजित किया जाना चाहिए जो प्रासंगिक संचलन किए जाने के समय प्रचलित पोत की हैसियत के अनुसार वसूल किया जाना चाहिए।

6. जहां पोत का संचलन समाप्त किया जाता है अथवा टग की खराबी, लंबाई की अपर्याप्तता, सही फैंडरों की कमी, आदि जैसे कारणों की वजह से बदला जाना था जिसके लिए पत्तन की गलती नहीं है, तब तक असफल परिचालन के लिए वसूली नहीं की जाएगी जब तक वह बर्थ अभिग्रहीत करता है।

7. पोत के मास्टर द्वारा नाम से यथा प्रमाणित कोल्ड मूव पर पोत पाइलट करने के लिए नामतः किसी परिचालन में अंशतः या पूर्णतः पोत के इंजन की पावर के बिना, ऊपर निर्धारित पाइलटेज प्रभारों की अनुसूची के अनुसार देय दरों पर 20 प्रतिशत अधिभार वसूल किया जाएगा।

8. हॉट मूवमेंट्स की कार्यवाही के दौरान, यदि पोत पांच मिनटों से अनाधिक अवधि के लिए अपनी पूरी पावर देने में विफल रहता है तो इसे कोल्ड मूव नहीं माना जाएगा।

